आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 17°C | 7°C |

इनसाइड न्यूज

निर्माणाधीन गंगापुल का उपमुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण 7 गुणवत्ता से...


उत्तर प्रदेश पेज: 03


लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



गुरुवार 08 जनवरी, 2026 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 88 www.janexpresslive.com/epaper


निकाय चुनाव: कांग्रेस-ओवैसी से भाजपा के... 12

# कुत्तों के चलते लोग कब तक परेशानी झेलेंगे: सुप्रीम कोर्ट

## स्कूल और कोर्ट कैंपस में कुत्तों की क्या जरूरत, वे बच्चों-बड़ों को काट रहे, लोग मर रहे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को आवारा कुत्तों से जुड़े मामले पर सुनवाई हुई। बहस में कुत्तों के मूड, कुत्तों की काउंसलिंग, कम्युनिटी डॉग्स और इंस्टीट्यूशन लाइज्ड डॉग्स जैसे शब्द सामने आए। कोर्ट ने कहा कि मामला सिर्फ कुत्ते के काटने का नहीं है। वो जब सड़क पर दौड़ते हैं या किसी का पीछा करते हैं उससे एक्सीडेंट का खतरा रहता है। इसलिए रोकथाम इलाज से बेहतर है। इसको लेकर बहस में आवारा कुत्तों के फेवर में पैरवी कर रहे कपिल सिब्बल ने कहा कि लोग सेंटर पर फोन कर सकते हैं ताकि उन्हें पकड़कर नसबंदी की जा सके। फिर कोर्ट ने कहा, अब तो बस एक ही चीज बाकी है, कुत्तों को भी काउंसलिंग देना। ताकि वापस छोड़े जाने पर वह काटे नहीं। कोर्ट ने आगे सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि कुत्तों के कारण आम लोगों को आखिर कब तक परेशानी झेलनी पड़ेगी। अदालत ने स्पष्ट किया कि उसका आदेश सड़कों के लिए नहीं, बल्कि केवल संस्थागत क्षेत्रों के लिए है। पीठ ने सवाल उठाया कि स्कूलों, अस्पतालों और अदालत परिसरों के भीतर आवारा कुत्तों की क्या आवश्यकता है और उन्हें वहां से हटाने पर क्या आपत्ति हो सकती है। इस बीच सिब्बल ने कहा, जब भी मैं मंदिरों वगैरह में गया हूं, मुझे कभी किसी ने नहीं काटा। सुप्रीम कोर्ट ने जवाब दिया- 'आप खुशकिस्मत हैं। लोगों को काटा जा रहा है, बच्चों को काटा जा रहा है। लोग मर रहे हैं।' बुधवार को मामले की सुनवाई ढाई घंटे तक चली। अगली सुनवाई 8 जनवरी को सुबह 10.30 बजे से फिर शुरू होगी।



### 'देश में कुत्तों की आबादी 5 करोड़ से ज्यादा'

सीनियर एडवोकेट केके वेणुगोपाल ने कहा कि इस यूनिवर्सिटी में एक एनिमल लॉ सेंटर है। इसमें एनिमल प्रोटेक्शन में मास्टर्स कोर्स और पीजी डिप्लोमा भी है। एनिमल प्रोटेक्शन के संबंध में इसका हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के साथ स्र्थ है। हमारी जांच में ऐसे आंकड़े सामने आए हैं जो पहले कोर्ट के सामने नहीं रखे गए थे।

### अदालत परिसरों, स्कूलों में कुत्तों की क्या जरूरत है

- **जस्टिस मेहता:** जहां तक संस्थानों की बात है, वे सड़कें नहीं हैं। अदालत परिसरों, स्कूलों में कुत्तों की क्या जरूरत है? हम किस बारे में बात कर रहे हैं?
- **सिब्बल:** अगर आप नियमों का पालन किए बिना इन सभी कुत्तों को शेल्टर होम्स में छोड़ देंगे तो...
- **जस्टिस मेहता:** नियमों के अनुसार उन्हें उसी क्षेत्र में वापस छोड़ना होगा। फिर संस्थाएं कुत्तों से मुक्त कैसे रहेंगी, क्या उन्हें सड़कों पर छोड़ देना चाहिए।
- **सिब्बल:** इस तरह से कुत्तों की आबादी खत्म नहीं की जा सकती। एक कुत्ता जाता है तो दूसरा उसकी जगह आ जाता है। अगर वैज्ञानिक मॉडल का पालन किया जाए तो एक दशक में ये खत्म हो जाएंगे। इनकी उम्र सिर्फ 10 साल होती है। पहले भी यह तरीका कारगर साबित हो चुका है। जिन इलाकों में आवारा कुत्तों को हटाया या मारा जाता है, वहां इंसान और कुत्ते के बीच संघर्ष बढ़ जाता है। हमारे बच्चों और लोगों की सुरक्षा जरूरी है, लेकिन समाधान ऐसा नहीं होना चाहिए जिससे खतरा बढ़े।

### शिक्षण संस्थानों में आवारा कुत्तों पर डेटा

- भारत में कुत्तों की आबादी 5 करोड़ 25 लाख है, जरूरी शेल्टर की संख्या (प्रति सुविधा 200 कुत्ते) 77347 है।
- प्रति कुत्ते के लिए जरूरी फंक्शनल शेल्टर 40 वर्ग फुट है।
- एक कुत्ते को खिलाने का रोजाना का खर्च 40 रुपये है।
- 1.54 करोड़ कुत्तों को खिलाने का खर्च 61 करोड़ 81 लाख रुपए होगा।
- एक रिपोर्ट से पता चलता है कि 194,412 स्कूलों में बिजली का कनेक्शन काम नहीं कर रहा है।
- खराब शौचालय की सुविधा, पीने के पानी की कमी, जब ऐसी खराब सुविधाएं हैं, यह मुमकिन नहीं है कि स्कूल बाड़ लगाने के लिए फंड दे पाएंगे।

### आज फिर होगी सुनवाई

मामले की सुनवाई आज सुबह 10:30 बजे से दोबारा होगी, क्योंकि बहस अधूरी है। सीनियर एडवोकेट सीयू सिंह ने दलील देते हुए कहा कि सवाल यह नहीं है कि डीयू या सुप्रीम कोर्ट कैंपस में कुत्तों की जरूरत है या नहीं। लेकिन कुत्ते एक सच्चाई हैं। सवाल यह है कि वे इंसानों को नुकसान कैसे न पहुंचाएं और इससे निपटने का सबसे अच्छा तरीका क्या है।

### सुप्रीम कोर्ट ने सिब्बल से कहा, ज्यादा उत्साहित मत होइए

**सुप्रीम कोर्ट:** हम आज सबकी बात ध्यान से सुन रहे हैं क्योंकि ऐसी शिकायतें आई हैं कि कई लोगों की बात नहीं सुनी जा रही है।
**सिब्बल:** एक प्रक्रिया है जिसके तहत रेबीज के मुद्दे से निपटा जाना चाहिए। एडब्लूबी ने एक एसओपी जारी की है जो एबीसी नियमों के खिलाफ है। राज्य उस एसओपी का पालन कर रहे हैं। उस एसओपी में कई निर्देश अवैज्ञानिक हैं।
**सिब्बल:** लोग कुत्तों को उसी जगह खाना खिलाते हैं जहां वे होते हैं। वे शेल्टर होम नहीं जाएंगे। कुत्तों को हटाने से काम नहीं चलेगा।
**सुप्रीम कोर्ट:** कई एनजीओ शेल्टर में जाकर खाना खिला सकते हैं।

### याचिकाकर्ता ने कहा, ऐसा नहीं है कि हम कुत्तों के खिलाफ हैं

80 साल के पीड़ित के वकील ने ऐसा नहीं है कि हम कुत्तों के खिलाफ हैं। हमें कुत्तों के खतरे और पब्लिक सेफ्टी को देखना होगा। 6.2 करोड़ कुत्तों की आबादी के साथ हालात काबू से बाहर हो रहे हैं। मैं एबीसी नियमों में बदलाव करने की अपील कर रहा हूं। वे जानवरों के प्रति क्रूरता की रोकथाम एक्ट के खिलाफ हैं। 7 नवंबर के ऑर्डर को और बढ़ाने की जरूरत है। उन गेटेड कम्युनिटीज के लिए जहां आवारा कुत्ते हैं। रेबीज की दवाइयों के लिए 2-8 डिग्री तापमान होना चाहिए। क्या ये सभी एनजीओ इसकी गारंटी लेंगे?

### एनिमल राइट एक्टिविस्ट ने कहा, कुत्तों की जनगणना के बाद ही उपाय हो पाएंगे

एनिमल राइट एक्टिविस्ट वंदना जैन ने कहा- दो समस्याएं हैं। पहली है कुत्तों की आबादी। जब तक हमें यह नहीं पता चलेगा कि कितने कुत्ते हैं, तब तक हमें यह नहीं पता चलेगा कि हमें कितने नसबंदी केंद्रों की जरूरत है, कितने डॉक्टरों चाहिए होंगे, कितने शेल्टर की बनाने होंगे। जब तक हमें कुत्तों की संख्या नहीं पता होगी, हम कुत्तों की आबादी को कंट्रोल नहीं कर सकते। कुत्ते हमें क्यों नहीं काटते? हम उनके प्रति दया का भाव रखते हैं। अगर दूसरे नागरिक भी ऐसी ही दया दिखाएं तो यह समस्या हल नहीं हो सकती क्या। लोगों में जागरूकता होनी चाहिए। हमें लोगों को नसबंदी के महत्व के बारे में भी शिक्षित करने की जरूरत है। भारत को बदलने का एकमात्र तरीका लोगों को पशु सेवा में शामिल करना है। वंदना जैन ने कहा अगर हम विदेशी नस्ल के कुत्तों पर एक्स्ट्रा लग्जरी टैक्स लगाते हैं तो हम ज्यादा लोगों को देसी कुत्ते गोद लेने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं।

### एसजी तुषार मेहता ने कहा, कोई भैंस लाए और कहे मैं पशु प्रेमी

एसजी तुषार मेहता ने कहा, जब हम पशु प्रेमी कहते हैं तो जानवरों में सभी जानवर शामिल होते हैं, सिर्फ कुत्ते नहीं। मैं अपने घर में कुत्ता रखना चाहता हूं या नहीं, यह मेरा विवेक होना चाहिए। क्या कुत्ते मेरी गेटेड कम्युनिटी में घूमते रहने चाहिए, यह हमें ही तय करना होगा। जहां 90% निवासियों को लगता है कि यह विनाशकारी होगा और 10% जोर देते हैं कि कुत्ते रहें... कोई भैंस ला सकता है और कह सकता है कि मैं पशु प्रेमी हूं। इससे दूसरे सदस्यों को दिक्कतें हो सकती हैं। गेटेड कम्युनिटी (क्लोज कैंपस) वगैरह वोटिंग से फैसला करें। हम डेमोक्रेटिक सिस्टम में रह रहे हैं।

# यूपी सरकार का बड़ा फैसला असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा रद्द

## एसटीएफ ने पकड़ी धांधली, योगी बोले, खिलवाड़ करने वालों की खैर नहीं

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश में होने वाली समस्त भर्तियों/चयन प्रक्रियाओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण बनाए रखने के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इसी प्रतिबद्धता के अनुरूप नकल माफियाओं के विरुद्ध अभिसूचना संकलन करते हुए एसटीएफ उत्तर प्रदेश को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा विज्ञापन संख्या-51 के अंतर्गत सहायक आचार्य पद हेतु अप्रैल 2025 में आयोजित परीक्षा के संबंध में अनियमितताओं/धांधली एवं अवैध धन वसूली से जुड़ी सूचनाएं प्राप्त हुईं। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश द्वारा मामले की गोपनीय जांच के आदेश दिए गए। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर कार्यवाही करते हुए दिनांक 20-04-2025 को यूपी एसटीएफ को उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा दिनांक 16-04-2025 व 17-04-2025 को आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा का फर्जी प्रश्नपत्र बनाकर अभ्यर्थियों से ठगी करने वाले गैंग के तीन अभियुक्तों- महबूब अली, बैजनाथ पाल एवं विनय पाल- को परीक्षा में धांधली एवं अवैध धन



वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

### आयोग की अध्यक्ष से त्यागपत्र लिया जा चुका है

इस संबंध में यूपी एसटीएफ द्वारा थाना विभूतिखंड, जनपद लखनऊ पर मु.अ.सं. 144/25, धारा 112, 308(5), 318(4) भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.), 2023, अभियोग पंजीकृत कराया गया। जांच की निष्पक्षता एवं गोपनीयता सुनिश्चित रखने के उद्देश्य से तत्कालीन आयोग की अध्यक्ष से त्यागपत्र लिया गया था चूंकि अभियुक्त महबूब अली निवर्तमान आयोग की अध्यक्ष का गोपनीय सहायक था। पूछताछ के दौरान अभियुक्त महबूब अली ने स्वीकार किया कि उसके द्वारा मॉडरेशन प्रक्रिया के दौरान ही विभिन्न विषयों के प्रश्न पत्र निकाल लिए गए थे, जिन्हें उसने कई अभ्यर्थियों को विभिन्न माध्यमों से धन लेकर उपलब्ध कराया। अभियुक्त महबूब अली की स्वीकारोक्ति की एसटीएफ द्वारा गहन विवेचना एवं डेटा एनालिसिस से पुष्टि हुई है।

### जांच में परीक्षा की शुचिता भंग होने की पुष्टि हुई

जांच के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्तों तथा उनसे संबंधित अभ्यर्थियों के मोबाइल नंबरों का डाटा विश्लेषण एवं मुखबिर तंत्र से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर कुछ अन्य व्यक्तियों के नाम एवं मोबाइल नंबर प्रकाश में आए। इस संबंध में आयोग को पत्र लिखकर संदिग्ध अभ्यर्थियों का डाटा मांगा गया। प्राप्त डाटा के मिलान में यह तथ्य सामने आया कि उक्त परीक्षा की शुचिता भंग हुई है। उपरोक्त तथ्यों के आधार पर मुख्यमंत्री योगी द्वारा उक्त परीक्षा को निरस्त किए जाने के आदेश दिये गए हैं। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग को निर्देशित किया है कि उपरोक्त परीक्षा का आयोजन शीघ्रातिशीघ्र, पूर्णतः निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए।

# धनंजय सिंह पर चली थी गोली, फंसेंगे अभय सिंह? सुप्रीम कोर्ट ने लगाई मुहर, सभी पक्षों को नोटिस

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। लखनऊ/वाराणसी/नई दिल्ली**

- 2002 के नदेसर टकसाल ए-47 कांड में इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती, धनंजय की अपील पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

बहुचर्चित 2002 के नदेसर टकसाल ऐके-47 कांड ने एक बार फिर राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ा दी है। इस मामले में धनंजय सिंह पर गोली चलने का आरोप सामने आया था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट के आरोप से अभय सिंह सहित अन्य आरोपियों को बरी कर दिया था। इस फैसले के खिलाफ धनंजय सिंह ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने उनकी अपील स्वीकार करते हुए अभियोजन पक्ष समेत सभी संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर दिया है।

### क्या है पूरा मामला

बताया जाता है कि वर्ष 2002 में नदेसर टकसाल क्षेत्र में फायरिंग की सनसनीखेज घटना हुई थी, जिसमें एके 47 के इस्तेमाल का मामला सामने आया। इसी घटना को लेकर मुकदमा दर्ज हुआ और बाद में गैंगस्टर एक्ट सहित कई धाराओं में कार्रवाई हुई। इस केस में अभय सिंह का नाम भी जुड़ा, जिसे लेकर लंबी कानूनी लड़ाई चली।

### हाईकोर्ट का फैसला

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उपलब्ध साक्ष्यों और तर्कों के आधार पर अभय सिंह और अन्य आरोपियों को गैंगस्टर एक्ट के आरोप से बरी कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषसिद्धि के लिए आवश्यक तत्व पर्याप्त रूप से सिद्ध नहीं हुए।

### अब क्या होगा आगे

धनंजय सिंह ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को सुनवाई योग्य मानते हुए नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। अब सभी पक्ष अपने-अपने तर्क सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष रखेंगे। अगली सुनवाई में यह साफ होगा कि हाईकोर्ट का फैसला बरकरार रहेगा या मामले की दोबारा गहन जांच/सुनवाई का रास्ता खुलेगा। कुल मिलाकर, इस पुराने लेकिन चर्चित मामले ने फिर सियासी तापमान बढ़ा दिया है। अब निगाहें सुप्रीम कोर्ट के अगले आदेश पर टिक गई हैं।

# लोकतांत्रिक इतिहास का स्वर्णिम अध्याय, प्रयागराज बना प्रेरणा का केंद्र: केशव प्रसाद मौर्य

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**

- प्रयागराज की धरती ने दी लोकतांत्रिक परंपराओं को नई ऊंचाई, विधानमंडल की पहली बैठक के 139 वर्ष पूर्ण

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के इतिहास में प्रयागराज का विशेष स्थान रहा है। यहां की समृद्ध सांस्कृतिक और ऐतिहासिक परंपराओं ने राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे सोमवार को प्रयागराज में आयोजित 'गौरव बोध आयोजन' में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी को नमन करते हुए आयोजन की सराहना की तथा इसे युवा पीढ़ी में राष्ट्रगौरव और सांस्कृतिक चेतना जगाने वाला कार्यक्रम बताया।
उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रयागराज केवल ऐतिहासिक शहर नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक व वैचारिक चेतना का प्रमुख केंद्र है। स्वतंत्रता संग्राम, साहित्य, शिक्षा और सनातन परंपरा की महान विरासत यहां से जुड़ी हुई है। उन्होंने बताया कि 8 जनवरी 1887 को इसी राजकीय पब्लिक लाइब्रेरी परिसर में प्रदेश विधानमंडल की पहली बैठक आयोजित हुई थी। इस ऐतिहासिक घटना के 139 वर्ष पूरे होने पर यह आयोजन लोकतांत्रिक यात्रा को नमन करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि इतिहास से प्रेरणा लेना आवश्यक है और यह कार्यक्रम केवल उत्सव नहीं,



बल्कि अपने अतीत के प्रति सम्मान व्यक्त करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश विकास, सुरक्षा और सुशासन के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रयागराज में सड़क, पुल, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन से जुड़े कई कार्य गति पकड़ रहे हैं, जिससे रोजगार के नए अवसर बन रहे हैं। कार्यक्रम में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, चाबी और चेक वितरित किए गए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ जाति-धर्म नहीं, बल्कि पात्रता के आधार पर दिया जा रहा है और डीबीटी के माध्यम से बिचौलियों की भूमिका समाप्त कर दी गई है। 'शहर जैसी सुविधा, गांव का विकास' के विजन पर कार्य जारी है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सांस्कृतिक विरासत को आत्मसात कर आधुनिक तकनीक और नवाचार के साथ आगे बढ़ें तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करें। कार्यक्रम के अंत में उपमुख्यमंत्री ने आयोजकों को बधाई दी और प्रयागराज के सर्वांगीण विकास का आश्वासन दिया। उन्होंने विधानमंडल के इतिहास और संसदीय यात्रा को दर्शाने वाली लघु प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम में सांसद प्रवीण पटेल, पूर्व मंत्री डॉ. नरेन्द्र कुमार सिंह गौर, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## सरकार ने चालू वित्त वर्ष के जीडीपी अनुमानों में किया इजाफा, 7.4 प्रतिशत रह सकती है वृद्धि दर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** सरकार ने चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी के अनुमानों को बढ़ा दिया है। अग्रिम अनुमानों के अनुसार 2025-26 में जीडीपी में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। यह 2024-25 के 6.5 प्रतिशत से अधिक है। सरकार की ओर से बुधवार को जारी आंकड़े देश की आर्थिक गतिविधियों में तेजी का स्पष्ट संकेत देते हैं। अग्रिम अनुमानों के मुताबिक, इस वृद्धि को मुख्य रूप से विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के बेहतर प्रदर्शन से बल मिलेगा।

## अफसरों के तबादले, लखनऊ कमिश्नरेट से अमित हटाए गए, अपर्णा बनीं संयुक्त पुलिस आयुक्त

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

यूपी में 20 आईपीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। शासन ने बुधवार को तबादले किए हैं। लखनऊ कमिश्नरेट से अमित वर्मा हटाए गए, जबकि अपर्णा कुमार संयुक्त पुलिस आयुक्त बनाई गईं। वहीं, केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस आए किरन एस को लखनऊ रेंज का आईजी बनाया गया है। लिस्ट में आईपीएस अफसर रामकुमार का नाम है, जिन्हें अपर पुलिस महानिदेशक लॉजिस्टिक्स बनाया गया है। वहीं, आईपीएस राजकुमार को अपर पुलिस महानिदेशक मानवाधिकार की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईपीएस ज्योति नारायण को अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन बनाया गया है। आईपीएस डॉ. संजीव गुप्ता को अपर पुलिस महानिदेशक, यूपी पुलिस मुख्यालय की जिम्मेदारी दी गई। प्रशांत कुमार को अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन, तरुण गाबा को अपर पुलिस महानिदेशक सुरक्षा, आशुतोष कुमार को अपर पुलिस महानिदेशक यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# अंकिता भंडारी के माता-पिता से जल्द मुलाकात करेंगे धामी, जांच को लेकर करेंगे बात

- विपक्ष को सलाह दी कि अंकिता को राजनीति का हथियार न बनाएं: पुष्कर सिंह धामी
- प्रदेशवासियों से अपील की है कि अंकिता मामले में भ्रम की स्थिति न रखें, ऑडियो की सत्यता सामने आने पर कोई भी दोषी छूट नहीं पाएगा

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्या मामले में सरकार हर जांच कराने के लिए तैयार है। सीएम ने कहा, विपक्ष इस संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति कर प्रदेश में माहौल खराब करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने विपक्ष को सलाह दी कि अंकिता को राजनीति का हथियार न बनाएं। साथ प्रदेशवासियों से अपील की है कि अंकिता मामले में भ्रम की स्थिति न रखें। ऑडियो की सत्यता सामने आने पर कोई भी दोषी छूट नहीं पाएगा। सीएम पुष्कर सिंह धामी जल्द अंकिता के माता-पिता से मिलेंगे। सीएम उनसे बात कर जांच की दिशा किस तरह की रखी जाए और वह सरकार से क्या चाहते हैं, के बारे में उनके विचार जानेंगे। सूत्रों के मुताबिक यह मुलाकात दून में जल्द होगी। इसके लिए प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय कर दिए गए हैं।
सीएम ने कहा कि इस संबंध में अंकिता के माता-पिता से मैं स्वयं बात करूंगा, वह न्याय के लिए जो चाहते हैं, सरकार उनकी भावनाओं के आधार पर आगामी निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि एक ऑडियो से प्रदेश में जिस तरह का माहौल बनाया जा रहा है, उससे सबसे ज्यादा अंकिता का परिवार प्रभावित हुआ है। सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो की सत्यता जानने के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। सबूत होने पर कोई भी दोषी कार्रवाई से बच नहीं पाएगा।

### पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता व पारदर्शिता के साथ कार्य किया: सीएम

अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में पहली बार मुख्यमंत्री धामी ने प्रेसवार्ता में सरकार की मंशा को स्पष्ट किया। कहा कि उत्तराखंड की बेटी अंकिता को न्याय दिलाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। इस दिशा में सरकार ने पूरी गंभीरता, संवेदनशीलता व पारदर्शिता के साथ कार्य किया है। सरकार की सशक्त और प्रभावी पैरवी के कारण ही तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा, इस जघन्य अपराध की निष्पक्ष व गहन जांच के लिए महिला आईपीएस अधिकारी रेणुका देवी की अध्यक्षता में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया था, जिसने मामले के सभी पहलुओं की गहराई से जांच की। एसआईटी की ओर से जांच के दौरान लोगों से साक्ष्य मांगे गए थे। इसके बाद सरकार ने न्यायालय में भी मामले की सशक्त व प्रभावी पैरवी की। एसआईटी की जांच पर निचली अदालत व उच्च न्यायालय, सर्वोच्च न्यायालय ने भी संतोष व्यक्त किया है, जो जांच की निष्पक्षता और मजबूती को दर्शाता है।

### मुझे उम्मीद है जनभावना को ध्यान में रखकर सीबीआई जांच का फैसला लेंगे धामी : सौरभ

पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा, भाजपा सरकार ने हमेशा जनभावना का सम्मान किया है। मुझे उम्मीद है अंकिता भंडारी हत्याकांड मामले में भी जनभावना को ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री धामी सीबीआई जांच का फैसला लेंगे। विधानसभा स्थित सभागार में मीडिया से वार्ता में उन्होंने कहा, अंकिता हम सबकी बेटी और बहन थी, उसके साथ जो हुआ गलत हुआ। न्यायालय से दोषियों को आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है। दोषियों को सजा दिलाने में सरकार ने भी मदद की। अब इस प्रकरण में नए तथ्य आए हैं, सरकार ने हमेशा जनभावना को ध्यान रखा। उम्मीद है कि सीएम धामी जो भी फैसला लेंगे, जनभावना का सम्मान करते हुए लेंगे। हाल ही में पेपर लीक मामले को देखें तो जनता का आंदोलन हुआ, सरकार से सीबीआई जांच की मांग की गई। युवाओं का दर्द व जनता की भावना थी प्रकरण की सीबीआई जांच हो। जिस पर सीएम धामी ने बड़ा दिल दिखाया और जनता की मांग को स्वीकार किया। विभागीय मंत्री ने कहा, भाजपा सरकार मातृशक्ति, युवाओं और बुजुर्गों के आशीर्वाद से बनी है। अगर उत्तराखंड की जनता की भावना है अंकिता प्रकरण की सीबीआई जांच हो तो मुझे लगता है सीएम धामी इसकी सीबीआई जांच कराएंगे।

### अंकिता हत्याकांड की जरूरत पड़ी तो सीबीआई जांच कराई जाएगी : जोशी

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड की जरूरत पड़ी तो सीबीआई से जांच कराई जाएगी। मंत्री सुबोध उनियाल और सांसद नरेश बंसल ने भी यह बात कही है। उन्होंने कहा कि जब एसआईटी जांच हुई थी तो सभी आरोपियों को पकड़ा गया था, उनको सजा भी हुई। अब जब एसआईटी जांच में ऐसा कुछ नहीं मिला कि घटना में कोई और शामिल है तो माहौल को क्यों गर्म किया जा रहा है। यदि कोई सबूत प्रस्तुत करने की बात सामने आई हो तो जरूरत पड़ी तो सीबीआई जांच भी कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि घटना में कोई भी दोषी होगा तो उसको बख्शा नहीं जाएगा। प्रदेश में चल रहे आंदोलन पर कहा कि लोकतंत्र में बोलने की आजादी है। सरकार लगातार जनहित के कार्य कर रही है लेकिन विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है।

# ऐतिहासिक खेल मैदान राइफल क्लब की नीलामी को रोकने के लिए सदर विधायक ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने शहर स्थित ऐतिहासिक राइफल क्लब खेल मैदान की नीलामी पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने मुख्य मंत्री योगी आदित्य को पत्र लिख कर अवगत कराया है कि जनपद के विधान सभा क्षेत्र सदर के अन्तर्गत शहर में अत्याधिक प्राचीनतम राइफल क्लब खेल मैदान स्थित है।जो कि इकलौता खेल मैदान बचा हुआ है तथा इस मैदान में मेजर ध्यानचन्द जी, सुरेश रैना, पियूष चावला, प्रवीण कुमार, आरपी सिंह जैसे अन्तरराष्ट्रीय खिलाड़ी खेल चुके है, लेकिन वर्तमान समय में जनपद विकास प्राधिकरण द्वारा इसकी नीलामी की जा रही है और उक्त नीलामी हेतु विज्ञापन भी प्रकाशित किया गया है और उक्त विज्ञापन में नीलामी की तिथि 21 जनवरी 26 निर्धारित है। लेकिन उक्त खेल मैदान को वर्ष 1902 में तत्कालीन जमीदार द्वारा पुलिस परेड और खेल के उपयोग हेतु लीज पर दी गयी थी तथा पुलिस लाइन का निर्माण कार्य हो जाने के पश्चात उक्त खेल मैदान का उपयोग खिलाड़ियों द्वारा किया जा रहा है। साथ ही साथ यह भी अवगत कराना है कि उक्त मैदान जनपद का प्रमुख ऐतिहासिक खेल मैदान है जिसमें निरन्तर खेल प्रतियोगिता, धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है,जिससे जनपद के नगरवासियों की जन भावनायें जुड़ी हुयी है। यह भी अवगत कराना है कि पूरे नगर में यह एक मात्र खेल एवं अन्य सामाजिक गतिविधियों का



मैदान है, परन्तु उक्त मैदान की नीलामी की सूचना नगर वासियों को प्राप्त होने पर नगर वासियों की भावनाये आहत हुयी है और पूरे नगर में अत्याधिक रोष व्याप्त है। अतः उक्त प्रकरण की गम्भीरता के दृष्टिगत उक्त खेल मैदान की नीलामी प्रक्रिया को रोकते हुये खेल मैदान को खिलाड़ियों के अनुसार विकसित कराने का कष्ट करें। ऐतिहासिक राइफल क्लब मैदान शहर के बीचों-बीच स्थित एकमात्र प्रमुख खेल मैदान है, जहां खेलकर जनपद के अनेक खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद वर्ष 1945 से 1962 तक झांसी से आकर इसी मैदान पर नियमित रूप से खेलते रहे थे, जिससे इसका ऐतिहासिक और खेल महत्व और भी बढ़ जाता है। वर्ष 1902 में तत्कालीन जमींदार द्वारा गाटा संख्या 9546 को 99 वर्षों के पट्टे पर पुलिस परेड ग्राउंड के लिए अस्थायी रूप से दिया गया था। शर्त यह थी कि पुलिस लाइन के निर्माण के बाद इस मैदान को खाली कर दिया जाएगा। आरोप लगाया गया कि वर्ष 1984-85 में जनपद विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने राइफल क्लब खेल मैदान में स्थित टीटी हॉल में अपना कार्यालय खोलकर जिलाधिकारी का अस्थायी किरायदार बन गया।इसके बाद 1992-93 में बीडीए ने कथित रूप से अवैध तरीके से नगर पालिका परिषद से मैदान के कुछ हिस्से को फ्री होल्ड कराकर अपने नाम कर लिया और उस पर व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स बनाने की योजना बनाई। इस पर खिलाड़ियों और स्थानीय नागरिकों द्वारा विरोध दर्ज कराते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई थी। न्यायालय ने 13 जनवरी 2006 को जनपद विकास प्राधिकरण के विरुद्ध स्थगन आदेश जारी किया था। इसी क्रम में तत्कालीन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने वर्ष 2006 में जनपद आगमन के दौरान इसी राइफल क्लब मैदान से घोषणा की थी कि मैदान की यथास्थिति बहाल रहेगी और इसे खेल मैदान के रूप में ही विकसित किया जाएगा।

# जनकल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा फायदा गरीबों और मजबूरों तक पहुंचाना सरकार का खास मकसद

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**




उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय समिति के सभापति किरण पाल कश्यप ने हमीरपुर, महोबा के अधिकारियों के साथ कलक्ट्रेट के अब्दुल कलाम आजाद मीटिंग हाल में समिक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुये जिम्मेदारों को सख्त हिदायत देते हुये कहा कि जनप्रतिनिधियों के पत्रों को गम्भीरता से लेते हुये बताये हुये मामलों में बिना देर किये कार्यवाही करने के साथ ही जवाब देकर उनको वक्त पर सही जानकारी भी दी जाय। सभापति ने कहा कि जनहित में किए गए कार्यो की समीक्षा करने के साथ ही जनतंत्रीय प्रणाली को मजबूत बनाना समिति का खास मकसद है। सभापति ने कहा कि विकास के लिये आये सरकारी पैसे का वक्त पर विकास के कामों में पूरा इस्तेमाल किया जाय, साथ ही दोनों जिलों के पिछड़े और विकास से दूर क्षेत्रों के विकास की तरफ खास फोकस किया जाय। सभापति ने साफ लफ्ज़ों में कहा कि हमारी पहचान हमारे किये गये कामों और व्यवहार से ही होनी चाहिये। हम और आप एक दूसरे के पूरक हैं, जनता की भलाई के बारे में हमें सबसे पहले सोचना चाहिये। सभापति ने जिम्मेदारों को सख्त हिदायत देते हुये कहा कि ड्यूटी में किसी भी तरह की लापरवाही न बरती जाये। सभापति ने दोनों जिलों की गौशालाओं के हालात की अधिकारियों से जानकारी लेते हुये अन्ना पशुओं को सौ प्रतिशत संरक्षण देने की सख्त हिदायत दी,
ताकि किसान और उनकी फसलों की बेहतर हिफाजत हो सके, साथ ही पशुओं को हादसों से भी बचाया जा सके। सभापति ने कहा कि अन्त्योदय राशन कार्ड पात्र व्यक्तियों के ही बनाये जायें, ताकि जनकल्याणकारी योजनाओं का फायदा सरकार की मंशा के मुताबिक गरीब और जरुरत मंद लोगों को मिल सके। साथ ही विकास के कामों की सच्चाई जमीन पर नजर आये। जबकि सरकारी पैसे का गलत इस्तेमाल न होने पाये। इस मौके पर खासतौर से जिलाधिकारी घनश्याम मीणा, जिलाधिकारी गजल भारद्वाज महोबा, पुलिस कप्तान दीक्षा शर्मा, पुलिस कप्तान महोबा प्रबल प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सहित दोनों जिलों के अधिकारी मौजूद रहे।

# कालिंजर में बस स्टैंड के निर्माण का हुआ भूमि पूजन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

नरैनी क्षेत्र की विधायका ओम मणि वर्मा का प्रयास सफर हुआ। कालिंजर में बस स्टैंड के निर्माण की प्रकिया की शुरू हो गई।मौके पर पहुंची विधायक ने विधि विधान से कालिंजर दुर्ग के नीचे अधिग्रहीत की गई भूमि का पूजन विधि विधान से कर निर्माण कार्य को गति प्रदान की।इस दौरान रोडवेज के कर्मियों सहित स्थानीय राजस्व विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी रही।बता दे कि कालिंजर दुर्ग के नीचे 945.55 लाख रूपए की निर्धारित कीमत से तैयार हो रहे रोड वेज बस स्टैंड के निर्माण कार्य की शुरुआत से पहले क्षेत्रीय विधायक ओम मणि वर्मा के द्वारा भूमि पूजन विधि विधान से संपन्न हुआ।



स्थाई बस स्टैंड का निर्माण कार्य के लिए कुल 1.26 हेक्टेयर रकबे की जमीन अधिग्रहीत की गई थी।बस स्टैंड बनने से यूपी और एमपी के लोगो को आवागमन की सुविधा के साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। निर्माण कार्य के लिए नामित सी एंड डी एस यूनिट जनपद के द्वारा करवाया जाएगा।इस मौके पर मौजूद क्षेत्रीय विधायक ओम मणि वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि योगी सरकार कालिंजर दुर्ग सहित विधान सभा क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है।
कालिंजर में स्थाई बस स्टैंड बन जाने के बाद यहां के लोगों के आर्थिक विकास और आवागमन की सुलभ व्यवस्था को बल मिलेगा।इस मौके पर रोडवेज के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मुकेश बाबू गुप्ता, कार्यदाई संस्था स्थानिक अभियंता अमन वर्मा, उपजिलाधिकारी अमित शुक्ला,नायब तहसीलदार यशपाल यादव, ब्लाक प्रमुख मनफूल पटेल, विधायक प्रतिनिधि राकेश दीक्षित, ग्राम प्रधान दयाराम सोनकर, भाजपा पूर्व जिला महामंत्री राकेश मिश्रा,भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य चतुर्वेदी,भाजपा मंडल महामंत्री कुलदीप त्रिपाठी, राघवेंद्र त्रिपाठी, डॉ बुद्धिविलास,वीरेंद्र त्रिवेदी, कोमल कुशवाहा, पंकज सुल्लेरे, शरद तिवारी, नितेश भदौरिया सहित क्षेत्रीय लोगों मौजूद रहे।

# प्रकाश के उजाले में शहर के गली गली में लिखी जा रही विकास की गाथा




**जन एक्सप्रेस । बांदा**

सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी व अध्यक्षा नगर पालिका मालती गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से विधानसभा सदर के अन्तर्गत शहर के कालका माता मंन्दिर में नव निर्मित गेट एवं बुन्देलखण्ड विकास निधि से नगर पालिका के वार्ड नं0 9 खाईपार में नव निर्मित दो सी0सी0रोडों का उद्घाटन किया गया।
इसी तरह सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी व अध्यक्षा नगर पालिका परिषद मालती गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से नगर पालिका परिषद के वार्ड नं0 20 सेढ़ू तलैया में बुन्देलखण्ड विकास निधि से नव निर्मित 03 सी0सी0रोडों का एवं ग्राम पंचायत लडाकापुरवा के ग्योडीबाबा में बुन्देलखण्ड विकास निधि से नव निर्मित 2 सी0सी0रोडों का उद्घाटन किया गया। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी द्वारा बताया गया कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से आमजनमानस को आवागमन में हो रही कठिनाइयों से निजात मिल सकेगी तथा जनपद भी विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर होगा। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता रज्जन, पूर्व जिलाध्यक्ष यू.मो. पुष्कर द्विवेदी, विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, राहुल सिह, इन्द्रजीत राजपूत, राकेश गुप्ता दद्दू, लखन राजपूत,मनीष रैकवार, अजय अवस्थी,अमित प्रजापति, नीरज त्रिपाठी, रामप्रताप राजपूत, आशीष गुप्ता, रामप्रसाद सोनी, अभिनव गुप्ता, यशवन्त खंगार, चन्द्रभूषण सोनी, आलोक प्रजापति सहित भाजपा पदाधिकारी व क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# ठंड से बचाव के लिये जरूरतमंदों को दिये गये कंबल, जबकि पशुओं को खिलाया गया गुड़, अजवाइन

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



राठ में कड़ाके की ठंड के मद्देनजर नगरपालिका स्थित गौशाला पहुँच कर एसडीएम अभिमन्यु कुमार ने इंतिजामों का जायजा लिया।
जायज़े के दौरान एसडीएम के साथ क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सहित नायब तहसीलदार मौजूद रहे। एसडीएम सहित मौजूद अधिकारियों ने गौवंशों को गुड़ और अजवाइन खिलाकर ठंड से बचाव के किये गये इंतिजामों को परखा। साथ ही गौशाला में तैनात कर्मचारियों सहित सड़क किनारे बसे जरूरतमंदों को ठंड से बचाव के लिये कंबल बांटे। एसडीएम ने बताया कि गौशाला में अलाव के साथ ही भूसा, पेयजल सहित पशु चिकित्सा सुविधाओं की मौजूदगी के निर्देश दिये गये हैं। एसडीएम ने जिम्मेदारों से साफ लफ्ज़ों में सख्त हिदायत देते हुये कहा कि ठंड से बचाव के इंतजामों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## अलाव जलवाने की मांग

**चित्रकूट।** मऊ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत खण्डेहा गांव के निवासी समाजसेवी रामबहोरी केशरवानी, पत्रकार राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला नेता, नच्चू करवरिया, लालमन त्रिपाठी, लालचन्द्र सोनी, बृजेन्द्र केशरवानी आदि ने उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में कहा है कि पिछले एक पखवाड़े से भीषण ठंड पड़ रही है। इसके चलते आम जनमानस परेशान है। ग्राम पंचायत खण्डेहा, देवरा, तेंदुआ माफी, करही, जोरवारा, देवीपुर, चित्रवार, मोहिनी, हटवा व ददरी आदि में प्रधानों द्वारा अलाव जलवाने के समुचित इंतजाम नहीं किए जा रहे है। साथ ही गरीबों को कंबल भी नहीं मिले है। ऐसे में इन ग्राम पंचायतों के साथ लालता रोड़ चैराहे में अलाव जलवाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। साथ ही गरीब बस्तियों में कबल वितरण कराया जाना चाहिए। जिससे लोगों को इस भीषण शीतलहर में परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके अलावा इस समय माघ मेले में हजारों श्रद्धालु प्रतिदिन प्रयागराज आवागमन करते है। ऐसे में लालता रोड़ में रैन बसेरे का समुचित संचालन करते हुए अलाव की व्यस्था की जाए और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए रात्रि काल में पुलिस के जवानों को भी तैनात किया जाए।

## निराश्रित, गरीबों, असहायों की सेवा ही सबसे बड़ी पूजा है: अग्रहरि

**चित्रकूट।** पहाड़ी कस्बा निवासी युवा समाजसेवी शिवमंगल अग्रहरि ने भीषण ठंड के दृष्टिगत असहाय गरीबों को कंबल वितरित किए। उनके इस कार्य की स्थानीय लोगों ने सराहना की। समाजसेवी शिवमंगल अग्रहरि ने बताया कि इंसानियत से बढ़कर जिंदगी में कुछ भी नहीं है। निराश्रित असहाय गरीबों की सेवा एवं मदद करना ही मानव जीवन का लक्ष्य होना चाहिए क्योंकि गरीबों की सेवा ही भगवान की सेवा होती है। इसी सोच के तहत वह गरीबों को ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरित कर रहे है।

# फसल बीमा योजना का किसानों के बीच करें व्यापक प्रचार-प्रसार: मनोहर

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

कानून-व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक बुधवार को जनपद के प्रभारी मनोहर लाल (मन्नू कोरी) की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें मंत्री ने जनपद में चल रहे विकास कार्यों सहित कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी मंत्री ने विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि विद्युत आपूर्ति शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की जनशिकायत प्राप्त न हो। फसल बीमा योजना के संबंध में



अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण कराने तथा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए। विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण (जी.आर.ए.एम.जी) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। बताया कि इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को पूर्व निर्धारित 100 दिवस के स्थान पर अब 125 दिवस के मजदूरी रोजगार की कानूनी गारंटी प्रदान की गई गई है, जिसमें जल संरक्षण, ग्रामीण आधारभूत संरचना तथा आजीविका संवर्द्धन प्राथमिकता क्षेत्र सम्मिलित हैं। मजदूरी भुगतान में विलंब की स्थिति में ब्याज सहित भुगतान तथा महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के प्रावधान लागू किए जा रहे हैं। दिव्यांगजन कल्याण योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि कोई भी पात्र दिव्यांगजन पेंशन, उपकरण एवं अन्य सुविधाओं से वंचित न रहे। दिव्यांगजन पेंशन योजना के लिए शिविर लगाकर पंजीकरण कर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के सम्बन्ध में कहा कि चिन्हित ग्राम पंचायतों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि लगभग 70 प्रतिशत चिन्हित ग्राम पंचायतों में जल आपूर्ति की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है।

# मकर संक्रांति व भरतकूप मेले को लेकर व्यापक प्रशासनिक तैयारियां, मजिस्ट्रेटों की तैनाती

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि हिन्दू पंचांग के अनुसार आगामी 14-15 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व मनाया जाएगा। इस दौरान धार्मिक व पारंपरिक स्थलों पर मेलों का आयोजन भी होगा। जिसमें रामघाट व भरतकूप मंदिर में विशेष रूप से आयोजित मेले में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। जिलाधिकारी ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व व मेले को शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जिसके तहत धर्मनगरी के रामघाट, मत्यगयेन्द्रनाथ शिव मंदिर, वशिष्ठ आश्रम से भरत मिलाप मंदिर, लक्ष्मण पहाड़ी, जलेबी वाली गली, शनिदेव शिला, पयश्वनी नदी, बरगढ़, मानिकपुर, राजापुर, मऊ सहित जनपद के प्रमुख स्नान-घाटों, मंदिरों और मेला स्थलों पर जोनल, सेक्टर व रिजर्व मजिस्ट्रेटों की शिफ्टवार ड्यूटि लगाई गई है। बताया कि भरतकूप मंदिर मेला क्षेत्र के लिए 14 से 16 जनवरी तक अलग से मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है।
मेले के दौरान सभी उप जिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में भ्रमणशील रहेंगे और कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाएंगे। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा संवेदनशील स्थलों, होल्डिंग एरिया और मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। नगर निकायों व पंचायती राज विभाग को सफाई व्यवस्था, जल संस्थान जल निगम को शुद्ध पेयजल आपूर्ति तथा विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली व प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सिंचाई विभाग द्वारा भी नदियों में डूबने से बचाव के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे। मुख्य चिकित्साधिकारी को सभी प्रमुख स्थलों पर चिकित्सकीय दल, एंबुलेंस तथा जिला अस्पताल सहित सीएचसी/पीएचसी 24 घंटे सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग को खाद्य पदार्थों की जांच तथा जबकि स्थानीय अभिसूचना इकाई को सोशल मीडिया व अराजकतत्वों पर सतर्क निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। बताया कि इसके लिए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को प्रभारी बनाया गया है, जो संबंधित क्षेत्रीय प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों से समन्वय कर आवश्यक कार्यवाही व व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायेगें।

# मऊ में उप जिलाधिकारी ने अभियान चलाकर हटवाया अतिक्रमण



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

नगर पंचायत क्षेत्र मऊ के शिवपुर गांव में बुधवार को उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जेसीबी मशीन की सहायता से रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर आवागमन को सुचारू बनाया गया।
गांव के कई स्थानों पर अतिक्रमण के कारण रास्ते अत्यधिक संकरे हो गए थे, जिससे ग्रामीणों और वाहनों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। जिसकी जानकारी मिलने पर उप जिलाधिकारी की मौजूदगी में पूरे मार्ग से अतिक्रमण हटवाया गया। उप जिलाधिकारी ने कहा कि क्षेत्र में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा। शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को निर्बाध आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान नगर पंचायत की टीम भी मौके पर मौजूद रही। कार्रवाई से पहले अतिक्रमणकारियों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए, लेकिन अनुपालन न होने पर जेसीबी से अतिक्रमण हटाया गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। ग्रामीणों का कहना है कि अतिक्रमण हटवाने से गांव की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हुआ है।

## ग्रामोदय विवि के अधिकारियों की बैठक सम्पन्न

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों की मासिक बैठक कुलगुरु आलोक चौबे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें कुलगुरु ने अकादमिक कैलेंडर का पालन करते हुए आवश्यकता होने पर विद्यार्थियों की अतिरिक्त कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही वाई-फाई की सशक्त और रेगुलर व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा लाइब्रेरी खुलने का समय बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में कुलगुरु प्रो० आलोक चौबे ने रुसा मद से प्राप्त अनुदान राशि के उपभोग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि संकाय वार आवश्यक पुस्तकों की सूची मंगवा कर प्राथमिकता के आधार पर पुस्तकों के क्रय की प्रक्रिया की जाय। साथ ही प्रथम चरण में केंद्रीय पुस्तकालय का समय बढ़ा कर प्रात: 09:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक करने को कहा। बताया कि सीएम हेल्प लाइन में प्राप्त शिकायतों एवं उसके सतत निराकरणों की प्रगति में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय 100 प्रतिशत वेटेज स्कोर के साथ ए ग्रेड पर है। बैठक का संचालन कुलसचिव आर सी त्रिपाठी ने किया।

# गांव के सच्चे समाजसेवी ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

कड़कड़ाती ठंड से बेहाल बुजुर्ग महिलाओं और पुरुषों को समाजसेवी द्वारा कम्बल वितरित किए गए। कम्बल पाने के बाद वृद्ध महिला पुरुषों की खुशी की झलक चेहरे पर अलग ही दिखाई दे रही थी। पनगरा गांव में बीते कई वर्षों से लगातार असहाय गरीब बुजुर्ग लोगों को समाजसेवी हरिओम शुक्ला के द्वारा कम्बल वितरित किए जाते रहे। इसी क्रम में गांव के बड़े तालाब के पास मौजूद हनुमान मंदिर प्रांगण में एक-एक व्यक्ति को कम्बल प्रदान किए गए। इस दौरान पांच सैकड़ा से अधिक असहाय गरीब बुजुर्ग लोगों को कम्बल मिले। समाजसेवी हरिओम शुक्ला ने जानकारी के क्रम में बताया कि गांव में विभिन्न मोहल्लों में वह प्रत्येक घर पहुंचकर कम्बल देने का कार्य करते चले आ रहे है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए एक साथ पांच सौ से अधिक लोगो को इस बार फिर से कंबलों का वितरण किया गया। कम्बल हाथ में पाते ही लगातार ठंड से बेहाल बुजुर्ग के चेहरे से खुशी की झलक अलग ही दिखाई दे रही थी।



# आयोजित हुआ संवेदना और सम्मान का संगम 'संजीवनी रत्न सम्मान'

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

सम्मान व्यक्ति का नहीं, उसके श्रेष्ठ कार्यों का होता है।इसी भावना के साथ उन गुमनाम प्रतिभाओं को सम्मानित करने का यह प्रयास किया गया, जो समाज की भलाई के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य करते हैं, प्रचार से दूर रहते हैं और कर्म में ही रमे रहते हैं। ऐसे कोहिनूरों को तराशकर समाज के सामने लाने कार्य संजीवनी भारत ट्रस्ट कर रहा है समाजसेवी पत्रकार स्व. सतीदीन की पुण्य स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री शिवशंकर पटेल, जल योद्धा पद्मश्री उमाशंकर पांडेय, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, समाजसेवी जयराम सिंह बछेउरा. बुंदेलखंड यूथ फेडरेशन के अध्यक्ष प्रवीण सिंह, सपा नेत्री नीलम गुप्ता डॉ सबीहा रहमानी ट्रस्ट के अध्यक्ष अमित गुप्ता सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों ने मंच की शोभा बढ़ाई।कार्यक्रम के दौरान राजकीय महिला कॉलेज जीजीआईसी आदि की 120 छात्राओं को स्वेटर वितरित किए गए। साथ ही कवि सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।बुंदेलखंड की प्रसिद्ध दीवारी नृत्य प्रस्तुति लल्लू आरख के नेतृत्व में नन्ही बेटियों द्वारा की गई, जो अत्यंत आकर्षक रही। नृत्य कला ग्रह की प्रस्तुति वह अभिषेक मिश्रा की गायकी ने कार्यक्रम में समा बांध दिया



सम्मानित होने वालों में आवर्तनशील खेती करने वाले किसानों में- माधवपुर के किसान पर्वत सिंह, मनीपुर के किसान आलोक सिंह, तथा कुलकुम्हारी की महिला किसान आशा रैकवार सहित प्रेरणास्रोत पंकज बागवान कला क्षेत्र में विजय बहादुर श्रीवास्तव-पैगंबरपुर की नौटंकी कला जैसी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और उसे संदेशात्मक बनाने के प्रयासों हेतु।नृत्य कला में- श्रद्धा निगम के घराने की छवी गुप्ता सनोवर अनुपमा त्रिपाठी जल संरक्षण एवं वन ग्राम निर्माण में धर्मेंद्र प्रधान और सुरेश की स्वास्थ्य क्षेत्र में- महिला चिकित्सक डॉ अनीता अग्रहरि सहित सुरभि गुप्ता,प्रिया तिवारी,रजनी गुप्ता देहदान के क्षेत्र में सुरेंद्र सिंह एवं शैलेंद्र सिंह बुंदेला। स्व संजय निगम अकेला द्वारा नेत्र दान हेतु उनकी धर्म पत्नी साधना निगम जी को स्वावलंबन कार्य में शोभा, उमा पटेल डायल 112 पुलिस टीम- मोहम्मद अकरम आदित्य सिंह प्रियंका निगम एवं दीवारी नृत्य में बालिकाओं की दीवारी हेतु बड़ोखर खुर्द के लल्लू खंगार को सम्मानित किया गया।

पढ़ें पेज 12 पर...


# निर्माणाधीन गंगापुल का उपमुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण 7 गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं, तय समय में करें कार्य

- लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई, नियमित मॉनिटरिंग और सुरक्षा मानकों के पालन के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज/लखनऊ**



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को जनपद प्रयागराज के लवायन कलां क्षेत्र में गंगा नदी पर निर्माणाधीन पुल परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता और तकनीकी मानकों का विस्तृत अवलोकन किया। उपमुख्यमंत्री ने काम की रफ्तार पर संतोष जताते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि पुल निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर हर हाल में पूरा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता के मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। यदि किसी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई पाई गई तो संबंधित अधिकारियों एवं संस्था के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि गंगा नदी पर बन रहा यह पुल क्षेत्रीय आवागमन को सुगम बनाने के साथ-साथ आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पुल के शुरू होने से व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, किसानों व आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और समय व ईंधन दोनों की बचत होगी। केशव प्रसाद मौर्य ने निर्माण एजेंसी को नियमित मॉनिटरिंग करने, कार्य में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून सहित अन्य संभावित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कार्य-योजना तैयार की जाए ताकि किसी भी कारणवश कार्य में अनावश्यक देरी न हो। उपमुख्यमंत्री ने कार्यस्थल पर सुरक्षा उपकरणों के प्रयोग, बैरिकेडिंग और श्रमिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, अभियंता और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों से टीमवर्क की भावना के साथ कार्य कर परियोजना को समय से पहले पूर्ण करने का आह्वान किया।

# तय समय पर होगी एलटी ग्रेड परीक्षा आठ जनवरी को जारी होंगे प्रवेश पत्र

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 17 व 18 जनवरी को सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक (एलटी ग्रेड) प्रारंभिक परीक्षा-2025 कराने जा रहा है। इसके लिए आठ जनवरी को आयोग की वेबसाइट पर अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए जाएंगे। अभ्यर्थी परीक्षा स्थगित करने की मांग कर रहे थे। उनका तर्क था कि 18 जनवरी को मौनी अमावस्या के स्नान पर्व के कारण आवागमन में दिक्कत होगी, इसलिए पूरे प्रदेश की परीक्षा स्थगित की जाए जबकि आयोग ने इस समस्या के मद्देनजर प्रयागराज में कोई परीक्षा केंद्र नहीं बनाया था। बुधवार को आयोग के अनुसचिव ओंकार नाथ सिंह ने विज्ञप्ति जारी कर स्पष्ट कर दिया कि परीक्षा 17 व 18 जनवरी 2026 को ही होगी। 17 जनवरी को सुबह नौ से 11 बजे के सत्र में सामाजिक विज्ञान और अपराह्न तीन से शाम पांच बजे के सत्र में जीव विज्ञान की परीक्षा होगी। वहीं, 18 जनवरी को सुबह नौ से 11 बजे के सत्र में अंग्रेजी और अपराह्न तीन से शाम पांच बजे के सत्र में शारीरिक शिक्षा विषय की परीक्षा होगी। इन चार विषयों में एलटी ग्रेड शिक्षक के कुल 1826 पद हैं। आयोग के अनुसचिव ओंकार नाथ सिंह के अनुसार 17 जनवरी को प्रथम सत्र में आयोजित सामाजिक विज्ञान विषय में भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र व नागरिक शास्त्र के चार खंड होंगे। प्रत्येक खंड में 60-60 प्रश्न होंगे। अभ्यर्थियों को किन्हीं दो खंडों का चयन कर उत्तर देना होगा। इसके अलावा 30 प्रश्न सामान्य अध्ययन के होंगे। अभ्यर्थी बृहस्पतिवार से अपने ओटीआर नंबर के माध्यम से प्रवेश पत्र एवं अनुदेश डाउनलोड कर सकेंगे। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय से एक घंटा 30 मिनट पहले प्रवेश दिया जाएगा और परीक्षा शुरू होने के निर्धारित समय से 45 मिनट पहले प्रवेश बंद कर दिया जाएगा।

### अंतरीक्षक को देनी होगी आईडी प्रूफ की छायाप्रति

अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में दो फोटो एवं आईडी प्रूफ की मूल एवं छायाप्रति अपने साथ रखनी होगी। कक्ष में अंतरीक्षक को आईडी प्रूफ की एक छाया प्रति अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होगी।

### नकल में पकड़े गए तो आजीवन कारावास

एलटी ग्रेड प्रारंभिक परीक्षा में उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 के प्रावधान लागू रहेंगे। इस अधिनियम के अनुसार परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करना, नकल करना या नकल कराना, प्रश्नपत्र का प्रतिरूपण करना या प्रकट करना या प्रकट करने का षड़यंत्र करना आदि कृत्य अपराध की श्रेणी में आते हैं। ऐसे प्रकरणों में एक करोड़ तक का जुर्माना और आजीवन कारावास तक की सजा, दोनों ही हो सकती है।

# 2.89 करोड़ वोट काटना एसआईआर के नाम पर लोकतंत्र पर हमला: संजय सिंह

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि यूपी में चुनाव आयोग और भाजपा ने मिलकर लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम जानबूझकर मतदाता सूची से काट दिए गए हैं। यह देश के इतिहास का सबसे बड़ा वोट घोटाला है। संजय सिंह ने कहा कि यह चुनाव सुधार नहीं, बल्कि योजनाबद्ध तरीके से गरीब, पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और मजदूर वर्ग को मताधिकार से वंचित करने की साजिश है। उन्होंने कहा कि दिसंबर में राज्य निर्वाचन आयोग ने ग्रामीण क्षेत्रों की मतदाता सूची जारी की थी, जिसमें 12 करोड़ 70 लाख ग्रामीण मतदाता दर्ज थे। किंतु अब प्रधानमंत्री के निर्देश पर चुनाव आयोग द्वारा कराए गए एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के बाद 6 जनवरी को जो नई सूची जारी हुई है। उसमें पूरे यूपी के शहरी और ग्रामीण मिलाकर केवल 12 करोड़ 55 लाख मतदाता बताए जा रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब दिसंबर में सिर्फ ग्रामीण मतदाता 12 करोड़ 70 लाख थे, तो अब शहरी मतदाता मिलाकर संख्या कैसे घट गई? आप सांसद ने कहा कि 25 लाख मतदाताओं को दो जगह नाम होने का बहाना बनाकर, करीब 2 करोड़ से अधिक मतदाताओं को शिफ्टेड या अनट्रेसेबल घोषित कर दिया गया। 45-46 लाख लोगों को मृत दिखा दिया गया। क्या देश के करोड़ों प्रवासी मजदूर लोकतंत्र से बाहर कर दिए जाएंगे? उन्होंने कहा कि यह सीधे-सीधे संविधान द्वारा दिए गए वोट के अधिकार पर हमला है।

# नदी में उतराता मिला युवक-युवती का शव

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ में गोमती नगर रिवर फ्रंट और समता मूलक चौराहे के पास बुधवार एक घंटे के अंदर युवक व युवती के शव नदी में उतराते मिले। फिलहाल दोनों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस हत्या व आत्महत्या के लिए पहलू पर जांच कर रही है। इंस्पेक्टर गोमतीनगर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 11 बजे एसीपी गोमतीनगर दफ्तर के पीछे गोमती रिवर फ्रंट के पास नदी में लोगों ने एक युवक का शव उतराता देखा। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक के शव को नदी में निकलवाया। युवक पूरी तरह सड़ चुका था। पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद शव की पहचान का प्रयास किया पर शिनाख्त नहीं हो सकी। युवक के शरीर पर नीले रंग की पैंट एवं नीली टी शर्ट व बेल्ट मौजूद थी। पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही थी कि दोपहर 12 बजे समता मूलक चौराहे के पास पुल के नीचे नदी में लोगों ने एक युवती का शव पड़ा देखा। सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को मिली तो गोमतीनगर पुलिस की एक टीम वहां पहुंच गई। गोताखोरों की मदद से नदी से युवती के शव को बाहर निकलवाया गया। पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से शव की शिनाख्त का प्रयास किया पर सफलता नहीं मिली। युवती के शरीर पर काले रंग का टाप, नीली जींस, गुलाबी जूतियां, सफेद मोजे और कान में रंग बिरंगी बाली मौजूद थी। गोमतीनगर पुलिस ने छानबीन के बाद दोनों के शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

# सर्दी और विमान के लेट होने के चलते यात्री कम कर रहे हैं हवाई सफर, दिल्ली-मुंबई के टिकट के दाम गिरे

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



त्योहारों पर जहां विमानों का किराया आसमान में पहुंच रहा था। वहीं कोहरे व ठंड में किराया जमीन की ओर आ रहा है। यात्री बेहद जरूरी होने पर ही सफर कर रहे हैं। यही वजह है कि दिल्ली का एयर टिकट 3,532 रुपये व मुंबई का 7,801 रुपये में मिल रहा है। कोहरे के चलते विमानों की लेटलतीफी भी बढ़ रही है। यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में काफी समय लग रहा है। इतना ही नहीं ठंड की वजह से भी यात्री सफर से बच रहे हैं। एयरवॉक ट्रेवेल एजेंसी के आतिफ ने बताया कि विमानों के टिकट बुकिंग में कमी दर्ज हो रही है। काम या मेडिकल इमजरेंसी सरीखे हालातों के सिलसिले में ही यात्री सफर कर रहे हैं। यही वजह है कि डायनेमिक फेयर होने के बावजूद किराए में अप्रत्याशित वृद्धि नहीं हो रही है। दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बंगलुरु आदि जगह जाने वाली उड़ानें सामान्य दिनों के रेट के आसपास ही मिल रही हैं। उनमें अधिक वृद्धि दर्ज नहीं हो रही है। अगले कुछ दिनों की बात की जाए तो लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की सुबह 6:10 बजे की सीधी उड़ान का किराया 3532 रुपये है। वहीं रात पौने ग्यारह बजे की फ्लाइट का टिकट 3732 रुपये है। एयर इंडिया एक्सप्रेस की सुबह साढ़े नौ बजे की उड़ान का किराया 5848 रुपये चल रहा है। दिल्ली के टिकट सामान्य दिनों में पांच हजार रुपये से स्टार्ट होते हैं। लखनऊ से बंगलुरु की एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान 9650 रुपये में, इंडिगो की 11542 रुपये में मिल रही है। लखनऊ से हैदराबाद की डायरेक्ट फ्लाइट 8497 रुपये में उपलब्ध है। आम दिनों में बंगलुरु की उड़ान दस हजार रुपये से अधिक व हैदराबाद की दस से बारह हजार रुपये में मिलती है।

### 6,061 में मुंबई से वापसी का टिकट


ऐसे ही लखनऊ से मुंबई जाने वाली सुबह छह बजे की सीधी उड़ान का किराया 7801 रुपये है। अकासा एयर की सीधी उड़ान का टिकट 10253 रुपये में मिल रहा। एयर इंडिया की सीधी उड़ान 10063 रुपये में बिक रहा है। मुंबई से वापसी के टिकट 6061 रुपये में मिल रहे हैं। मुंबई के टिकट आम दिनों में पांच से आठ हजार रुपये में शुरू होते हैं।

### रेगुलर फुल, प्रीमियम तत्काल में सीटें खाली

लखनऊ से मुंबई जाने वाली रेगुलर ट्रेनों पुष्पक, अवध, कुशीनगर आदि में सीटें फुल हैं। तत्काल कोटे से भी यात्रियों को मायूसी मिल रही है। लेकिन प्रीमियम तत्काल कोटे में सीटें खाली हैं। इन दिनों स्लीपर से लेकर एसी बोगियों तक में 400 से अधिक सीटें रिक्त चल रही हैं। जबकि आम दिनों या त्योहारों पर प्रीमियम तत्काल की सीटें भी फुल रहती हैं।

# केजीएमयू...पुलिस ने रेजीडेंट डॉक्टर के घर नोटिस चस्पा किया, काजी और गवाह के घर मारा छापा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



धर्मांतरण और यौनशोषण के आरोपों में फरार चल रहे केजीएमयू लखनऊ के रेजीडेंट डॉक्टर रमीज मलिक के मामले में लखनऊ पुलिस की जांच का दायरा पीलीभीत तक फैल गया है। बुधवार को लखनऊ पुलिस की एक टीम ने न्यूरिया कस्बे पहुंचकर आरोपी चिकित्सक के पैतृक घर के बाहर कुर्की का नोटिस चस्पा किया। इससे पहले पुलिस ने प्रकरण में जुड़े काजी और निकाह के गवाह के शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला फीलखाना में स्थित घरों पर छापा मारकर अहम जानकारियां जुटाई। केजीएमयू लखनऊ में कार्यरत महिला चिकित्सक की ओर से डॉ. रमीज पर धर्मांतरण कराने और लंबे समय तक यौनशोषण करने के आरोप लगाकर लखनऊ के चौक थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने गहनता से जांच शुरू की तो आरोपी का पीलीभीत से संबंध सामने आया। डॉ. रमीज का जिले के न्यूरिया हुसैनपुर कस्बे में मूल निवास है, हालांकि उसके परिजन लंबे समय से उत्तराखंड के खटीमा में रह रहे हैं।

### लखनऊ पुलिस ने न्यूरिया पहुंचकर जांच की थी

इसके बाद पूर्व में लखनऊ पुलिस ने न्यूरिया पहुंचकर जांच की थी। इस दौरान एक रिश्तेदार को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई थी। इसमें घर को दान में दिए जाने की बात भी सामने आई थी। इसके साथ ही जांच में निकाह करने वाले काजी जाहिद हसन और उसमें गवाह बने युवक शारिक के भी शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला फीलखाना के होने की बात सामने आई थी। इस पर लखनऊ पुलिस की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से काजी और गवाह के घर भी छापा मारकर जानकारी जुटाई थी। जांच के दौरान पुलिस को दोनों लोगों से जुड़ी अहम जानकारियां भी मिलने की बात सामने आई। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी डॉक्टर और महिला के पीलीभीत आए बिना ही कूटरचित तरीके से निकाह के कागजात तैयार कराए गए थे। करीब एक घंटे तक चली कार्रवाई के बाद पुलिस टीम वापस लौट गई। इधर बुधवार को लखनऊ पुलिस की एक टीम उप निरीक्षक विक्रांत सिंह के नेतृत्व में फिर पीलीभीत के न्यूरिया कस्बे पहुंची और स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी के मोहल्ला मो. याद खां स्थित घर पर नोटिस चस्पा की कार्रवाई की। माना जा रहा है कि पुलिस जल्द ही इस प्रकरण में काजी और गवाह की गिरफ्तारी कर सकती है।

# राज्यकर्मियों को 'मानव संपदा पोर्टल' पर 31 जनवरी तक देना होगा संपत्ति का ब्योरा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश सरकार ने मानव संपदा पोर्टल पर राज्य कर्मियों के चल-अचल संपत्ति का ब्योरा ऑनलाइन करना अनिवार्य कर दिया है। प्रदेश में आठ लाख से अधिक राज्य कर्मचारी हैं। आदेश में कहा गया है कि 31 दिसंबर 2025 तक अर्जित सभी चल-अचल संपत्तियों का ब्योरा 31 जनवरी 2026 तक पोर्टल पर ऑनलाइन देना होगा। अगर नहीं दिया तो फरवरी में जनवरी माह का वेतन नहीं मिलेगा। मुख्य सचिव ने कहा है कि सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को 31 दिसंबर 2024 तक अर्जित अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा 31 जनवरी तक मानव संपदा पोर्टल पर अनिवार्य रूप से भरना होगा। एक जनवरी से पोर्टल पर यह सुविधा शुरू हो गई है। सभी विभागाध्यक्ष अपने अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों को इसके अनुसार कार्यवाही करने के लिए कहें। तय सीमा में संपत्ति का विवरण न दिए जाने को प्रतिकूल रूप से लिया जाएगा। एक फरवरी, 2025 के बाद होने वाली विभागीय प्रमोशन समितियों की बैठकों में ऐसे अधिकारी-कर्मचारी के प्रमोशन पर विचार नहीं किया जाएगा।

# अंतरराज्यीय अवैध रेत खनन की होगी सख्त निगरानी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग ने एमपी,उत्तराखंड और बिहार से मांगा सहयोग, होगी संयुक्त छापेमारी

उत्तर प्रदेश सरकार ने अंतरराज्यीय अवैध रेत खनन और बिक्री को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है। यूपी भूतत्व और खनिकर्म विभाग ने प्रदेश के सीमावर्ती राज्यों मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और बिहार से सक्रिय सहयोग की मांग की है। इन राज्यों के खनन विभाग और प्रशासन से मिलकर संयुक्त प्रवर्तन और निगरानी तंत्र तैयार किया जा रहा है। पड़ोसी राज्यों से वैध ट्रांजिट पास के साथ अंतरराज्यीय परिवहन प्रपत्र आईएसटीपी की अनिवार्यता पर जोर दिया जा रहा है। इंटीग्रेटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रभावी निगरानी तंत्र बनाया जा रहा है। भूतत्व और खनिकर्म विभाग का ये कदम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के मुताबिक गंगा बेसिन में रेत के अवैध खनन और बिक्री पर रोक के साथ पर्यावरणीय संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यूपी भूतत्व और खनिकर्म विभाग ने मुख्य सचिव की बैठक में प्रदेश में अंतरराज्यीय अवैध रेत खनन, परिवहन और बिक्री को रोकने के लिए सीमावर्ती पड़ोसी राज्यों के साथ मिलकर संयुक्त निगरानी और प्रवर्तन तंत्र के बारें में विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में विभाग की ओर से मध्य प्रदेश, बिहार और उत्तराखंड के संबंधित विभागों के साथ पत्राचार किया गया है। सबसे ज्यादा जोर अन्य राज्यों से यूपी में आने वाले लोडिंग वाहनों के लिए वैध ट्रांजिट पास के साथ अंतरराज्यीय परिवहन प्रपत्र आईएसटीपी की अनिवार्यता पर है। सीमावर्ती जिलों में ट्रांजिट पास जारी करते समय ही देय अंतरराज्यीय परिवहन शुल्क जमा कराने की बात भी कही गई। पड़ोसी राज्यों से सीमावर्ती जिलों में सभी लोडिंग पॉइंट्स जैसे खनन पट्टे, खनिज भंडारण स्थल और क्रशरों पर वाहन लोडिंग नियमों का कड़ाई से पालन करने और ओवरलोडिंग संबंधी जानकारी साझा की जाएगी। सीमावर्ती राज्यों में स्थापित चेकगेट्स और चेकपोस्ट्स की सूची उपलब्ध कराने और यूपी की ओर निकलने वाले वाहनों का विवरण नियमित रूप से साझा करने की बात कही। कार्य रियल टाइम डेटा के आधार पर सीमावर्ती जिलों के जिलाधिकारी और खनन निदेशालय मिल कर करेंगे जिससे संयुक्त निगरानी और छापेमारी की कार्रवाई आसानी से की जा सकेगी। सीमावर्ती जिलों के जिलाधिकारी, पुलिस, परिवहन और खनन विभाग के अधिकारियों के साथ मासिक समन्वय बैठकें करने की भी बात कही गई है। पड़ोसी राज्यों के सहयोग से यूपी भूतत्व और खनिकर्म विभाग का यह प्रयास न केवल राजस्व में वृद्धि लाएगा बल्कि गंगा बेसिन में रेत के अवैध खनन पर लगाम लगाने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# दिव्यांगजन सशक्तीकरण पर योगी सरकार का विशेष फोकस...स्वैच्छिक संस्थाओं को मिलेगा अनुदान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



लखनऊ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजनों के सर्वांगीण पुनर्वासन को नई गति देने के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। सरकार का लक्ष्य है कि दिव्यांगजन शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य सेवाओं और रोजगार के अवसरों में समान भागीदारी प्राप्त कर सकें और समाज की मुख्यधारा से जुड़ते हुए आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। इसी क्रम में 'दिव्यांगजन के सर्वांगीण पुनर्वासन हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता योजना' लागू की गई है, जिसके तहत पात्र स्वैच्छिक संस्थाओं को अनुदान प्रदान किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में परिभाषित 21 प्रकार की दिव्यांगताओं के लिए सहायता प्रदान की जाएगी, जबकि मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रुग्ण दिव्यांगजन इस योजना के दायरे से बाहर रखे गए हैं। सरकार का उद्देश्य विभिन्न श्रेणियों के दिव्यांग बच्चों और युवाओं को प्रारंभिक हस्तक्षेप, शिक्षा, प्रशिक्षण और कौशल विकास की सुविधाएं उपलब्ध कराकर उनके पुनर्वासन की एक सुदृढ़ व्यवस्था तैयार करना है।

### सरकार सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा दे रही

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने दिव्यांगजनों के पुनर्वासन से जुड़ी योजनाओं को जमीनी स्तर तक प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि योगी सरकार की प्राथमिकता है कि दिव्यांगजन शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और रोजगार के प्रत्येक क्षेत्र में समान अवसर प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि दिव्यांगजनों के सर्वांगीण पुनर्वासन हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता प्रदान करने की योजना के माध्यम से प्रदेश सरकार सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा दे रही है। इस योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में उल्लिखित 21 प्रकार की दिव्यांगताओं से प्रभावित व्यक्तियों के लिए संचालित पुनर्वासन परियोजनाओं को अनुदान दिया जा रहा है, जिससे दिव्यांग बच्चों और युवाओं को प्रारंभिक हस्तक्षेप, शिक्षा, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास की समुचित सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि मानसिक मंदित एवं मानसिक रूप से रुग्ण दिव्यांगजनों को छोड़कर अन्य दिव्यांग वर्गों के लिए यह योजना प्रभावी रूप से लागू की जा रही है। योजना के अंतर्गत अर्ली इंटरवेंशन सेंटरों की स्थापना, डे-केयर सेंटरों एवं प्री-प्राइमरी विद्यालयों का संचालन, प्राथमिक से हाईस्कूल स्तर तक विशेष विद्यालयों का संचालन, दिव्यांगजनों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम, पाठ्य सामग्री निर्माण, ब्रेल एवं सहायक उपकरणों की उपलब्धता तथा दिव्यांगजनों से संबंधित पुस्तकालयों के संचालन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को सहायता अनुदान के माध्यम से प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन प्रयासों का उद्देश्य दिव्यांगजनों की प्रारंभिक अवस्था से ही पहचान कर उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करना है।

### मंत्री कश्यप ने कही ये बात...

मंत्री कश्यप ने बताया कि योगी सरकार की नीति है कि दिव्यांगजनों के पुनर्वासन में केवल सरकारी तंत्र ही नहीं, बल्कि अनुभवी और समर्पित स्वैच्छिक संस्थाओं की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इसी उद्देश्य से पात्र स्वैच्छिक संस्थाओं के लिए पारदर्शी एवं तकनीक आधारित आवेदन प्रक्रिया निर्धारित की गई है। केवल वही संस्थाएं योजना के अंतर्गत पात्र होंगी, जो दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अंतर्गत विधिवत पंजीकृत हों, नीति आयोग के एनजीओ दर्पण पोर्टल पर पंजीकरण के साथ विशिष्ट पहचान संख्या रखती हों तथा दिव्यांगजनों के क्षेत्र में न्यूनतम दो वर्षों का कार्यानुभव रखती हों। उन्होंने यह भी कहा कि योजना के अंतर्गत प्रस्तुत प्रस्तावों का परीक्षण जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया जाएगा, जिसके पश्चात निदेशालय स्तर पर स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि सहायता केवल वास्तविक, सक्रिय एवं प्रभावी संस्थाओं को ही मिले और सरकारी धन का समुचित एवं परिणामोन्मुखी उपयोग हो सके। मंत्री कश्यप ने बताया कि सभी मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने जनपदों में इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं, ताकि अधिक से अधिक स्वैच्छिक संस्थाएं आगे आकर दिव्यांगजनों के पुनर्वासन के इस अभियान में सहभागी बन सकें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' के संकल्प के साथ दिव्यांगजनों को सशक्त, शिक्षित और स्वावलंबी बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है।

# यूपी में पॉलीथिन की जगह लेंगे गाय के गोबर से बने गमले

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में योगी सरकार ने एक बड़ा और दूरगामी कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आत्मनिर्भर गोशाला मॉडल के तहत प्रदेश में पौधरोपण के लिए अब पॉलीथिन की जगह गोबर से बने ऑर्गेनिक गमलों का उपयोग करने की तैयारी है। प्रदेश की करीब 7000 गोशालाओं में बड़े पैमाने पर इन गमलों का उत्पादन किया जाएगा। इससे हर जिले में बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा और गो पालकों के लिए अवसर बढ़ेंगे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं के अनुरूप उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग ने एक विशेष योजना तैयार की है। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि इसके तहत होने वाले वृहद पौधरोपण अभियान में पौधों को पॉलीथिन के स्थान पर गोबर के गमलों में रोपित करने की योजना बनाई जा रही है। आयोग का प्लान है कि इस वर्ष गोबर के लगभग 5 करोड़ गमलों का निर्माण कर इस अभियान को शुरू किया जाए। उन्होंने बताया कि योजना को लेकर वन मंत्री डॉ अरुण सक्सेना से मिलकर विचार-विमर्श किया। तय किया गया है कि नर्सरियों में बड़े पैमाने पर ऑर्गेनिक गमले का प्रयोग शुरू किया जाएगा श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि 5 करोड़ गमलों के निर्माण का यह काम प्रदेश के प्रत्येक जनपद में महिला स्वयं सहायता समूह और युवा उद्यमियों के माध्यम से कराया जाएगा।

# हत्या के बाद गोमती नदी में फेंकी गई लाश, पुलिस ने बरामद किया शव

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद में शुकुल बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत खेमऊ ग्राम सभा के पूरे मल्हान गांव में अज्ञात लोगों ने एक अधेड़ व्यक्ति की हत्या कर उसका शव गोमती नदी में फेंक दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने गोताखोरों की मदद से नदी से शव बरामद कर लिया। मृतक की पहचान रमेश कुमार मल्लाह उम्र करीब 45 वर्ष के रूप में हुई है। वह पेशे से टेंपो चालक था। और इसी से अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।

परिजनों के अनुसार रमेश बीती रात गांव के बगल स्थित एक अन्य गांव में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने गया था।कार्यक्रम के दौरान वह अपने कुछ साथियों के साथ शराब पीने के लिए निकल गया। बताया जा रहा है कि शराब के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद नशे की हालत में अज्ञात लोगों ने रमेश की पीट- पीटकर हत्या कर दी और शव को गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर गोमती नदी में फेंक दिया। सुबह ग्रामीणों को घटनास्थल के पास खून के निशान और एक चप्पल दिखाई दीजिससे अनहोनी की आशंका हुई। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को बुलाकर नदी में जाल डलवाया, जिसके बाद शव बरामद किया गया। घटनास्थल पर मिले खून के निशान, चप्पल और मृतक के शरीर पर चोट के स्पष्ट निशान पाए गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य संकलन कराया गया।

मौके पर क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना शुकुल बाजार थाना पुलिस और भारी पुलिस बल मौजूद रहा। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में भीड़ जुट गई, वहीं मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हत्या के कारणों व आरोपियों की तलाश में जांच शुरू कर दी गई है।

# सड़क हादसे में दो की दर्दनाक मौत: एक गंभीर रूप से घायल, पुलिस की दिखी तत्परता

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



अमेठी कस्बे के बाईपास रोड पर मंगलवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में स्कूटी सवार दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हादसे में एसडीएम कॉलोनी निवासी दिग्विजय सिंह पुत्र त्रिवेणी सिंह और कटरा फूलकुंवर निवासी मोनू यादव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं इसी गांव निवासी शिवनाथ गंभीर रूप से घायल हो गया। जिनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

पुलिस की तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता का एक उदाहरण मंगलवार रात देखने को मिला। सूचना मिलते ही महज पांच मिनट के भीतर अमेठी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर रवि कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने बिना कोई देरी किए घायल व्यक्ति को अपनी सरकारी गाड़ी में बैठाया और तेज़ी से अस्पताल पहुंचाया। जिससे समय रहते उसका इलाज शुरू हो सका। स्थानीय लोगों का कहना है,कि यदि पुलिस इतनी तेजी से मौके पर न पहुंचती, तो घायल की जान बचाना मुश्किल हो सकता था। पुलिस की इस फुर्ती और मानवीय कार्यवाही से मौके पर मौजूद लोग भी प्रभावित दिखे। फिलहाल घायल का इलाज अस्पताल में जारी है। वहीं पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। ताकि हादसे की असली वजह सामने आ सके।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के सातवें दिन वाहन चालकों को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में शासन के निर्देशानुसार यातायात विभाग तथा यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा मांह के अंतर्गत बुधवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बृजेश कुमार तथा यातायात प्रभारी उमेश कुमार के नतृत्व में वाहन चालकों विशेष कर दो पहिया वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

जानकारी के अनुसार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा के नियमों की जागरूकता हेतु राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 1 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक मनाया जा रहा है। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सातवे दिन दिनांक 7 जनवरी को जनपद के फुलवरिया चौराहा पर मोटर साइकिल चालकों को बिना हेलमेट के वाहन न चलाने के साथ ही साथ पीछे बैठी सवारी को भी हेलमेट की अनिवार्य अनिवार्यता के संबंध में जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त वाहन चलाते समय अपनी गति सीमा पर नियंत्रण के साथ यातायात नियमों का पालन करने के अतिरिक्त ड्राइविंग के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित आम जनमानस को राहगीर योजना की जानकारी दी गई, जिसके अंतर्गत किसी घायल की मदद कर अस्पताल पहुंचने पर 25 हजार रूपये की पुरस्कार योजना के संबंध में बताया गया।

साथ ही सोलेशियम स्कीम के अंतर्गत अज्ञात वाहन की टक्कर से मृत्यु की दशा में रू.2 लाख एवं घायल होने की दशा में रू.50 हजार की सहायता की राशि के संबंध में लोगों को जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बृजेश कुमार के साथ यातायात प्रभारी उमेश सिंह, प्रवर्तन अधिकारी अश्वनी कुमार एवं पशुपति नाथ मौजूद थे । कार्यक्रम में यातायात चिन्हों के द्वारा आम जनमानस को जागरूक किया गया।

## राना बेनी माधव सिंह की कुलदेवी दुर्गा माता मंदिर से तीन कुंतल वजनी घंटे चोरी, इलाके में हड़कंप

**जगतपुर, रायबरेली।** 1857 की क्रांति के अमर सेनानायक राना बेनी माधव सिंह की कुलदेवी दुर्गा माता के प्राचीन मंदिर में मंगलवार की रात बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। यह मंदिर राना बेनी माधव सिंह स्मारक इंटर कॉलेज शंकरपुर में स्थित है। सुरक्षा की दृष्टिकोण से यहां सीसी कैमरे भी लगाए गए थे, लेकिन अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर लगभग तीन कुंतल के घंटे ले उड़े ।

अज्ञात चोर मंदिर परिसर में लगे लगभग तीन कुंतल वजन के पीतल के घंटों को काटकर उठा ले गए। सुबह जब पुजारी और श्रद्धालु मंदिर पहुंचे तो घंटों के गायब होने की जानकारी हुई, जिसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है तथा मंदिर के सेवकों व स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में चोरों द्वारा योजनाबद्ध तरीके से वारदात को अंजाम दिए जाने की आशंका जताई जा रही है।

# जिले के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ट पर्यटन लोगो किया जाएगा तैयार

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जिले में में पर्यटन एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रभावी प्रचार-प्रसार को लेकर जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के पर्यटन स्थलों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने हेतु विस्तृत कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में डीएम ने जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के माध्यम से जनपद के प्रमुख पर्यटन स्थलों को समाहित करते हुए वार्षिक पर्यटन कैलेंडर प्रकाशित कराए जाने साथ ही जनपद की सांस्कृतिक एवं पर्यटन पहचान को सशक्त बनाने के उद्देश्य से डॉक्यूमेंट्री फिल्म एवं कॉफी टेबल बुक तैयार कराए जाने के निर्देश दिए। पर्यटन के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु डीएम ने कहा कि जनपद की ऐतिहासिक, पौराणिक, प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विशेषताओं को समेटते हुए जनपद का एक विशिष्ट पर्यटन लोगो तैयार किया जाए। लोगो निर्माण हेतु विद्यालयों में प्रतियोगिता आयोजित कराई जाए, जिससे विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहन मिलने के साथ-साथ जनपद से उनका भावनात्मक जुड़ाव भी सुदृढ़ होगा। पर्यटकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जनपद एवं जनपद मुख्यालय के अंतर्गत स्थित पर्यटन स्थलों को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों पर आधुनिक साइनेज बोर्ड स्थापित किए जाने तथा सभी पर्यटन स्थलों पर उनकी विशेषताओं, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व को दर्शाने वाले सूचना बोर्ड लगाए जाने पर भी निर्णय लिया गया। इसके साथ ही सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए खुला मंच/ऑडिटोरियम निर्माण एवं सांस्कृतिक भूमि के समुचित उपयोग पर चर्चा की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जनपद के महत्वपूर्ण, पौराणिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के विकास हेतु एक समग्र कार्ययोजना तैयार किए जाने के निर्देश दिए।

उ0प्र0 संस्कृति उत्सव-2026 के आयोजन, नोडल अधिकारी नामांकन एवं कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति के संबंध में निर्देश दिए। पर्यटन के प्रचार-प्रसार को और सुदृढ़ करने हेतु ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट (होम-स्टे) नीति के अंतर्गत अधिकाधिक प्रचार, लोक-कला, लोक-संस्कृति एवं पारंपरिक व्यंजनों के संरक्षण व प्रोत्साहन के निर्देश दिए। डीएम युवाओं को पर्यटन से जोड़ने के उद्देश्य से युवा पर्यटन क्लब के माध्यम से शैक्षिक पर्यटन भ्रमण (एजुकेशनल टूर) कराए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व,डीएफओ ,जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहायक पर्यटन अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# स्टूडेंट पुलिस एक्सपेरिमेंटल प्रोग्राम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्पेल SPEL स्टूडेंट पुलिस एक्सपेरिमेंटल लर्निंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 7 जनवरी को राष्ट्रीय सेवा योजना, कोतवाली नगर एवं महिला थाना के संयुक्त तत्वाधान में SPEL स्टूडेंट पुलिस एक्सपेरिमेंटल लर्निंग 3.0 कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्राधिकारी नगर के निर्देशानुसार तथा जनपद के नोडल अधिकारी डॉक्टर रमेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर मनोज कुमार सिंह, उपनिरीक्षक आकांक्षा तिवारी (नोडल अधिकारी) तथा निरीक्षक पूनम यादव (नोडल अधिकारी) महिला थाना के संयोजकत्व में किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के चयनित 30 स्वयंसेवक व स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंगलाचरण, सरस्वती वंदना तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने ष्टष्ठ, त्नष्ठ एवं आरोपत्र के बारे में स्वयंसेवक व स्वयं सेविकाओं को संक्षेप में जानकारी दी। कार्यक्रम में उप निरीक्षक शंभू तिवारी ने अंतिम रिपोर्ट के बारे मे जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आकांक्षा तिवारी (नोडल अधिकारी) ने वीट तथा थाने के बारे में जानकारी दी। कांस्टेबल शादाब अली ने पुलिस की भूमिका, अपराध रोकना और नागरिकों की सुरक्षा एवं अपराधों की जांच करने के बारे में में जानकारी दी। नोडल अधिकारी डॉक्टर रमेश कुमार ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉक्टर जितेन्द्र कुमार (कार्यक्रम अधिकारी) के अलावा स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं में स्नेहा गुप्ता, अलका कश्यप, काजल यादव, आंचल गुप्ता, पिंकी जायसवाल, मोहम्मद तुफैल, अनन्या शुक्ला, विद्यांशु मिश्रा व अनिमेष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## एएसपी ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत दिलाई शपथ

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार जनपद रायबरेली में चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, उससे संबंधित कानूनी प्रावधानों तथा बाल विवाह निषेध कानून की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा की उपस्थित सभी लोगों को समाज में कहीं भी बाल विवाह न होने देने, स्वयं बाल विवाह न करने एवं बाल विवाह की सूचना मिलने पर तत्काल संबंधित विभाग को अवगत कराने की शपथ दिलाई गई। क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार नौहवार द्वारा सभी से अपील की गई कि समाज में व्यापक जागरूकता फैला कर भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में सक्रिय सहयोग प्रदान करने का संकल्प व्यक्त किया गया।

# प्रगतिशील किसानों के दल को विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर के विधानसभा क्षेत्र तुलसीपुर से विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने बुधवार को प्रगतिशील किसानों के एक दल को नवीन तकनीक तथा कम लागत से उत्तम खेती करने की जानकारी हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र कुमारगंज अयोध्या के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जानकारी के अनुसार 7 जनवरी को कृषि विभाग बलरामपुर द्वारा जनपद के प्रगतिशील किसानों के दल को कृषि से संबंधित जानकारी एवं प्रशिक्षण हेतु विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर कृषि विज्ञान केन्द्र कुमार गंज अयोध्या के लिए रवाना किया। विधायक ने भ्रमण दल में शामिल किसानों से आग्रह किया कि वहां जाकर कृषि उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने तथा उत्पादन की क्षमता बढ़ाने की तकनीक का अध्ययन करना चाहिए। इस अवसर पर कृषि विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खबरों से जुड़ेंगे बच्चे: पढ़ेंगे अखबार, दूर होगी मोबाइल से नजदीकी

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों की दिनचर्या में अखबार को शामिल किया जाएगा। समाचार वाचन और खबरों से जुड़ने से विद्यार्थियों में मोबाइल से दूरी बढ़ेगी साथ ही सोचने-समझने व सवाल करने में निपुण बनेंगे। स्कूलों में रोजाना सुबह प्रार्थनासभा में अखबार पढ़ना, ग्रुप डिस्कशन अनिवार्य किया गया है।

सरकारी स्कूलों में बच्चों को अब अखबार पढ़ने की आदत डाली जाएगी। हर दिन सुबह समाचार वाचन होगा। इससे बच्चों में अखबारों से बच्चों को सही जानकारी मिलेगी और उनकी भाषा सुधरेगी। इसका उद्देश्य बच्चों में पढ़ने की आदत डालना, उनके मानसिक विकास को बढ़ावा देना और उनका स्क्रीन टाइम कम करना है। मोबाइल और स्क्रीन में उलझते बच्चों को फिर से पढ़ाई, सोच और समाज से जोड़ना है। अखबार केवल सूचनाएं नहीं पहुंचाते, समझ, संवेदनशीलता और सामाजिकता भी पैदा करते हैं। पढ़ने की आदत धीरे-धीरे विकसित होती है।

ऐसे में अभिभावकों को घर में भी बच्चों को अखबार पढ़ने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। कम उम्र के बच्चों के भी सोशल मीडिया अकाउंट हैं। यह चिंताजनक है। आज के डिजिटल दौर में सूचनाएं हर तरफ से आ रही हैं, लेकिन उसमें कौन-सी सही हैं और सही नहीं है, कई सूचनाएं भ्रामक भी होती हैं, यह समझना चुनौतीपूर्ण है। अखबार आज भी सबसे भरोसेमंद माध्यम हैं। इनको पढ़ने से बच्चों को सटीक और सही जानकारी मिलेगी, विभिन्न घटनाओं को लेकर उनका अपना नजरिया बनेगा और भाषा में सुधार होगा। बीएसए राहुल सिंह का कहना है कि यह सरकार की अच्छी पहल है। शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर योजना का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन प्रार्थना सभा में समाचार पत्रों के समाचारों का वाचन अनिवार्य रूप से कराया जाएगा।इससे बच्चों ज्ञानकोश तो बढ़ेगा, साथ ही भाषा बेहतर होगी और उन्हें शब्दों का सही प्रयोग सीखने का मौका मिलेगा।

## वन स्टाप सेन्टर का किया गया निरीक्षण

**रायबरेली।** अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अनुपम शौर्य द्वारा वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा वन स्टाप सेन्टर, रायबरेली के सम्बन्ध में उपस्थित सेन्टर मैनेजर आस्था ज्योति से जानकारी ली गयी। सेन्टर मैनेजर आस्था ज्योति द्वारा वन स्टाप सेन्टर में महिलाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं से अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराया गया। सचिव द्वारा निर्देशित किया गया कि यदि किसी प्रकार की समस्या के सम्बन्ध में प्रार्थनापत्र प्राप्त हो तो अविलम्ब उसे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रेषित करें। इसके अतिरिक्त नवांगतुक बालिकाओं/महिलाओं को विधिक अधिकार, चिकित्सकीय, मानसिक, दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुओं को नियमानुसार उपलब्ध कराये जाने की सलाह दी गयी।

# प्रदेश सचिव ने सांसद द्वारा भेजे गए कंबलों को गरीबों में बांटे

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



सांसद राहुल गाँधी द्वारा भेजे गए कंबल का वितरण कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं ऊंचाहार विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह के द्वारा दीनशाह गौरा ब्लाक व डलमऊ ब्लाक के चार न्याय पंचायतों के सैकड़ों जरूरतमंदों को किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव अतुल सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति हम सबके सांसद राहुल जी ने आप सबके लिए ठंडी में ज़रूरतमंदों को कंबल भेजा है। सिंह ने कहा की भाजपा सरकार का जनता से कोई लेना देना नहीं है। गांव, गरीब, किसान का विकास सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही कर सकती है, देश का हर तबका राहुल गांधी के साथ है। इस अवसर पर प्रमुख रूप जिला समन्वयक छत्रेश टांक, जिला उपाध्यक्ष संतोष त्रिवेदी, ब्लाक अध्यक्ष अनिरुद्ध दीक्षित, शैलेन्द्र सिंह,दल बहादुर सिंह पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सिंह, गजेन्द्र सिंह, राजेश सिंह, हरिभान पटेल, पूर्व डिप्टी एसपी आर. एन गौतम, अजय सिंह, रमेश पटेल, संतोष कुमार, रमेश निर्मल, पिंकू सिंह, अनुराग गुप्ता, मोहम्मद फारुकी, नैमुद्दीन, राहुल सिंह, विनोद बाजपेई, रवि सिंह, अमर बहादुर यादव, मोहम्मद मोवीन खान, राघवेंद्र सिंह, भोला साहू, केशरी तिवारी, राकेश सरोज, लल्लू राम भारती, सतेन्द्र सिंह, मोहम्मद सईद, प्रदीप अग्निहोत्री, शैलेन्द्र त्यागी, गौरव सिंह, राधेश्याम पाल, हीरालाल मौर्या, राकेश मौर्या सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## ईओ ने की पानी शुद्धता की जांच

**रायबरेली।** इंदौर में जहरीला पानी पीने से लोगों की हुई मौतों की घटना से रायबरेली में भी जल जांच अभियान शुरू किया गया है। नगर पालिका परिषद की ओर से घर-घर पानी जांच कराई जा रही है। छह टीमों का गठन किया गया है और बीते शनिवार से पानी जांच अभियान शुरू किया गया है। इंदौर में खराब पानी पीने से हुई कई मौतों के बाद रायबरेली नगर पालिका अलर्ट मोड में आ गई है। नगर में इंदौर जैसी घटना न हो इसके लिए ईओ स्वर्ण सिंह की ओर से छह टीमों का गठन किया गया है। यह टीमें नगर क्षेत्र में पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए सभी वार्ड के प्रत्येक घरों में जाकर पानी का नमूना लेकर जांच कर रही है। सोमवार खुद ईओ ने अपने नेतृत्व में जैतूपुर के 12 घरों में जाकर पानी का नमूना लिया। जलकल टीम सभी वार्डों से लिए जा रहे पानी के सैंपल की शुद्धता के लिए ओटी टेस्ट कर रही है। ईओ ने बताया कि शहर के सभी वार्डों में पानी का नमूना लेकर जांच कराई जा रही है । नगर के पानी की गुणवत्ता में अभी तक कोई कमी नहीं पाई गई है।

# कल्याणपुर में ओयो कंपनी के कर्मचारियों के खिलाफ पैसे मांगने और मारपीट की शिकायत



### क्या बोले थाना प्रभारी

कल्याणपुर थाना प्रभारी कल्याणपुर राजेंद्रकांत शुक्ला ने बताया होटल संचालक और ओयो कम्पनी के कर्मचारियों के बीच पैसे को लेकर विवाद है दोनों के बीच मारपीट हुई है एक पक्ष ने दो दिन पूर्व आकर थाने में तहरीर दी थी। जिसपर जाँचकर अनुराग तिवारी, सोनू सैनी, कार्तिक के ऊपर मुकदमा दर्ज किया गया था। बुधवार को दूसरे पक्ष के अनुराग तिवारी ने पैसे मांगने मारपीट गाली गलौज की तहरीर दी है। जाँचकर कार्रवाई की जायेगी।

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

कल्याणपुर में ओयो कंपनी के दो कर्मचारियों पर पैसे मांगने गाली गलौज और मारपीट के गंभीर आरोप लगाते हुए होटल के मालिकों ने थाने में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांचकर कार्रवाई की बात कही है। होटल मालिक का आरोप कि अवैध तरीके से पैसे मांगते ना देने पर गाली गलौज और अवैध बिल भेजते थे। पनकी थाना क्षेत्र के रतनपुर निवासी अनुराग तिवारी होटल संचालक है। पनकी रतनपुर में होटल है और ओयो कंपनी से अटैच है। अनुराग तिवारी ने बताया कि ओयो कंपनी के दो कर्मचारी उनके पास अक्सर आते है और कभी होटल में कोई गेस्ट भेजते है इसके पैसे वह ले लेतें और होटल में पैसे लेने से मना करते है कई लोगों से प्रकाश को अपना व्यक्तिगत ग्राहक बताते है और पैसे लेने से मना कर देते थे। आरोप है कि एक दिन दोनों कर्मचारी उनके पास आये और डेढ़ लाख रूपये कि तत्काल जरूरत पड़ने कि बात कहते हुए पैसे ले लिये। काफ़ी समय बीत जाने के बाद जब पैसा नहीं दिया तो वह अपना पैसा मांगने गए तो टहलाते रहे। बीते शुक्रवार को देर शाम को उन्होंने कल्याणपुर आवास विकास स्थित एक होटल के पास बुलाया जैसे ही वह पहुँचे तो वहाँ उनके साथ पहले से मौजूद अन्य व्यक्ति ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। और क्षेत्रीय लोगों के आने पर सभी वहाँ से भाग निकले। जिसके बाद उन्होंने 112 नंबर डायल कर घटना कि जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना कि जाँच पड़ताल शुरू की।

# निरीक्षण के दौरान डीएम ने लापरवाह कर्मचारियों को जारी की नोटिस

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**



जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने ब्लॉक पिसावां के आयुष्मान आरोग्य मंदिर, वजीरनगर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ए0एन0एम0 से उपकरण के बारे में जानकारी ली एवं एच0आर0पी0 रजिस्टर में कमी मिलने पर संबंधित को सुधार के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने पी0एच0सी0 में व्यवस्थाएं दुरुस्त न मिलने पर सी0एच0ओ0 शोभित मिश्रा को सेवासमाप्ति हेतु नोटिस, वार्षिक वेतन वृद्धि एवं अन्य कटौतियां करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आशाएं ज्यादा ज्यादा संस्थागत प्रसव करायें एवं लोगों को संस्थागत प्रसव हेतु जागरूक करें। ड्यू रजिस्टर का अवलोकन किया एवं आंगनबाड़ी रजिस्टर एवं उनके उपकरण को देखा। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिये कि लम्बाई नापने वाली नई मशीन लगायी जाये। गर्भवती महिलाओं के रजिस्टर का अवलोकन करने के साथ अद्यतन रखने के निर्देश दिये। सैम एवं मैम के रजिस्टर के अवलोकन में कमियां मिलने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री ऊषा शुक्ला के नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। रजिस्टर में कमियां मिलने पर ए0एन0एम0 डॉली मिश्रा को प्रतिकूल प्रविष्टि एवं मुख्य सेविका को नोटिस जारी करने के निर्देश प्रदान किये। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष को दी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता रहे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र गुप्ता की 23वीं पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में पड़ाव स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मुख्य रूप से सदर विधायक नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर गुरु भी उपस्थित रहे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि राजेंद्र गुप्ता सीतापुर ही नहीं अभी तो पूरे प्रदेश एवं देश की शान थे। पार्टी उनके योगदान को कभी भुला नहीं सकती पार्टी को जमीन से लेकर सत्ता तक पहुंचाने का श्रेय उनको जाता है। आज हम सब कार्यकर्ता उनको अपनी श्रद्धांजलि समर्पित कर रहे हैं। और उनके बनाए संघर्षशील मार्ग पर चलकर कार्य कर रहे है। और उनके द्वारा भी उनके बनाए कर्तव्य मार्ग को पसंद करके हम सबको आशीर्वाद दे रही है। और पार्टी निरंतर उन्नति कर रही है इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष उमाकांत मिश्रा निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा संजय मिश्रा विश्राम सागर राठौर गोविंद भारती नगर अध्यक्ष राजन गुप्ता, महेश शर्मा अमन विक्रम सिंह रामप्रसाद सिंह सहित पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

### एक दिवसीय कार्यक्रम प्रस्तावित

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि दिनांक-08.01.2026 को जिला ग्रामोद्योग कार्यालय जनपद-सीतापुर द्वारा विकास खण्ड मुख्यालय खैराबाद, तहसील-सीतापुर में विपणन विकास सहायता कार्यक्रम (एस0सी0एस0पी0) के अन्तर्गत बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु एक दिवसीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बेबी अभिषेक गुप्ता, सम्बन्धित ग्राम प्रधान एवं बैंक शाखा प्रबन्धक खैराबाद उपस्थित होकर अपने स्तर से सरकारी योजनाओं की जानकारी लाभार्थियों को प्रदान करेंगे। कार्यालय की ओर से उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पी0एम0ई0जी0पी0) एवं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना (एम0एम0जी0आर0वाई), मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (एम0वाई0यू0वी0ए0) एवं मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना (एम0एम0के0आर0वाई) के बारे में विधिवत जानकारी दी जायेगी, उक्त से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त करने हेतु आप सादर आमंत्रित हैं।

### दो लापरवाह लेखपाल निलम्बित

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। स्थानीय तहसील में अनियमितताओं पर उपजिलाधिकारी राखी वर्मा ने कड़ा रुख अपनाते हुए दो लेखपालों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। फर्जी निवास प्रमाणपत्र जारी करने तथा चकमार्ग से अवैध कब्जा न हटाने के मामलों में यह कार्रवाई की गई। मामले की जांच तहसीलदार मुकेश शर्मा को सौंपी गई है।कसमंडा की तत्कालीन लेखपाल एरम खातून (वर्तमान में हिंडौरा में तैनात) द्वारा राधा पत्नी श्रीकृष्ण का निवास प्रमाणपत्र जारी किया गया था, जिस पर ग्राम प्रधान प्रियंका देवी ने आपत्ति दर्ज कराई थी। वहीं मधवापुर के तत्कालीन लेखपाल शशांक मिश्र (वर्तमान में सीतारसोई में तैनात) द्वारा चकमार्ग से अवैध निर्माण न हटवाने की पुष्टि जांच में हुई। दोनों को रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय से संबद्ध किया गया ।

### बैंक मित्र के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने के आदेश

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर के आदेश पर एसबीआई से संबद्ध एक बैंक मित्र के विरुद्ध कोतवाली सिधौली में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कमलापुर थाना क्षेत्र के मेहन्दौली मजरा सुजौलिया निवासी रोहिताश विक्रम सिंह कस्बा सिधौली में रामलीला मैदान के निकट ग्राहक सेवा केंद्र संचालित करता था। आरोप है कि उसने लगभग सैकड़ों उपभोक्ताओं से धन जमा कर पासबुक में हाथ से प्रविष्टि कर दी, लेकिन राशि बैंक खातों में जमा नहीं की। छह माह पूर्व उसके फरार होने पर केंद्र बंद हो गया। उपभोक्ताओं की शिकायत पर सम्पूर्ण समाधान दिवस में गुड्डी कश्यप निवासी तुलसीनगर की शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने एफआईआर के आदेश दिए। कोतवाली प्रभारी विजयेन्द्र सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### वित्तीय साक्षरता बढ़ाने के लिए डाक चैपाल का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। भारत सरकार की तरफ से डाक विभाग में चलाई जा रही योजनाओं को आम जनमानस तक पहुंचाने के लिए सीतापुर के उच्च अधिकारियों द्वारा बराबर जन चैपाल का आयोजन किया जा रहा है । बताते चले डाक अधीक्षक सीतापुर पुरुषोत्तम नाथ के निर्देशानुसार दक्षिणी उप मण्डलीय निरीक्षक अंबुज वर्मा के द्वारा आज ग्राम कोरोना तथा सदना में जन चैपाल का आयोजन किया गया



इसमें जनता को डाक विभाग में सुकन्या, डाक जीवन बीमा, बचत खाता, एवम डाकधर की सभी अन्य योजनाओं के बारें में विस्तृत जानकारी दी गई इस जन चैपाल में ओवर्सियर अवनीश वर्मा सुमन गुप्ता सदना,बीपीएम जितेंद्र शुक्ला सरौसा, सौरभ यादव ब्रम्हावली तथा अन्य व और भारी संख्या में जन मानस उपस्थित रहे।

# कड़ाके की ठंड में समाजवादियों की मानवीय पहल, मकनपुर कस्बे में जगह-जगह अलाव, राहगीरों को मिली बड़ी राहत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**




बिल्हौर ब्लॉक के मकनपुर कस्बे में भीषण ठंड और शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए समाजवादी पार्टी द्वारा सराहनीय और मानवीय पहल की गई। समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के अध्यक्ष मुकीम खान के नेतृत्व में कस्बे के प्रमुख चौराहों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जगह-जगह अलाव जलवाए गए, जिससे राहगीरों, मजदूरों, रिक्शा चालकों और जरूरतमंद लोगों को ठंड से राहत मिली।लगातार गिरते तापमान के बीच देर रात तक अलाव जलते रहने से स्थानीय नागरिकों ने राहत की सांस ली। ठंड से परेशान आमजन के लिए यह पहल किसी सहारे से कम नहीं रही।इस मौके पर समाजवादी अल्पसंख्यक अध्यक्ष मुकीम खान ने कहा कि ÷ठंड के इस कठिन दौर में गरीब, मजदूर और राहगीरों की मदद करना हमारा सामाजिक और नैतिक दायित्व है। समाजवादी पार्टी हमेशा जनता के सुख-दुख में उनके साथ खड़ी रही है और आगे भी खड़ी रहेगी।÷स्थानीय लोगों ने इस पहल की जमकर सराहना करते हुए कहा कि समाजवादियों द्वारा किया गया यह प्रयास जनता के दिलों को छूने वाला और समाज के प्रति संवेदनशील सोच को दर्शाने वाला कदम है।

# नदिहा चौकी में विदाई व स्वागत समारोह, सम्मान और सौहार्द का दिखा संगम

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**





बिल्हौर थाना के नदिहा चौकी प्रभारी रहे कृष्ण कुमार के स्थानांतरण पर क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उनके योगदान को याद किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इसी क्रम में नदिहा चौकी के नवनियुक्त प्रभारी बिरेश यादव के पदभार ग्रहण करने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य नागरिकों ने उनसे क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आमजन से बेहतर संवाद स्थापित करने की अपेक्षा जताई। समारोह में मुख्य रूप से डॉ. उपदेश सिंह, अभिषेक यादव, नाहर सिंह (पूर्व प्रधान), काकू पाण्डेय (पूर्व प्रधान), मेवालाल यादव, रामलखन वर्मा, उदयराज सिंह सहित अनेक सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम का माहौल सौहार्दपूर्ण रहा, जहाँ प्रशासन और समाज के बीच आपसी सहयोग एवं समरसता बनाए रखने का संकल्प दोहराया गया।

# ग्राम पंचायत सचिव शीलम की पंचायतों में खुल रहे घोटाले, जिम्मेदारों पर उठ रहे सवाल




**जन एक्सप्रेस। सीतापुर**

पहला। विकास खण्ड पहला में तैनात सचिव शीलम की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। उनकी तैनाती वाली ग्राम पंचायतों में लगातार वित्तीय अनियमितताओं और घोटालों के मामले उजागर हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायतों में विकास कार्यों के नाम पर धनराशि का मनमाना उपयोग किया जा रहा है, जबकि कई कार्य अभी तक अधूरे पड़े हैं।सूत्रों के अनुसार, मनरेगा, ग्राम निधि तथा अन्य सरकारी योजनाओं में खर्च की गई धनराशि और जमीनी हकीकत में भारी अंतर पाया गया है। कई ग्राम पंचायतों में बिना कार्य कराए भुगतान, फर्जी हाजिरी और मानकहीन निर्माण जैसी अनियमितताओं की चर्चाएँ तेज हैं।ग्राम पंचायत अफसरिया हुसैनपुर में ताजा मामला उजागरबताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत अफसरिया हुसैनपुर में सचिव शीलम पर गंभीर आरोप लगे हैं। ग्रामीणों के अनुसार सचिव ने ग्राम प्रधान सुनीता देवी के साथ सांठगांठ कर प्रधान के परिजनों के नाम पर भुगतान कराए हैं।प्रधान के भतीजे आशीष कुमार के नाम पर ग्राम निधि से विभिन्न कार्य दर्शाकर अब तक 1 लाख रुपये से अधिक का भुगतान किया जाना बताया गया है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह भुगतान पहले तैनात सचिवों के समय भी हुआ था, लेकिन वर्तमान सचिव शीलम ने न केवल इन अनियमितताओं को जारी रखा बल्कि भ्रष्टाचार को और बढ़ावा दिया।

### सचिव शीलम पर फर्म संचालक से सांठगांठ का आरोप

ग्रामीण सूत्रों ने आरोप लगाया है कि सचिव शीलम ने स्थानीय फर्म संचालकों से सांठगांठ कर फर्जी बिलों के आधार पर भुगतान कराए हैं।विशेष रूप से माँ पूर्णागिरि ट्रेडर्स नामक फर्म से लगातार बिल उठाकर ग्राम निधि से भुगतान किए जाने की बात सामने आई है। आरोप है किफर्म सेल टैक्स रिकॉर्ड में केवल जल आपूर्ति सामग्री की सप्लाई के लिए अधिकृत है इसके बावजूद पंचायत के नाम पर सीमेंट, बालू, गिट्टी, बिजली का सामान, पेंट आदि सामग्रियों के भुगतान कराए गए इससे सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ और राजस्व को भी दोहरा नुकसान पहुँचा।

# आईजीआरएस की फीडिंग और निपटान के लिये कार्यशाला आयोजित

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**



आज कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आई.जी.आर.एस.) की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु उप जिलाधिकारी अविनाश कुमार गौतम की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण कार्यशाला संपन्न हुई। इस कार्यशाला में आई जी आर एस लिपिक अनूप सक्सेना द्वारा जनपद के समस्त विभागों के लिपिकों एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों को आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर संदर्भों की फीडिंग, ससमय निस्तारण और फीडबैक की बारीकियों के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी ने दो टूक शब्दों में निर्देश दिए कि आई.जी.आर.एस. निस्तारण में जनपद की रैंकिंग को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा जाए और सभी संबंधित कर्मी कार्यशाला में दी गई तकनीकी जानकारियों को पूरी गंभीरता के साथ अमल में लाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि आई.जी.आर.एस. संदर्भों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है, क्योंकि जन-सामान्य का विश्वास और संतुष्टि ही सुशासन की असली आधारशिला है। कहा कि विभागों के निस्तारित प्रकरणों में प्राप्त नकारात्मक फीडबैक कि यह स्थिति विभागीय कार्यप्रणाली में गंभीर शिथिलता और नागरिकों की अपेक्षाओं की अनदेखी को दर्शाती है। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायत का निस्तारण केवल कागजी खानापूर्ति तक सीमित न रहे, बल्कि अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर जाकर शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करें और समस्या का वास्तविक समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि आई.जी.आर.एस. जैसे संवेदनशील कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान न करने वाले उत्तरदायी कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### एसडीएम ने तालाब की जमीन को कराया कब्जा मुक्त

जन एक्सप्रेस। सीतापुर। स्थानीय तहसील के झखरांवा गांव में तालाब की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए तालाब को कब्जामुक्त कराया। उपजिलाधिकारी राखी वर्मा एवं क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार के नेतृत्व में राजस्व टीम गांव पहुंची, जहां तालाब की गाटा संख्या 137, रकबा 0.986 हेक्टेयर भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। जांच में पाया गया कि गांव निवासी परागी, दिलराम, रजनीश, अक्षय, महेंद्र कुमार, पुत्तनलाल, मंगलाचार्य, तिलकराज, परशुराम, रामकुमार एवं रमेशचन्द्र द्वारा फसल बोकर तथा यूकेलिप्टिस के पेड़ लगाकर तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा किया गया था। प्रशासन ने नियमानुसार फसल एवं पेड़ों को हटवाकर तालाब की भूमि को पूर्णतः खाली कराया।

# इंजीनियरिंग के छात्रों को सिखाये गए मतदाता बनने के और तरीके



**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**

जनपद में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सुदृढ़ करने हेतु निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में डिप्टी कलेक्टर नवनीता राय एवं जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज द्वारा संयुक्त रूप से राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज तिर्वा में अध्ययनरत विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नए मतदाता के रूप में पंजीकरण की संपूर्ण प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राएं ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। ऑनलाइन पंजीकरण हेतु वोटर हेल्पलाइन ऐप एवं निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की जानकारी दी गई, वहीं ऑफलाइन प्रक्रिया के अंतर्गत फॉर्म-6 भरने की विधि समझाई गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों को कल प्रकाशित होने वाली मतदाता सूची के सम्बन्ध में सूचित किया गया तथा बताया गया कि मतदाता सूची के प्रकाशन के पश्चात नागरिक अपने नाम की जांच कर सकते हैं और आवश्यकतानुसार सुधार हेतु आवेदन कर सकते हैं।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों को निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदार मतदान के महत्व से अवगत कराते हुए कहा गया कि युवा मतदाता लोकतंत्र की सबसे मजबूत नींव होते हैं।

सभी विद्यार्थियों से आग्रह किया गया कि वे स्वयं मतदाता बनें तथा अपने परिवार एवं समाज के अन्य पात्र नागरिकों को भी मतदाता बनने के लिए प्रेरित करें।

# सड़कों के चौड़ीकरण, जीर्णोद्धार की डीएम ने की समीक्षा

**जन एक्सप्रेस। कन्नौज**




जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में लोक निर्माण विभाग द्वारा जनपद में संचालित निर्माण, नवनिर्माण, चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्यों की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जी0एस0एस0टी0 मार्ग (कि.मी. 7) से गौरियापुर, जलालाबाद, गुगरापुर होते हुए गंगाघाट तक कुल 10.15 कि.मी. लंबाई में प्रस्तावित मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। बताया गया कि मार्ग पर 10.15 कि.मी. लंबाई में जी0एस0बी0 का कार्य पूर्ण हो चुका है, 2.27 कि.मी. में सी0सी0 एवं 2.27 कि.मी. में ई0टी0ए0 का कार्य पूर्ण है, जबकि बी0सी0 का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने शेष बचे कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मार्ग जनसामान्य की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, अतः कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने जी0टी0 रोड कि.मी.-311 से सिकन्दरपुर, हयातनगर, रूपपुर, भावलपुर, कसावा होते हुए सी0एस0बी0 रोड कि.मी.-5 तक कुल 5.570 कि.मी. लंबाई में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की समीक्षा की। मार्ग का मुख्य कार्य पूर्ण हो चुका है तथा पटरी आदि का कार्य प्रगति पर है, जिसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

अलमापुर से चौखटा चन्दपुरा सम्पर्क मार्ग की कुल लंबाई 1.270 कि.मी. है, जहां सी0टी0एस0बी0, सी0टी0बी0 एवं पी0सी0 का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।हंसापुर-खलकपुरवा मार्ग के नवनिर्माण कार्य की भी समीक्षा की गई। नवनिर्माण योजना 2024-25 के अंतर्गत 1.10 कि.मी. लंबाई वाले इस मार्ग पर सी0टी0एस0बी0, सी0टी0बी0 एवं पी0सी0 का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने तिर्वा मार्ग एन0एच0-234 पर स्थित शरीफापुर ग्राम से निर्माणाधीन टाइप-4 आवासों तक 460 मीटर लंबाई में सी0सी0 रोड निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि कार्य लगभग 95 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है तथा शेष कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। मार्ग पर मिट्टी भराई, जी0एस0बी0 एवं जी0-3 का कार्य पूर्ण है तथा सी0सी0 कार्य अंतिम चरण में है।

इसके साथ ही तिर्वा-खैरनगर-औसेर-हमीरपुर मार्ग अन्य जिला मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य तथा तिर्वा-सरैया-इन्दरगढ़-गुनाह पुल होते हुए पल्यौरा मार्ग माँ अन्नपूर्णा देवी एवं धौलेश्वर मंदिर मार्ग के कार्यों की भी समीक्षा की गई। इन मार्गों पर जी0एस0बी0 एवं मिट्टी खुदाई का कार्य प्रगति पर पाया गया।

जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि जिन मार्गों पर विद्युत पोल शिफ्टिंग एवं लाइन स्थानांतरण की आवश्यकता है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि निर्माण कार्य बाधित न हों।

जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता एवं मानक का विशेष ध्यान रखा जाए, रोड को की ढलान सही दिशा में होनी चाहिए। बैठक में लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।


## कार्यालय: सहायक आयुक्त, राज्य कर, सचल दल पंचम इकाई, लखनऊ।

पत्रांक- 195 /सहा0आयु0/ स0द0पं0ई0-लखनऊ/ दिनांक:: 05 :: जनवरी :: 2026

**नीलामी सूचना**

**सी.जी.एस.टी./एस.जी.एस.टी. अधिनियम 2017 की सुसंगत धारा 79(1)(बी) के अन्तर्गत माल की नीलामी की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित अनुसूची(SCHEDULE) में वर्णित जब्त/अभिग्रहीत किए गए माल PAN MASALA(Kamla Pasand Brand) कुल 768000 Pouch(mrp rs. 4/- per pouch) तथा Chewing Tobacco(KP Double Black Royal Touch Brand) कुल 768000 Pouch(mrp rs. 1/- per pouch) को सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से "जो जैसा है" की स्थिति में अनुसूची में वर्णित विवरण के अनुसार दिनांक 12.01.2026(दिन सोमवार) को प्रातः 11.00 बजे कार्यालय सहायक आयुक्त, राज्य कर, सचल दल पंचम इकाई, लखनऊ राज्य कर भवन, 5 मीराबाई मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ के परिसर में नीलामी समिति के समक्ष आयोजित की जाएगी। नीलामी की तारीख से पूर्व देय सम्पूर्ण धनराशि के भुगतान हो जाने पर नीलामी की प्रकिया रोक दी जाएगी। जिसका विवरण एवं मुख्य शर्तें निम्नलिखित है-

अनुसूची(SCHEDULE)

| क्र0सं0 | माल का विवरण | झाल/नग | माल की मात्रा | कुल माल की धरोहर राशि(EARNEST MONEY) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | PAN MASALA (Kamla Pasand Brand) | 120 Bag | Total 768000 Pouch(MRP 4/- Per Pouch) | 1,00,000.00 |
| 2 | Chewing Tobacco (KP Double Black Royal Touch Brand) | 24 Bag | Total 768000 Pouch(MRP 1/- Per Pouch) | 25,000.00 |

नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यापारीगण/व्यक्ति उक्त स्थल पर समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। नीलामी से सम्बंधित नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालय-सहायक आयुक्त, राज्य कर, सचल दल पंचम इकाई, राज्य कर भवन, 5 मीराबाई मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से दिनांक 09.01.2026(दिन शुक्रवार) तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से सांय 05.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है।

नीलामी में प्रतिभाग करने के नियम एवं मुख्य शर्तें-

1. उचित अधिकारी(PROPER OFFICER)/अध्यक्ष नीलामी समिति को यह अधिकार होगा कि वह बिना कोई कारण बताए नीलामी निरस्त कर सकता है ।
2. नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यापारीगण/व्यक्ति उक्त स्थल पर समय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। नीलामी में जी.एस.टी. अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत व्यक्ति ही प्रतिभाग कर सकते हैं। साक्ष्य के रूप में प्रतिभाग करने वाले व्यक्ति को अपने जी0एस0टी0 पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करनी होगी।
3. नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग करने हेतु माल के विवरण के सम्मुख अंकित धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट (DRAFT) ही मान्य होगा, जो सहायक आयुक्त, राज्य कर, सचल दल पंचम इकाई लखनऊ के नाम से देय होगा। जिस व्यक्ति के पक्ष में नीलामी स्वीकृत की जाएगी, उसे छोड़कर नीलामी प्रकिया में भाग लेने वाले शेष फर्म/व्यक्तियों की धरोहर राशि वापस कर दी जाएगी।
4. माल जिस दशा में है जहां है उसी प्रकार नीलाम किया जाएगा। बोलीकर्ता द्वारा माल की गुणवत्ता एवं माल का आकलन स्वयं उपस्थित होकर करना होगा। नीलामी के उपरान्त उक्त के सम्बंध में कोई दावा स्वीकार नही किया जाएगा।
5. नीलामी समिति के समक्ष उच्चतम बोलीकर्ता द्वारा बोली गयी धनराशि को समिति द्वारा विवेकानुसार/नियमानुसार स्वीकार/अस्वीकार किया जा सकेगा तथा स्वीकार किए जाने की स्थिति में उच्चतम बोलीकर्ता को नीलामी का 25 प्रतिशत तुरन्त एवं शेष नीलामी की धनराशि निर्धारित समय एक सप्ताह के अन्दर जमा कर माल को जिस स्थिति में है उसी स्थिति में अपने संरक्षण में लेना होगा अन्यथा की स्थिति में उसका दावा निरस्त करते हुए धरोहर तथा 25 प्रतिशत जमा की गयी धनराशि राशि जब्त कर ली जायेगी।
6. माल एवं सेवाकर अधिनियम 2017 के अन्तर्गत नीलाम किए गए माल पर नियमानुसार निर्धारित कर देयता भी जमा की जाएगी।

(श्यामवीर सिंह)
सहायक आयुक्त, राज्य कर,
सचल दल पंचम इकाई, लखनऊ।
(मो. 7235002274)

UPID: 243613, Dt. 06.01.2026
Website: www.upgov.nic.in

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# पेट्रो डॉलर के लिए ट्रंप की एक और सनकभरी कार्रवाई

**वहां से करीब 30 लाख लोग विस्थापित हुए और इराक पर आतंकवादी संगठनों का कब्जा हो गया। लीबिया में कर्नल गद्दाफी के साथ यही हुआ। उन्होंने अमेरिका अर्थव्यवस्था के साथ चलने से इनकार कर दिया था। उनकी हत्या कर दी गई। सीरिया में भी आतंकवादियों के सफाये के नाम पर अमेरिका की कार्रवाई की किरकिरी हुई। वहां जो अहमद अल शारा राष्ट्रपति बने, उन पर खुद अमेरिका ने इनाम घोषित किया था। अभी दो महीने पहले जब शारा अमेरिका यात्रा पर पहुंचे, उसके ठीक पहले अमेरिका प्रशासन ने उनका नाम आतंकवादियों की सूची से बाहर निकाला।**

*वेनेजुएला पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कार्रवाई को 'ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व' नाम दिया गया। हिन्दी में जो अर्थ निकलते हैं, उनमें किसी समस्या का पूर्ण रूप से समाधान निकलना अथवा 'पूर्ण संकल्प' भी शामिल हैं। यहां आमतौर पर दूसरा अर्थ लिया गया है। कहा जा रहा है कि अमेरिका ने जो तय किया था, उसने कर दिखाया। वैसे पहले अर्थ की व्याप्ति और अधिक है। यह किसी समस्या का समाधान कर लेने में व्यक्त किया जाता है। बहरहाल, दोनों ही अर्थ एक ही तरह के संकेत करते हैं। वैसे, प्रारम्भिक तौर पर तो यही लगता है कि यह अभी शुरुआत है, समाधान नहीं। अमेरिका का यह कदम न सिर्फ वेनेजुएला के लिए, बल्कि शांति और लोकतंत्र के समर्थक देशों के खिलाफ जाने वाला है। ऐसा मानने के आधार भी हैं। सिर्फ इसलिए नहीं कि दुनिया के अधिकांश हिस्सों में इसे किसी देश की संप्रभुता पर हमले की तरह देखा गया है, बल्कि इसलिए भी कि स्वयं अमेरिका के अंदर भी इस पर विरोध के स्वर उभरे हैं। रॉबर्ट प्रीवोस्ट पीटर के पूर्व नाम वाले पोप लियो 14वें इस आसन पर आने वाले पहले अमेरिकी मूल के संत हैं। उन्होंने भी वेनेजुएला की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए इस देश की संप्रभुता सुनिश्चित किए जाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि संविधान, कानून, मानव और नागरिक कानूनों का सम्मान करते हुए आगे बढ़ा जाना चाहिए। इसी तरह की प्रतिक्रिया कई देशों ने भी दी है। हालांकि, भले यह सामान्य सा बयान लगता है, बहुत दूर तक जा सकता है। अमेरिका के अंदर ही न्यूयॉर्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान मामदानी की प्रतिक्रिया काबिल-ए-गौर है। उन्होंने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को न्यूयॉर्क लाने की जानकारी देते हुए कहा कि उनकी गिरफ्तारी 'किसी संप्रभु राष्ट्र पर एकतरफा हमला' है। यह युद्ध का कृत्य है और संघीय तथा अंतरराष्ट्रीय कानून का स्पष्ट उल्लंघन है। लगता है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर देश-विदेश की किसी प्रतिक्रिया का असर नहीं हो रहा है। अमेरिकी संविधान और परंपरा से मिले असीमित अधिकारों के तहत उन्होंने यह कार्रवाई की है। भविष्य तय करेगा कि अमरीकी संसद इस पर मुहर लगाती है अथवा नहीं। अभी एक बात साफ है कि अमेरिका के इस एक्शन से क्षेत्रीय असंतुलन को न सिर्फ बढ़ावा मिलेगा, वरन प्रतिगामी शक्तियों को एक और केंद्र मिल जाएगा। अनुभव यही बताते हैं। यहां तक कहा जा रहा है कि इसमें राष्ट्रपति ट्रंप के अपने व्यक्तिगत हित भी हैं। दुनिया जानती है कि वे राजनेता से पहले व्यवसायी भी हैं। ट्रंप के पीछे हथियार बनाने वाली कंपनियां मुस्तैदी के साथ खड़ी हैं। दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप ने इन कंपनियों को दुनिया भर में व्यवसाय करने में मदद ही की है। अशांत वेनेजुएला भी इसमें शामिल हो जाएगा। व्यक्ति से अलग ट्रंप को राष्ट्रपति के तौर पर भी देखने से भी नहीं लगता कि अमेरिका को अथवा शेष विश्व को इस कार्रवाई से कोई फायदा मिलने वाला है। अनुभव यही हैं कि अफगानिस्तान से अमेरिका को वापस लौटना पड़ा। हजारों अमेरिका सैनिक मारे गये, करीब दो ट्रिलियन डॉलर स्वाह हो गये और परिणाम के तौर पर जिन तालीबानी को नष्ट करने के नाम पर अमेरिका घुसा था, वहां वे ही तालिबानी सत्ता में वापस आ गए। कथित रूप से अफगानिस्तान में लोकतंत्र मजबूत करने का दावा धूल-धूसरित हो गया। इराक में भी सद्दाम हुसैन को अपदस्थ करने और फांसी देने के बावजूद देश शांति के रास्ते पर नहीं आ सका।*

### एक्सप्रेस आलेख

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज अपनी शताब्दी यात्रा पर है। एक सदी की यह यात्रा केवल संगठन एवं अपने अनुषांगिक संगठनों का विस्तार या उन्हें कट्टर हिंदू बनाना भी नहीं है, बल्कि भारत में रहने वाले सभी जाति एवं धर्म समुदायों के बीच समावेशी सद्भाव विकसित करना है। यह यात्रा सामाजिक जीवन में रचनात्मक बदलाव के लिए राष्ट्रीय चेतना का पुनर्जागरण है। यही वह भाव है, जिसका उद्घोश जीएम सैयद ने किया था और अब गुलाम नबी आजाद तथा बलूच नेता मीर यार कर रहे हैं। इसी समावेशी भाव को पुरातत्वशास्त्री केके मोहम्मद ने समझते हुए इस्लामिक कट्टरता का परिचय दिए बिना अयोध्या के विवादित ढांचे के गर्भ में समाए अवशेष को आक्रांताओं द्वारा तोड़े गए।**

# युवाओं को हिंदुत्व की शक्ति पहचानने की जरूरत



प्रमोद भार्गव

''हिंदू आस्था के स्रोत काशी की ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा की शाही ईदगाह हिंदुओं को सौंप देना चाहिए। क्योंकि इन स्थलों से मुस्लिमों की कोई भावना नहीं जुड़ी है। राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम इसी समावेशी भाव के अनुगामी थे। जिस राष्ट्र की मूल वैदिक संस्कृति की सांस्कृतिक अवधारणा में संपूर्ण मानव जाति के लिए समावेशी जीवन-दर्शन और कल्याण के भाव हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी यात्रा एक वैचारिक यात्रा है। मनुष्य की शारीरिक खुराक रोटी-पानी और हर हाथ को रोजगार के बाद जो सर्वाधिक जरूरी है, वह है मानसिक वैचारिक खुराक! इस खुराक में सब अस्मिताएं दर्ज हैं, जो किसी भी राष्ट्र के जीवंत रहने को प्रमाणित करती हैं। इसमें राष्ट्र की सीमाएं और उसमें आलोड़ित धर्म एवं संस्कृति के वे मूल्य अंतर्निहित रहते हैं, जिनमें भाषा, भेष-भूषा, खान-पान और रीति-रिवाज पारंपरिक रूप में गतिशील रहते हैं। इन भारतीय अस्मितावादी मूल्यों पर सबसे पहला बड़ा प्रहार इस्लामी आक्रांताओं ने किया, तो दूसरा प्रहार अंग्रेजों ने किया। इन प्रहारों ने सनातन संस्कृति के उन सब मूल्यों पर प्रबल आघात किए जो वैदिककाल से लेकर वर्तमान तक न केवल वर्चस्व बनाए हुए हैं, बल्कि अपनी संस्कृति के मूल स्रोतों से आज भी आंदोलित हो रहे हैं। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के यही अक्षुण्ण मूल्य भारत की अखंडता के आधार स्तंभ हैं।इस संदर्भ में विशिष्ठ उपलब्धियां प्राप्त कर चुके युवाओं को भोपाल में संदेश देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि 'विश्व सत्य नहीं शक्ति की सुनता है। दुर्बल व्यक्ति सत्य भी बोले तो उसे कोई नहीं सुनेगा। ताकतवर की बात सही-गलत का विचार किए बिना सभी सुनते हैं। अतएव हमारे मत-पंथ संप्रदाय,भाषा और जाति भले ही अलग हों,लेकिन वह हिंदुत्व की पहचान ही है,जो हमें जोड़ती है। हमारी संस्कृति,धर्म और पूर्वज समान हैं।'वाकई यही समरस शक्ति हमें विश्व-शक्ति के रूप में स्थापित करने की ताकत रखती है। जैसे- जैसे हम इस गुरुत्वीय बल की एकरूपता में ढलते जा रहे हैं, वैश्विक स्तर पर हमारी शक्ति की स्वीकार्यता बढ़ती जा रही है। सनातन इतिहास और बड़े पैमाने पर अतीत में हुए धर्मांतरण के परिप्रेक्ष्य में यह याद रखने की जरूरत है कि भारत में कोई भी अहिंदू नहीं है, क्योंकि सबके मूल में हिंदुत्व है। तथाकथित सांस्कृतिक मार्क्सवाद की अस्मिता के लिए यह बड़ा प्रतिकार है। यह एक ऐसा क्षितिज है, जो भारत विभाजन और मतांतरण की पड़ताल करता है। 16 अक्टूबर 1905 को बंगाल के विभाजन और 30 दिसंबर 1906 को ढाका में अखिल भारतीय मुस्लिम लीग का गठन हुआ। इसके बाद से ही दो राष्ट्रों के रूप में भारत विभाजन की सुगबुगाहट आरंभ हो गई थी। ज्यादातर कांग्रेस नेता इन सुगाबुगाहटों से या तो निश्चिंत थे या फिर नजरअंदाज कर रहे थे। किंतु दूरदर्शी स्वतंत्रता सेनानी डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने अपने कानों में इस अनुगूंज को अनुभव किया और भारत की तत्कालीन धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों के आकलन के उपरांत इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि विभाजन की संभावना को टालने के लिए हिंदू समाज को न केवल संगठित करने की जरूरत है, अपितु राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने की भी जरूरत है। हिंदुओं में परस्पर एकता का अभाव



**अपितु सभी समुदायों और आस्थाओं का इसमें समावेशन करना है, क्योंकि भारत सभी का है। इसीलिए भारत में अब जातिगत बाधाओं को जड़-मूल से खत्म करने के लिए एक कुआं, एक मंदिर और एक शमशान की भावना से काम हो रहा है।**

और जातीय अस्मिता को बनाए रखने वाली सुप्त पड़ी चेतना के कारण बड़े हिंदू समाज में आंतरिक विखंडन और आत्मगौरव का क्षरण निरंतर बढ़ रहा है। हिंदुओं की लाचार मनस्थिति और मुस्लिम लीग का इस्लाम के आधार पर बढ़ते विस्तार की पृश्ठभूमि में 27 सितंबर 1925 को विजयादशमी के दिन, मात्र 50 स्वयंसेवकों के साथ हेडगोवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नींव रख दी। राष्ट्र और भारतीय समाज के निर्माण में लगे इस संघ की उम्र अब सौ वर्ष हो गई है। आज संघ अपने पुनीत उद्देश्य के साथ संपूर्ण समाज को संगठित बनाए रखने का मूल-मंत्र देते हुए भारत को एक सशक्त और परम वैभवशाली राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर है। इस मंत्र की अवधारणा के चरित्र में राष्ट्रीय संस्कारों के बीजारोपण के साथ समरसता और स्वदेशी के भावों को परिपक्व करना है। प्रत्येक मनुष्य के शरीर में एक अवचेतन मन होता है। यह हमारे दिमाग का वह हिस्सा है, जो हमारी चेतन जागरूकता के नीचे काम करता है। यह हमारे मस्तिष्क में दर्ज विचारों, भावनाओं और अंतक्रियाओं की पृष्ठभूमि में रहते हुए अंतर्चेतना को प्रभावित करता है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटने के बाद कांग्रेस नेता और मंत्री रहे गुलाम नबी आजाद ने कहा था कि ''इस्लाम का उद्भव तो मात्र 1500 वर्ष पहले हुआ है, अतएव भारत में कोई भी बाहरी नहीं है। हम सभी मुसलमान इसी देश के वासी हैं। मूल रूप में वे हिंदू ही हैं। बाद में उनका मतांतरण हुआ। कश्मीर में सभी मुसलमान कश्मीरी पंडितों से धर्मांतरित हुए हैं। अतएव सभी का जन्म सनातन हिंदू धर्म में ही हुआ है।'' आजाद ने यह बात डोडा के चिरल्ला गांव में 09 अगस्त 2023 को एक सभा में कही थी। बाद में यह वीडियो खूब वायरल हुआ था। फारुख अब्दुल्ला भी भगवान राम को सबके भगवान कहने के साथ अपने मूल में हिंदू होने को स्वीकार चुके हैं। सनातन संस्कृति की अवचेतन में आंदोलित हो रही जागृति की यह बात मजबूती से पाकिस्तान के प्रखर सिंधी राष्ट्रवादी नेता रहे जीएम सैयद ने बहुत तार्किक ढंग से उठाई थी। वे एक विद्वान लेखक थे। उन्होंने ही सिंधी पहचान के लिए वैचारिक आधार तैयार किया और सिंधुदेश आंदोलन की नींव रखी थी। वे 1937 में सिंध विधानसभा के सदस्य चुने गए और 1940 में शिक्षा मंत्री बने थे। इन्होंने ही 1946 में कट्टरवादी मुस्लिम लीग से अलग होकर 'प्रोगेसिव मुस्लिम लीग' की स्थापना की थी। 1970 के दशक में उन्होंने ही 'जय सिंध मुत्ताहिदा महाज' एक सिंधी राष्ट्रवादी दल बनाया जिसका लक्ष्य सिंध को पाकिस्तान से पृथक कर स्वतंत्र देश का निर्माण था। आज भी पाकिस्तानी सेना की दमनकारी नीतियों के विरोध में जय सिंध मुत्ताहिदा महाज और जय सिंध कौमी महाज जैसे संगठन स्वतंत्र सिंधुदेश की मांग का अलख जगाए हुए हैं। ऐसा ही संदेश नए साल 2026 के स्वागत में विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखकर बलोच नेता मेरे यार बलोच ने कहा, '' भारत और बलूचिस्तान के सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संबंध पुराने समय से हैं। यहां स्थित हिंगलाज माता का मंदिर दोनों देशों की साझा धार्मिक-आध्यात्मिक विरासत है।'' अवचेतन में निहित इसी सांस्कृतिक जागरण के परिप्रेक्ष्य में जीएम सैयद ने कहा था, '' मैं पाकिस्तानी तो मात्र 43 साल से हूं, जबकि मुसलमान 700 साल से हूं। परंतु सिंधी पांच हजार वर्ष से हूं।'' यानी वैदिक काल से अवचेतन में बैठी अपनी संस्कृति के आत्मबोध की यह स्वीकारता, उसी ऋग्वैदिक भू-सांस्कृतिक वैचारिकता का उद्घोष है, जिसे आज संघ 'हिंदुत्व' या सनातन हिंदुत्व कह रहा है। सांस्कृतिक पहचान का यह आत्मबोध प्रत्येक उस धर्मांतरित हिंदू के अवचेतन में अंगड़ाई ले रहा है।



**आज का पंचांग**


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | षष्ठी 31:05 तक |
| नक्षत्र: | पूर्व फाल्गुनी 12:24 |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | गुरुवार |
| योग: | सौभाग्य, 17:29 |
| सूर्योदय: | 07:14 |
| सूर्यास्त: | 17:34 |
| चंद्रमा: | सिंह राशि में |
| राहुकाल: | 13:41-14:59 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | माघ |
| शुभ मुहूर्त: | 12:03-12:45 |

## जन एक्सप्रेस

**खेल सारा वोट का !**

*दिन पर दिन तीखे ।*
*हो रहे बयान ।।*
*पहुंचाना है ठेस ।*
*है केवल ये ध्यान ।।*
*बार बार गलती ।*
*ऐसे यूं दोहराना ।।*
*क्या बनी रणनीति ।*
*जानता जमाना ।।*
*खेल सारा वोट का ।*
*लगती ना लगाम ।।*
*करना जिन्हें खुश ।*
*पहुंच रहा पैगाम ।।*
*रह रह कर अब मंच से ।*
*छोड़ते हैं तीर ।।*
*त्वरित कुछ निकालें ।*
*हो रहे अधीर ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# शरीर पर सूजन की समस्या से हैं परेशान, इस्तेमाल करें सिरका और सूखे धनिया पाउडर का पेस्ट, मिलेगा आराम

**शरीर** के किसी भी हिस्से में सूजन की समस्या होना एक आम समस्या है। कभी ज्यादा देर तक खड़े या बैठे रहने के कारण, कभी हल्की चोट, थकान या गलत लाइफस्टाइल के कारण भी हाथ-पैर या शरीर के अन्य हिस्सों में सूजन की समस्या आ सकती है। आमतौर पर सूजन के साथ शरीर में भारीपन, जकड़न या हल्का दर्द महसूस होता है। ऐसी स्थिति में लोग तुरंत अपने शरीर की सूजन कम करने के लिए दवाओं का सेवन करते हैं, लेकिन कई बार कुछ घरेलू उपाय भी अस्थायी सूजन से राहत दिलाने में मदद कर सकते हैं। ऐसे में आप अपने शरीर की सूजन कम करने के लिए सिरका और धनिया का इस्तेमाल कर सकते हैं। डॉ. किरण गुप्ता के अनुसार, शरीर की सूजन काफी दर्द देने वाला हो सकता है। ऐसे में आप सिरका और सूखा धनिया पाउडर का इस्तेमाल कर सकते हैं, क्योंकि इनका इस्तेमाल आपकी सूजन वाली स्किन के लिए फायदेमंद होता है।

**सिरका:** सेब का सिरका लंबे समय से घरेलू नुस्खों के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है। यह हल्का एसिडिक होता है, जिससे स्किन पर



ठंडक का एहसास होता है। ऐसा माना जाता है कि सिरका स्किन पर लगाने से वहां की जकड़न कम महसूस होती है और शरीर को आराम मिलता है। इसके अलावा, सिरका स्किन को साफ रखने में भी मदद करता है। सूजन वाली जगह पर इसका ठंडा प्रभाव शरीर पर सूजन के कारण होने वाली असुविधा को कुछ हद तक कम करने में मदद मिल सकती है।

**सूखा धनिया पाउडर:** ड्राई धनिया पाउडर का इस्तेमाल भारतीय रसोई का एक अहम हिस्सा होता है, लेकिन इसके गुण सिर्फ स्वाद तक सीमित नहीं है, बल्कि आयुर्वेद में इसका खास महत्व है। आयुर्वेद के अनुसार धनिया नेचुरल तरीके से ठंडक देने वाला होता है, जो स्किन को शांत करने में मदद करता है। जब सूखे धनिया का इस्तेमाल स्किन पर बाहरी रूप से किया जाता है तो यह स्किन पर सॉफ्टनेस और आराम का एहसास करवाता है। इतना ही नहीं, सूजन वाली जगह पर इसका इस्तेमाल करने से सूजन को कम करने में मदद मिलती है।

**सिरका और सूखे धनिया के मिश्रण के फायदे:** सिरका और ड्राई धनिया के पाउडर को मिलाकर पेस्ट बनाकर स्किन पर लगाना फायदेमंद माना जाता है। इन दोनों के गुण एक साथ काम करते हैं। जहां सिरका ठंडक और रिलैक्सेशन देने वाला माना जाता है, वहीं सूखा धनिया स्किन की सूजन को शांत करने वाला प्रभाव देता है। इस मिश्रण का इस्तेमाल सूजन वाली जगह पर करने से जकड़न का कम करने में मदद मिल सकती है और भारीपन से आराम मिलता है।

**सिरका और धनिया पेस्ट बनाने का तरीका:** शरीर की सूजन कम करने के लिए इस पेस्ट को बनाना बहुत आसान है और इसे बनाने के लिए बहुत कम सामग्री का इस्तेमाल होता है।

**पेस्ट बनाने की विधि:** एक छोटी कटोरी में सूखा धनिया पाउडर डालें और उसमें धीरे-धीरे सिरका मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें।

### एक्सप्रेस विशेष

# बांग्लादेशी कट्टरपंथ से पीड़ित अल्पसंख्यक हिन्दू



डॉ. इन्द्र दमन तिवारी

**आवश्यकता है कि वहां की सरकार अल्पसंख्यकों के मन में सुरक्षा का विश्वास फ़िर से बहाल करे और ऐसे कड़े कदम उठाए जिससे कोई भी कट्टरपंथी कानून हाथ में लेने से पहले सौ बार सोचे। यदि समय रहते इन हिंसक प्रवृत्तियों पर अंकुश नहीं लगाया गया।**

**बांग्लादेश** से आ रहे समाचार न केवल विचलित करने वाले हैं बल्कि पड़ोसी देश में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति और विशेष रूप से हिन्दू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। बांग्लादेश के जेस्सोर जिले में पत्रकार राणा प्रताप बैरागी की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या और अगले ही दिन एक हिन्दू दुकानदार शरत चक्रवर्ती मणि की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। 18 दिन में 6 हिन्दुओं की हत्याओं की घटनाएं सामने आई हैं, मारपीट और शोषण के मामले भी सामने आ रहे हैं। ये घटनाएं महज आंकड़ा नहीं हैं बल्कि उस भयावह श्रृंखला की पांचवीं कड़ी है, जिसने पिछले कुछ हफ्तों में वहां के हिन्दू समुदाय को दहशत के साये में जीने को विवश कर दिया है। घटनाओं की प्रकृति और उनमें अपनाए गए तरीके अत्यंत बर्बर और अमानवीय हैं, एक तरफ़ जहां राणा प्रताप को सरेआम गोली मारी गई, वहीं शरीयतपुर में व्यापारी खोकन चंद्र दास के साथ जो हुआ वो इंसानियत को शर्मसार करने वाला है। धारदार हथियारों से हमला करना और फिर पेट्रोल डालकर ज़िन्दा

**एक पड़ोसी राष्ट्र में, विशेषकर जब वहां सत्ता परिवर्तन और राजनीतिक अस्थिरता का दौर चल रहा हो, हिन्दू अल्पसंख्यकों का इस तरह निशाना बनना एक सुनियोजित षड्यंत्र का संकेत देता है। यह केवल एक देश का आंतरिक मामला नहीं बल्कि मानवाधिकारों के घोर उल्लंघन का वैश्विक मुद्दा है। बांग्लादेश की वर्तमान अंतरिम सरकार और प्रशासन की यह नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है।**

जला देना, अपराधियों के मन में बैठे गहरे सांप्रदायिक जहर को दर्शाता है। इससे भी अधिक वीभत्स घटना झेनाइदह में सामने आई, जहां एक 44 वर्षीय हिन्दू विधवा के साथ न केवल सामूहिक दुष्कर्म किया गया बल्कि उसे पेड़ से बांधकर पीटा गया और उसके बाल तक काट दिए गए। अपराधियों द्वारा इस कृत्य का वीडियो बनाना यह साबित करता है कि उनमें कानून का रत्ती भर भी भय नहीं बचा है। कहने को बांग्लादेश में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मोहम्मद युनुस के हाथ में देश की बागडोर है लेकिन जिस प्रकार से इस्लामिक कट्टरपंथी खुलेआम आतंक मचा रहे हैं वैसा आतंक इससे पहले कभी नहीं देखा गया। नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार हिंदुओं की हत्याओं को या तो सांप्रदायिक हिंसा मानने से इन्कार कर दे रही है या फिर दोषियों के खिलाफ़ कार्रवाई की खोखली बातें करके कर्तव्य की इतिश्री कर ले रही है, कुछ घटनाओं को आपसी रंजिश या दुर्घटना भी बता दे रही है। उसे यह आभास होना चाहिए कि अराजक माहौल आपसी रंजिश भुनाने का ज़रिया बनता है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि हिंदुओं की हत्याओं के मामले तो सामने आ जाते हैं लेकिन उनके घर जलाने, जमीन कब्ज़ाने और उनकी महिलाओं से छेड़छाड़ करने की घटनाएं दबी ही रह जाती हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ माहौल कितना विषाक्त हो गया है, इसे इससे समझा जा सकता है कि वहां हिंदू अधिकारियों-कर्मचारियों को लांछित किया जा रहा है और हिंदू नेताओं को चुनाव में भाग लेने से रोकने की भी कोशिश की जा रही है। यह सब इसीलिए हो रहा है क्योंकि वे कट्टरपंथी ताकतें अंतरिम सरकार के संरक्षण में हैं जो भारत विरोध के लिए जानी जाती हैं। हिंदुओं को प्रताड़ित करने के लिए वहां उनके और भारत के विरुद्ध सुनियोजित अफवाहें भी फैलाई जा रही हैं। यह एक अफ़वाह ही थी कि छात्र नेता उस्मान हादी को गोली मारने वाला भारत भाग गया है। युनुस हमेशा ही सांप्रदायिक ताकतों के साथ खड़े नज़र आ रहे हैं अन्यथा इतना सबकुछ होने पर कुछ तो बोलते। दीपू चंद्र दास से लेकर राणा प्रताप तक, लगातार हो रही हत्याएं यह बताने के लिए काफ़ी हैं कि वहां सांप्रदायिक तत्व हावी हो चुके हैं। इसे यूँ भी समझ सकते हैं कि बीसीसीआई के कहने पर जब कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुस्तफिजुर रहमान को टीम से निकाला तो उसकी प्रतिक्रिया पूरा बांग्लादेश दे रहा है, अपने गिरेबां में झांकने की बजाय बांग्लादेश भारत को ही आँखें दिखा रहा है। दरअसल, बांग्लादेश पूरी तरह से पाकिस्तान और कट्टरपंथी इस्लामिक गिरोहों की गोद में जाकर बैठ गया है। बहरहाल, बांग्लादेश में हो रही ये घटनाएं भारत के लिए भी स्वाभाविक चिंता का विषय हैं।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# रिक्रूट आरक्षियों को भीड़ प्रबंधन व यातायात संचालन के दिए गए व्यावहारिक गुर





**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

पुलिस लाइन पीलीभीत में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को बुधवार को भीड़ प्रबंधन एवं यातायात व्यवस्था के प्रभावी संचालन को लेकर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान छ्द्धत/स्क्क पीलीभीत ने अपने फील्ड अनुभव साझा करते हुए बताया कि किसी भी कार्यक्रम, त्योहार, जुलूस अथवा आपात स्थिति में भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में से एक है। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों को बताया कि संवेदनशील परिस्थितियों में पुलिसकर्मियों को संयम, सतर्कता और आपसी समन्वय के साथ कार्य करना चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान भीड़ नियंत्रण की रणनीति, यातायात डायवर्जन, प्रभावी मॉनिटरिंग, मानव श्रृंखला गठन और तकनीकी संसाधनों के उपयोग जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। छ्द्धत/स्क्कने कहा कि वर्तमान समय में सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन और अन्य तकनीकी संसाधन पुलिस के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहे हैं। इनके माध्यम से भीड़ पर नजर रखी जा सकती है और किसी भी अप्रिय स्थिति से पहले ही निपटा जा सकता है।

वहीं मानव श्रृंखला बनाकर अनुशासन बनाए रखने में भी पुलिस को सफलता मिलती है। उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों से कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई बातों का मैदान में तैनाती के समय पूरी निष्ठा और ईमानदारी से उपयोग करें, ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे। इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर नताशा गोयल, क्षेत्राधिकारी नगर दीपक चतुर्वेदी, क्षेत्राधिकारी बीसलपुर प्रगति चौहान तथा पुलिस उपाधीक्षक आकृति पटेल भी मौजूद रहीं। प्रशिक्षण सत्र के दौरान रिक्रूट आरक्षियों ने भी अपने सवाल रखे, जिनका अधिकारियों द्वारा विस्तार से समाधान किया गया।

## 22 फरवरी को होगा विधिक सेवा प्राधिकरण का वृहद मेगा शिविर, कार्ययोजना तैयार

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के क्रम में जनपद पीलीभीत में 22 फरवरी 2026 को वृहद मेगा विधिक सेवा शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर की तैयारियों को लेकर बुधवार शाम 4-30 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनपद के समस्त विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित किया गया। बैठक में अपर जिला जज एवं पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुनील कुमार द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए तथा शिविर के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श करते हुए कार्ययोजना तैयार की गई।मेगा शिविर में गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की समस्याएं सुनकर उनका मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा। साथ ही विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आमजन को दी जाएगी, जिससे अधिक से अधिक पात्र लोग योजनाओं का लाभ उठा सकें।

# लापता राजमिस्त्री का शव तालाब में मिला, परिवार में मचा कोहराम

- बाजार जाने की बात कहकर निकले थे घर से, अगली सुबह गांव के पास मिला शव



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जनपद के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम जिरौनिया में बुधवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के पास स्थित तालाब में एक राजमिस्त्री का शव उतराता हुआ मिला। शव मिलने की सूचना मिलते ही पूरे गांव में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान महेंद्रपाल (40) पुत्र गोकुल प्रसाद के रूप में हुई है।

परिजनों के अनुसार महेंद्रपाल मंगलवार शाम घर से जंगरौली बाजार जाने की बात कहकर निकले थे। देर रात तक जब वह घर नहीं लौटे तो परिजनों ने आसपास तलाश शुरू की। रिश्तेदारों और परिचितों से भी पूछताछ की गई, लेकिन पूरी रात कोई सुराग नहीं लग सका। बुधवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के समीप तालाब में शव देखा तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी नगर दीपक चतुर्वेदी और सुनगढ़ी थाना प्रभारी नरेश त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया और मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करते हुए पंचनामा भरा। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। फील्ड यूनिट की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि मृतक महेंद्रपाल शराब पीने का आदी था। बताया जा रहा है कि मंगलवार शाम उसे कुछ लोगों ने नशे की हालत में भी देखा था। हालांकि, परिजनों की ओर से फिलहाल किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है और न ही कोई तहरीर दी गई है। महेंद्रपाल पेशे से राजमिस्त्री था और परिवार की आजीविका का एकमात्र सहारा था। उसके परिवार में दो पुत्र और सात पुत्रियां हैं। अचानक हुई इस दुखद घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में भी शोक का माहौल व्याप्त है। क्षेत्राधिकारी नगर दीपक चतुर्वेदी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# बूथ स्तर पर जनजागरण की मजबूत पहल: स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कार्यकर्ताओं संग की बैठक, नए मतदाताओं को जोड़ने का किया आह्वान





**जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार**

पीलीभीत। तराई के जनपद बांसुरी नगरी पीलीभीत के 128 विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज लगातार मतदाता जागरूकता अभियान के प्रति जागरूक हैं। घर-घर जाकर स्वयं लोगों से वार्तालाप कर रहे हैं जिससे लोग भी उनके इस कार्य से जागरूक हो रहे हैं। बताते चले भारतीय जनता पार्टी के निर्देशानुसार 128 विधानसभा बरखेड़ा क्षेत्र में चल रहे मतदाता जागरूकता अभियान को और गति देते हुए बुधवार को महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ स्तरीय बैठकों के माध्यम से कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और आमजन से सीधा संवाद कर लोकतांत्रिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत खाग के बूथ संख्या 100 और 101 तथा ग्राम पंचायत सराय सुंदरपुर के बूथ संख्या 152 पर बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों में बीएलओ, संबंधित कर्मचारी, अधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी के साथ आपसी समन्वय स्थापित करते हुए आमजन की सहायता करने और सौंपे गए दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने पर विशेष बल दिया गया।

### नए मतदाताओं को जोड़ने पर विशेष जोर



बैठक के दौरान स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने ग्रामवासियों से संवाद करते हुए नए मतदाताओं के पंजीकरण को लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक बताया। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे मतदाता फॉर्म भरकर समय से जमा करें, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा, मतदान केवल एक अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। जब हर योग्य नागरिक मतदाता सूची में जुड़ता है, तभी लोकतंत्र सशक्त बनता है। बूथ स्तर पर सजगता, अनुशासन और समन्वय से ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है।

### बच्चों के प्रति दिखी विशेष आत्मीयता, रखते हैं विशेष लगाव



महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के गांवों में पहुंचते ही बच्चों में खास उत्साह देखने को मिला। कई स्थानों पर बच्चे स्वयं दौड़कर उनके पास पहुंचे और उनसे संवाद किया। उनकी सादगी, सौम्यता और आत्मीय व्यवहार के कारण वे बच्चों के बीच अत्यंत लोकप्रिय माने जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह अपनापन किसी जनप्रतिनिधि को आमजन से जोड़ने का सबसे सशक्त माध्यम होता है। ग्रामीणों ने इस आत्मीय जुड़ाव की सराहना करते हुए कहा कि जो जनप्रतिनिधि बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सभी से सीधे संवाद करता है, वही सच्चे अर्थों में जनसेवक कहलाता है।

### संगठन की मजबूती से ही सफलता

कार्यक्रम के अंत में स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत बूथ स्तर पर होती है। बूथ जितना मजबूत होगा, संगठन और लोकतंत्र उतने ही सशक्त होंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अनुशासन, सेवा भाव और निरंतर सक्रियता के साथ जनहित में कार्य करने का आह्वान किया।

# समग्र शिक्षा अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिला विशेष प्रशिक्षण

**दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने पर दिया गया विशेष जोर**



**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**

समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत समावेशी शिक्षा को प्रभावी रूप से लागू करने के उद्देश्य से ब्लॉक संसाधन केंद्र पूरनपुर में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें दिव्यांग बच्चों की देखभाल, शिक्षा और व्यवहार संबंधी पहलुओं पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। खंड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेन्द्र सिंह के निर्देशन में 5 जनवरी से शुरू हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 81 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर एवं स्पेशल एजुकेटर राजेंद्र सिंह और रामगोपाल पाण्डेय ने समावेशी शिक्षा के महत्व को विस्तार से समझाया। प्रशिक्षकों ने बताया कि अब आंगनबाड़ी केंद्रों पर नामांकित दिव्यांग बच्चों की देखभाल भी सामान्य बच्चों की तरह की जाएगी। इसके लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के दौरान यह जानकारी दी गई कि दिव्यांग बच्चों को को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों पर किस प्रकार नामांकित किया जाएगा, उनके साथ व्यवहार कैसा होना चाहिए और उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए किन-किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है।

कार्यकत्रियों को यह भी बताया गया कि दिव्यांग बच्चों के प्रति संवेदनशीलता, धैर्य और सकारात्मक व्यवहार ही समावेशी शिक्षा की सफलता की कुंजी है।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भी अपने अनुभव साझा किए और कई व्यावहारिक सवाल पूछे, जिनका समाधान प्रशिक्षकों द्वारा किया गया।

## एक दिन पहले गायब युवक सड़क किनारे मिला, लूट की आशंका

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव बासुकपुर निवासी 18 वर्षीय जुबैर के रहस्यमय तरीके से गायब होने और अगले दिन सड़क किनारे मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जुबैर पूरनपुर में एक ग्रिल की दुकान पर काम करता है। मंगलवार को वह रोजाना की तरह साइकिल से घर से निकला और पूरनपुर जाने के लिए इको वाहन में सवार हुआ था। शाम तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने दुकानदार से संपर्क किया, लेकिन दुकानदार ने उसके दुकान पर न पहुंचने की जानकारी दी। इससे परिजन और अधिक चिंतित हो गए। काफी खोजबीन के बाद भी युवक का पता न चलने पर उसके पिता जावेद ने थाना सेहरामऊ पुलिस को सूचना दी। बुधवार को गांव के ही कुछ लोग पूरनपुर जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें जुबैर भोपतपुर के पास सड़क किनारे पैदल घूमता हुआ मिला। परिजन उसे घर लेकर आए और पूछताछ की, तो उसने आपबीती सुनाई। जुबैर ने बताया कि गढ़वाखेड़ा से इको में बैठने के बाद पहले से वाहन में बैठे कुछ लोगों ने उसके मुंह पर रुमाल रख दिया, जिससे वह बेहोश हो गया। इसके बाद उसकी जेब से 12 हजार रुपये निकाल लिए गए। होश आने पर वह खुद को एक कमरे में बंद पाया, जहां उसे पूरी रात रखा गया। सुबह उसे कढ़ैरचौरा के पास लाकर उतार दिया गया। घटना सुनकर परिजन सन्न रह गए। हालांकि, युवक मानसिक रूप से काफी घबराया हुआ है और अधिक जानकारी नहीं दे पा रहा है। परिजनों का कहना है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

# विराट हिंदू सम्मेलन की पूर्व बेला में नगर में भव्य जन-जागरण बाइक रैली

**हजारों लोगों की सहभागिता, 18 जनवरी के सम्मेलन को लेकर दिखा जबरदस्त उत्साह**






**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

आगामी 18 जनवरी को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की पूर्व तैयारी के तहत बुधवार को नगर में एक भव्य जन-जागरण बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली जनसंपर्क और जागरूकता के साथ-साथ हिंदू समाज की एकता, संगठन और सांस्कृतिक चेतना का प्रभावशाली प्रदर्शन बनकर सामने आई। जन-जागरण बाइक रैली गांधी स्टेडियम से प्रारंभ होकर सुनगढ़ी थाना, काला मंदिर, जाटों वाला चौराहा, बरेली गेट, ड्रमंडगंज चौराहा, मुख्य बाजार, चावला चौराहा, गैस चौराहा, मोहल्ला नखासा और देशनगर होते हुए माता यशवंतरी देवी मंदिर पहुंची। वहां हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के साथ रैली का विधिवत समापन किया गया। रैली में हजारों की संख्या में मोटरसाइकिल सवारों ने भाग लिया। केसरिया ध्वजों, जयघोष और धार्मिक नारों के बीच निकली रैली ने पूरे नगर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। मार्ग में लोगों ने रैली का स्वागत किया और आयोजकों द्वारा घर-घर जाकर सम्मेलन में सहभागिता के लिए आमंत्रण पत्र वितरित किए गए।

आयोजकों ने बताया कि यह रैली केवल प्रचार का माध्यम नहीं है, बल्कि समाज को जागरूक करने और सनातन संस्कृति के संरक्षण के लिए एक प्रेरणादायक प्रयास है। रैली के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि 18 जनवरी को होने वाला विराट हिंदू सम्मेलन एक सामान्य कार्यक्रम नहीं, बल्कि हिंदू समाज की चेतना, सांस्कृतिक विरासत और संगठनात्मक शक्ति का उत्सव होगा। कार्यक्रम में विभाग संघचालक ओमप्रकाश, सहविभाग प्रचारक अमित कुमार, जिला प्रचारक दुष्यंत, नगर प्रचारक कुलदीप, नगर कार्यवाह डालचंद, नगर संघचालक प्रदीप नवरंग सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं सनातनी बंधु उपस्थित रहे।

युवाओं की भारी सहभागिता ने आयोजन को और अधिक प्रभावशाली बना दिया। नगर में दिनभर इस जन-जागरण बाइक रैली की चर्चा होती रही और आगामी विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में यातायात पुलिस का सख्त अभियान

**नियम तोड़ने वालों के 139 चालान, 32 डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई**

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**




राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जनपद में यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत डग्गामार वाहनों, अवैध रूप से संचालित वाहनों, नियत क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर चलने वाले वाहनों तथा नियमों की अनदेखी करने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की गई।

जनपदीय यातायात पुलिस टीम ने प्रमुख मार्गों, बस अड्डों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुए सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को भी हटवाया। इस दौरान विभिन्न चौराहों पर वाहन चालकों और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा हेलमेट, सीट बेल्ट, गति सीमा और सुरक्षित ड्राइविंग का पालन करने की अपील की गई।

अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 139 वाहन चालकों के चालान किए गए, जिन पर 1 लाख 56 हजार 500 रुपये का शमन शुल्क अधिरोपित किया गया। इसके साथ ही 32 डग्गामार वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का पालन करने से ही सुरक्षित यातायात संभव है, इसलिए सभी वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत व्यावसायिक वाहन चालकों का स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण शिविर

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**




राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत बुधवार को परिवहन विभाग द्वारा डिग्री कॉलेज चौराहे पर स्थित शिव शक्ति बारात घर में व्यावसायिक वाहन चालकों के लिए स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ऑटो, टेंपो, ई-रिक्शा, मैजिक, बस, ट्रक, मिनी बस, मिनी ट्रक व टैक्सी चालकों ने प्रतिभाग किया।

जिला अस्पताल के जनरल फिजिशियन डॉ. महावीर सिंह एवं नेत्र चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव गंगवार ने कुल 68 वाहन चालकों का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण एवं नेत्र परीक्षण किया। जांच के दौरान आठ चालकों में रक्तचाप कम अथवा अधिक पाए जाने पर उन्हें आवश्यक उपचार व परामर्श दिया गया, जबकि तीन चालकों को चश्मे के नंबर बदलवाने की सलाह दी गई।

इस अवसर पर यात्रीकर/मालकर अधिकारी बर्डिस चतुर्वेदी सहित परिवहन विभाग के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि जैसे किसी व्यावसायिक वाहन का फिट होना जरूरी है, उसी तरह उसके चालक का शारीरिक रूप से स्वस्थ होना भी अत्यंत आवश्यक है। चालक की दृष्टि कमजोर होने या गंभीर बीमारी की स्थिति में सुरक्षित वाहन संचालन संभव नहीं हो पाता। इसी उद्देश्य से जनपद में यह स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया।

# छत्तीसगढ़ में हुनर दिखाएंगे पीलीभीत के खिलाड़ी

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**

जनपद के प्रतिभावान खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर मिलने जा रहा है। छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाले खेलो इंडिया अनुसूचित जनजाति खेलों में भाग लेने के लिए पीलीभीत जिले के इच्छुक खिलाड़ी 11 जनवरी तक गांधी स्टेडियम स्थित जिला खेल कार्यालय में पंजीकरण करा सकते हैं। यह जानकारी जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि लखनऊ स्थित खेल निदेशालय से प्राप्त निर्देशों के क्रम में छत्तीसगढ़ में खेलो इंडिया अनुसूचित जनजाति खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न राज्यों के खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में कुल सात खेल विधाओं का आयोजन किया जाएगा। इनमें फुटबॉल, हॉकी, तीरंदाजी (आर्चरी), तैराकी, एथलेटिक्स, वेटलिफ्टिंग और कुश्ती शामिल हैं। सभी खेलों में महिला एवं पुरुष वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकेंगे। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि पंजीकरण कराने के लिए खिलाड़ियों को आधार कार्ड और अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। बिना आवश्यक दस्तावेजों के पंजीकरण स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी योग्य और इच्छुक अनुसूचित जनजाति वर्ग के खिलाड़ियों से अपील की कि वे समय रहते गांधी स्टेडियम पहुंचकर अपना पंजीकरण अवश्य करा लें, ताकि राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा साबित करने का अवसर हाथ से न निकल जाए।

# भारतीय किसान यूनियन (भानु) का धरना अब 9 जनवरी को

**ग्राम पंचायत सचिव पर अनियमितताओं के आरोप, पूरनपुर ब्लॉक परिसर में होगा आंदोलन**

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर**



भारतीय किसान यूनियन (भानु) द्वारा पूर्व में 10 जनवरी को प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन को अवकाश के चलते एक दिन पूर्व 9 जनवरी, शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। यह धरना पूरनपुर ब्लॉक परिसर में किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। यह आंदोलन ग्राम पंचायत शेरपुर में लंबे समय से विवादों में घिरे पंचायत सचिव अखिलेश गुप्ता के खिलाफ किया जा रहा है। संगठन का आरोप है कि पंचायत सचिव द्वारा ग्राम पंचायत के कार्यों के संचालन में गंभीर अनियमितताएं बरती गई हैं, जिससे किसानों और ग्रामीणों को लगातार समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने सचिव को तत्काल शेरपुर ग्राम पंचायत से हटाने की मांग की है। यूनियन पदाधिकारियों का कहना है कि इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों को शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे किसानों में रोष बढ़ता जा रहा है। संगठन का आरोप है कि ग्राम पंचायत से जुड़े विकास कार्यों, अभिलेखों और सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता का अभाव है, जिसकी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। यूनियन ने सभी किसान साथियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में समय पर पूरनपुर ब्लॉक परिसर पहुंचकर धरना-प्रदर्शन को सफल बनाएं। धरना-प्रदर्शन को लेकर प्रशासन की ओर से भी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती किए जाने की संभावना है। किसानों का कहना है कि उनका आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहेगा, लेकिन मांगें पूरी होने तक संघर्ष जारी रहेगा।

# जल जीवन मिशन की धीमी रफ्तार पर सख्त जिलाधिकारी, जनवरी में हर हाल में बेहतर हो जलापूर्ति

**जन एक्सप्रेस । उरई**




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल योजना की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए कहा कि पेयजल आपूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब क्षम्य नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि अवशेष कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर आमजन को निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि योजना के अंतर्गत जनपद में लगभग 1600 किलोमीटर सड़कों की खुदाई की गई थी, जिनमें से 1260 किलोमीटर सड़कों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है। जांच में यह भी सामने आया कि 264 ग्राम पंचायतों में लगभग 330 किलोमीटर सड़क निर्माण अभी अवशेष है। इस पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी एजेंसियों जीवीपीआर एवं बीजीसीसी को निर्देश दिए कि 31 जनवरी तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में सड़क पुनर्निर्माण का कार्य अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए। बैठक में विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्यों के दौरान क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों के कारण कई ग्रामों में पिछले चार माह से बाधित जलापूर्ति हुई है। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग और संबंधित निर्माण खंडों को निर्देश दिए कि ग्राम कुरकुरू, करथरा, गुढ़ा, सिमरिया, टीहर, धन्जा एवं गिरथान सहित सभी प्रभावित गांवों में क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों को जनवरी माह के भीतर दुरुस्त कर जलापूर्ति सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिया एवं कल्वर्ट निर्माण के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, इसलिए भविष्य में ऐसे निर्माण कार्यों के प्राक्कलन में पाइपलाइन शिफ्टिंग को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा किसी भी खुदाई कार्य से पूर्व प्रतिदिन व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से वर्क प्लान साझा किया जाए, जिससे आपसी समन्वय स्थापित कर नुकसान से बचा जा सके। विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याओं पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि कोटा मुस्तकिल पेयजल योजना के अंतर्गत इंटेकवेल एवं जल शोधन संयंत्र को स्वतंत्र फीडर से जोड़ा जाना आवश्यक है, ताकि लो वोल्टेज की समस्या समाप्त हो सके। सहाव, धनौरा कलां, सरावन, सारंगपुर, मिझौना, सिंगपुरा एवं चतेला नलकूप पेयजल योजनाओं में स्थापित ट्रांसफॉर्मरों पर दो दिन के भीतर विद्युत आपूर्ति प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को चेतावनी देते हुए कहा कि मैनपॉवर बढ़ाकर सड़क पुनर्निर्माण, पाइपलाइन मरम्मत और जलापूर्ति कार्यों में तेजी लाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि हर घर जल योजना सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।।इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता नमामि गंगे ग्रामीण अंचल गुप्ता, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले दो चचेरे भाई गिरफ्तार

**उरई।** एट थाना क्षेत्र में दो सगे चचेरे भाइयों ने नशीला पदार्थ खिलाकर युवती के साथ गैंगरेप की वारदात को अंजाम दे दिया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने जांच के बाद दोनों आरोपियों को गिरफतार किया। कोच कोतवाली क्षेत्र निवासी युवती के पिता ने एट थाने में तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि एट थाना क्षेत्र के ग्राम अकोडी बैरागड निवासी ऋषि पटेल पुत्र मनोज पटेल व सिदार्थ पटेल पुत्र प्रद्युम पटेल द्वारा एकराय होकर मेरी पुत्री को नशीला पदार्थ खिलाया और उसे अपने गांव ले गए।
जहां पर दोनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। वहीं पुलिस ने पीड़िता के बयान दर्जकर दोनों लड़कों की तलाश शुरू कर दी। जिस पर बुधवार सुबह पुलिस को सूचना मिली की दोनों आरोपी बैरागढ़ रोड बाबा की कोठी के पास खड़े है, और कहीं भागने की फिराक में है। तभी पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दविश दी और घेराबंदी कर दोनों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध पुलिस सम्बन्धित कारवाई कर उनका चालान कर दिया।

# गौवंश संरक्षण के प्रति संवेदनशील पहल, डीएम ने गौशाला पहुंचकर पहनाए काऊ कोट



**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकासखंड डकोर के ग्राम नुनसाईं स्थित गौशाला का निरीक्षण कर गौवंश संरक्षण के प्रति प्रशासन की संवेदनशील प्रतिबद्धता का परिचय दिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने ठंड से बचाव हेतु गौवंशों को काऊ कोट पहनाए तथा स्नेहपूर्वक गुड़ खिलाकर उनके स्वास्थ्य एवं पोषण की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौशाला में चारा, पेयजल, साफ-सफाई एवं ठंड से बचाव की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौवंशों की देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि गौवंश संरक्षण शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और गौशालाओं में मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। जिलाधिकारी ने गौशाला प्रबंधन समिति को निर्देश दिए कि नियमित निरीक्षण कर गौवंशों के स्वास्थ्य की निगरानी की जाए तथा शीतलहर के दृष्टिगत आवश्यक सभी इंतजाम समय से पूरे किए जाएं, ताकि गौवंश सुरक्षित एवं स्वस्थ रहें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, ग्राम प्रधान, कार्यक्रम अधिकारी शरद अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# सड़क पार करते समय कार की चपेट में आने से चाची की मौत, भतीजी गम्भीर

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कोतवाली क्षेत्र में कालपी रोड पर इंडस्ट्रियल एरिया में सड़क पार करते समय तेज रफ्तार कार ने चाची व भतीजी को टक्कर मार दी। हादसे में चाची की मौत हो गई, जबकि भतीजी गंभीर रूप से घायल हो गई। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम राहिया निवासी रामादेवी 45 वर्ष पत्नी योगेंद्र सिंह पाल अपनी 12 वर्षीय भतीजी आयुषी पुत्री देवेंद्र पाल निवासी ग्राम राहिया के साथ मंगलवार देर शाम को जानवरों के लिए मटर का हरा चारा लेने गई थी। जो चारा लेने के बाद गठरी लेकर वापस गांव की ओर जा रही थी। इसी बीच इंडस्ट्रियल एरिया में पड़ने वाली नीलगिरी फैक्ट्री के सामने सड़क पार करते समय उन्हें तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। पीछे से लगी टक्कर के कारण रामादेवी सिर के बल सड़क पर गिरी और सिर पर गहरी चोट के कारण उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं उनकी भतीजी आयुषी भी गम्भीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना के बाद चालक तेज गति से गाड़ी को आटा की तरफ भगाकर ले गया। लेकिन आस पास के लोगों ने घटना देखने के बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही हरकत में आई आटा थाना पुलिस ने घेराबंदी की और घटना को अंजाम देकर भाग रहे चालक को कार सहित दबोच लिया। पलिस का कहना है कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# लाभार्थियों से संवाद कर लक्ष्य पूर्ति के जिलाधिकारी ने दिये निर्देश

**जन एक्सप्रेस । उरई**




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति/कन्वर्जेन्स विभाग की समीक्षा बैठक कर बाल विकास एवं पोषण से जुड़ी योजनाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं में किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण लाभ सुनिश्चित किया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, एनआरसी में बच्चों का संदर्भन, आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण, मिशन कर्मयोगी तथा आंगनवाड़ी सहायिका भर्ती प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा की गई। पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों के फेस कैप्चरिंग एवं ई-केवाईसी में खराब प्रगति पाए जाने पर सीडीपीओ माधौगढ़ एवं कुठौंद को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए, जबकि फेस कैप्चरिंग के माध्यम से पोषाहार वितरण में लापरवाही पर सीडीपीओ कुठौंद व कदौरा को चेतावनी दी गई। जिलाधिकारी ने सभी सीडीपीओ व सुपरवाइजरों को निर्देशित किया कि वे नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि समस्त पात्र लाभार्थियों को बिना किसी अनियमितता के पोषाहार प्राप्त हो। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति कम पाए जाने पर प्रत्येक सप्ताह मॉनिटरिंग करने तथा 31 मार्च 2026 तक शत-प्रतिशत आवेदन कराने के निर्देश दिए गए। एनआरसी में दिसंबर 2025 में मात्र 09 बच्चों के भर्ती होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक परियोजना से कम से कम 02-02 बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराया जाए। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला व ब्लॉक कोऑर्डिनेटरों को 26 जनवरी को प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. देवेंद्र भिटौरिया, जिला विकास अधिकारी निशांत पांडेय, जिला पंचायती राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश, जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद अवस्थी सहित समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविकाएं, लिपिक एवं जिला/ब्लॉक कोऑर्डिनेटर उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कुठौंद थाना क्षेत्र के बहादुरपुर नहर कोठी परिसर में बुधवार सुबह एक युवक का शव महुआ के पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतक की पहचान ग्राम बिलौंहा, कस्बा कुठौंद निवासी माता प्रसाद पुत्र दुजु पाल 35 वर्ष के रूप में हुई है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया गया कि माता प्रसाद का अपनी पत्नी प्रवेशी से पूर्व में पारिवारिक विवाद चल रहा था। जिसे कुछ माह पूर्व परिवार न्यायालय के माध्यम से सुलझा लिया गया था। इसके बाद से वह पत्नी के साथ उरई में रहकर मेहनत-मजदूरी कर जीवन यापन कर रहा था। बताया जाता कि सुबह के समय कुछ बच्चों ने शव को पेड़ से लटका देखा, जिसके बाद उन्होंने ग्रामीणों को सूचना दी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। मृतक के दो भाई राजू और वीरेंद्र ग्राम बिलौंहा में ही रहते हैं। मृतक का 13 वर्षीय पुत्र दीपांशु है, जो अपनी मां के साथ उरई में रहता है। मृतक के भाई वीरेंद्र ने बताया कि माता प्रसाद उरई में रह रहा था, ऐसे में उसका शव यहां कैसे पहुंचा, यह गंभीर जांच का विषय है। सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ अंबुज यादव, रामपुरा थाना एवं कुठौंद थाना की पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पुलिस ने 25 हजार के इनामी गैंगस्टर को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



जनपद हरदोई के कछौना थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।
पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर की गई कार्रवाई में शमशाद पुत्र इस्लाम को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त फिरोजाबाद जनपद के थाना रामगढ़ क्षेत्र के मोहल्ला नूर नगर का निवासी है। उसके विरुद्ध उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज था।पुलिस जांच में सामने आया है कि अभियुक्त अपने गिरोह के साथ मिलकर आर्थिक और भौतिक लाभ के लिए टप्पेबाजी जैसे अपराधों और अन्य समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त था। अभियुक्त की गिरफ्तारी पर एसपी द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।गिरफ्तार अभियुक्त शमशाद के खिलाफ हरदोई जिले के बघौली, कछौना और मल्लावां थानों में चोरी और धोखाधड़ी से जुड़े कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि अभियुक्त का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है।इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में कछौना थाने के उपनिरीक्षक राजेश सिंह, उपनिरीक्षक शुभम मिश्रा, महिला उपनिरीक्षक समीक्षा कटियार, हेड कांस्टेबल अखण्ड प्रताप सिंह और कांस्टेबल तूफान सिंह शामिल रहे।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है और गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## मुकदमे में सुलह न लगाने पर पिटाई

**जन एक्सप्रेस/शाहाबाद।** ग्राम बिलालपुर मजरा रहीमपुर में मारपीट के केस में सुलह न लगाने पर आरोपी ने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। पीड़ित राम प्रताप पुत्र विनोद के अनुसार वह एक पैर से विकलांग है। उसका मारपीट का एक मुकदमा गाँव निवासी अर्जुन पुत्र कलिका के विरुद्ध चल रहा है। आरोपी उस पर सुलह लगाने का दवाब बना रहा है। उसके द्वारा मना कर देने पर आरोपी ने 4 जनवरी की रात अपने साथी साँवल और भाई अशोक, रोशन के साथ उसे गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मार डालने की धमकी दी। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

# डीएम के निर्देश पर प्रशासन ने अवैध निर्माण पर चलाया बुलडोजर



**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**

जिलाधिकारी अनुनय झा के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने कोतवाली क्षेत्र के दिउसीपुर गांव में बुधवार को किसान की निजी जमीन पर अवैध पक्के निर्माण को बुल्डोजर से ध्वस्त कर दिया गया हैं। जानकारी के अनुसार हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव निवासी आदेश शुक्ला ने विगत दिनों अवैध कब्जे को लेकर जिलाधिकारी से शिकायत की थी। शिकायत में उन्होंने बताया था कि खसौरा ग्राम पंचायत के दिउसीपुर गांव में उनकी निजी जमीन पर गांव निवासी अनिल, पवन, मनसुख ने अवैध रूप से कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया है। शिकायत की जांच के बाद जिलाधिकारी ने अवैध निर्माण गिराने का आदेश दिया था। बुधवार को एसडीएम मयंक कुंडू के नेतृत्व में नायब तहसीलदार राजेश पटेल पुलिस क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र कुमार सिंह सहित राजस्व टीम समेत पुलिस टीम ने मौके पर अवैध कब्जे को बुलडोजर की सहायता से गिरवाने की कार्यवाही की हैं। महिलाओं द्वारा कब्जा हटाने की कार्यवाही का विरोध करने पर महिला पुलिस कर्मियों ने उनको हिरासत में लेकर पास खड़ी बस बैठा दिया गया। यह कार्यवाही लगभग 5 घंटे तक चली हैं। एसडीएम मयंक कुंडू ने बताया कि अवैध कब्जा करने वालों को 15 दिन पहले ही नोटिस जारी कर स्वयं कब्जा हटाने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, कब्जेदारों ने इस चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया। बुधवार को राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर जमीन को कब्जा मुक्त कराया हैं।

### पांच थानों की पुलिस फोर्स रही तैनात

कब्जे हटाने की कार्यवाही की दौरान पुलिस क्षेत्राधिकरी रवि प्रकाश नेतृत्व में पीएसी बल सहित हरपालपुर, अरवल, सांडी, सवायजपुर, बेहटा गोकुल, लोनार सहित पांच थानों का पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

## जिलाधिकारी ने जन सुनवाई में सुनी शिकायतें : जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना तथा जन सुनवाई मे आज कुल 93 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। जन सुनवाई मे आज एक 01 दिव्यांग कार्ड, 02 निराश्रित महिला पेंशन, 01 वृद्धावस्था पेंशन तथा 02 बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ दिलाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणावत्तापूर्ण ढंग से हो। राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये। पात्रो को योजनाओं का लाभ दिया जाये। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट भूमिका यादव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राजस्व निरीक्षक और सहायक 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों धरे गये

**जन एक्सप्रेस । बरेली**

सरकारी दफ्तरों में फैले भ्रष्टाचार पर एक बार फिर करारा प्रहार हुआ है। जमीन की पैमाइश के नाम पर रिश्वत मांगने वाले राजस्व तंत्र की पोल खोलते हुए भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली ने राजस्व निरीक्षक और उसके सहायक को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से राजस्व विभाग में हड़कंप मच गया है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली के प्रभारी निरीक्षक इश्तियाक वारसी ने बताया कि थाना सिरौली क्षेत्र के ग्राम केसरपुर निवासी पंकज ने संगठन में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसकी भूमि की पैमाइश कराने के लिए राजस्व निरीक्षक वीरेंद्र पाल सिंह ने 20 हजार रुपये की अवैध मांग की थी। शिकायत की सत्यता परखने के बाद ट्रैप की योजना बनाई गई। योजना के तहत बुधवार अपराह्न कस्बा सिरौली में पानी की टंकी के पास नलकूप संख्या-02 के समीप जैसे ही राजस्व निरीक्षक वीरेंद्र पाल सिंह और उसका सहयोगी (प्राइवेट व्यक्ति) सर्वेश कुमार सिंह (निवासी ग्राम बनईया, थाना मीरगंज) रिश्वत की रकम ले रहे थे, तभी टीम ने दबिश देकर दोनों को रंगे हाथों दबोच लिया। मौके से 20 हजार रुपये की रिश्वत राशि बरामद की गई। प्रभारी निरीक्षक इश्तियाक वारसी के अनुसार दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना भमोरा में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। आगे की विधिक कार्रवाई जारी है। इस कार्रवाई ने एक बार फिर यह साफ कर दिया है कि पैमाइश, दाखिल-खारिज जैसे मामलों में आम जनता से खुलेआम वसूली की जा रही है।

# डीएम की अध्यक्षता मे हुई निपुण भारत समिति की बैठक

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**




विवेकानंद सभागार में डीएम अनुनय झा की अध्यक्षता में चकबंदी विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अविवादित वरासत के प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे मामलों को प्राथमिकता पर निपटाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि चकबंदी की प्रक्रिया को निर्धारित समयसीमा में तेजी से आगे बढ़ाया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि अधिकारियों द्वारा अविवादित वरासत से संबंधित आंकड़ों का स्पष्ट एवं व्यवस्थित विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस पर उन्होंने निर्देश दिए कि अगली बैठक मे पुनः तैयारी के साथ सटीक व अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि चकबंदी कार्यों में शिथिलता व लापरवाही किसी भी स्तर पर क्षम्य नही होगी तथा कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने 5 साल से पुराने वादों के निस्तारण न होने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, एसओसी चकबंदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# भाकियू (दशहरी) गुट ने किसानों की समस्यायों से सम्बंधित एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । हरपालपुर**



भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी गुट के जिला अध्यक्ष ने क्षेत्र के किसानों से जुड़ी समस्याओं को लेकर एसडीएम सवायजपुर को चार सूत्रीय मांग पत्र सौपा है।
भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी गुट के जिला अध्यक्ष प्रमोद सिंह यादव ने उपजिला अधिकारी सवायजपुर मयंक कुंडू को दिए गए मांग पत्र में बताया सांडी विकास क्षेत्र के बेहथर-खैरुद्दीनपुर मार्ग के बीच नाले में पुलिया निर्माण का कार्य कराया जाए। हरपालपुर मुख्य मार्ग का करीब 5 करोड़ की लागत से छह माह पूर्व चौड़ीकरण का कार्य कराया गया था। जो अभी तक अपूर्ण है। मुख्य मार्ग की जद में आ रहे करीब 150 विद्युत पोलों को तत्काल हटाया जाए। जिससे कि आवागमन सुगम हो सके। दहेलिया ग्राम पंचायत में चकबंदी प्रक्रिया में जमकर धांधली की गई है। जिसे तत्काल निरस्त किया जाए। हरपालपुर में गौशाला का निर्माण कराया जाए। जिससे आवारा पशुओं को संरक्षित किया जा सके।इस मौके पर तहसील अध्यक्ष लल्लन कुशवाहा, पिंटू सिंह, सौरव यादव, आसिफ खां मौजूद रहे।

# गोवंश संरक्षण शासन की प्राथमिकता, लापरवाही नहीं चलेगी : जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**



जनपद में गोवंशों के संरक्षण एवं संवर्द्धन के उद्देश्य से जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में जिलास्तरीय अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में गौ आश्रय स्थलों की वर्तमान स्थिति, गोवंशों की संख्या, चारा, चिकित्सा व्यवस्था, ठंड से बचाव तथा गौशालाओं को स्वावलंबी बनाने की कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने गोसदन मधवलिया की समीक्षा करते हुए उसे मॉडल गोसदन के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाए, इसके लिए स्वयं सहायता समूहों को अधिक सक्रिय किया जाए। साथ ही कार्ययोजना बनाकर साइलेज उत्पादन बढ़ाने और जनपद के सभी गौआश्रय स्थलों की हरे चारे की आवश्यकता पूरी करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त गौकाष्ठ उत्पादन को व्यवस्थित एवं बढ़ाने पर भी जोर दिया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन गौशालाओं में निर्धारित क्षमता से कम गोवंश हैं, वहां से गोवंशों को नजदीकी गौशालाओं में स्थानांतरित किया जाए, जिससे बेहतर देखभाल सुनिश्चित हो सके। सभी गौशालाओं में बीमार गोवंशों के लिए पृथक कक्ष की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करने को कहा गया। उन्होंने पशुपालन विभाग एवं संबंधित बीडीओ/ईओ को नोडल अधिकारियों की निरीक्षण आख्या का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।उन्होंने जनपद में उपलब्ध गोचर भूमि के सत्यापन एवं चारा भूमि की फेंसिंग, विशेषकर बायो फेंसिंग, शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। गौ आश्रय स्थलों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गौमूत्र, गोबर आधारित दीये, खाद एवं अन्य गो-उत्पादों के निर्माण एवं विक्रय की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके लिए स्वयं सहायता समूहों से चर्चा कर उपयुक्त गौशालाओं का चयन करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारियों को अपने-अपने आवंटित गौशालाओं का नियमित निरीक्षण कर समय से प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि गोवंश संरक्षण शासन की प्राथमिकता है, अतः सभी संबंधित अधिकारी जिम्मेदारी के साथ कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करें। साथ ही मुख्यमंत्री सुपुर्दगी योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर गोवंशों की सुपुर्दगी बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद की कुल 31 गौशालाओं में 2776 गोवंश संरक्षित हैं। इनमें गोसदन मधवलिया में 656, अस्थायी गोआश्रय स्थलों में 693, वृहद गोसंरक्षण केंद्रों में 332, कान्हा हाउस में 266 तथा कांजी हाउस में 191 गोवंश संरक्षित हैं। निराश्रित गोवंशों को पकड़ने के लिए विभिन्न ब्लॉकों एवं निकायों में 06 कैटल कैचर कार्यरत हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, सीवीओ डॉ. हौसला प्रसाद, डीडीओ बी.एन. कन्नौजिया, डीसी एनआरएल एम मो. जाकिर, परियोजना निदेशक राम दरश चौधरी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार, जेल



**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले की मानिकपुर थाने की पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व एससी एसटी एक्ट के मुकदमे से संबंधित एक आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार किया है। एसपी दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय व सीओ कुण्डा अमरनाथ गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण में थाना प्रभारी मानिकपुर नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एसआई अमरनाथ सिंह व उनकी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक वांछित अभियुक्त आदर्श सिंह को थाना इलाके के उच्च प्राथमिक विद्यालय खमसरा के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने बुधवार को जेल भेज दिया।

# मिशन शक्ति अभियान : महिलाओं एवं बालिकाओं को किया जागरूक



**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले की पट्टी थाने की मिशन शक्ति टीम ने मिशन शक्ति फेज- 5.0 के तहत थाना इलाके में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही उन्हें कौशल विकास योजना, उत्तर प्रदेश कन्या सुमंगला योजना, वन स्टॉप सेंटर योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं निराश्रित महिला पेंशन योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा सार्वजनिक स्थानों एवं बाजार क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा उपायों तथा साइबर अपराध से बचाव के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान शासन द्वारा संचालित पुलिस आपातकालीन सेवा, वुमेन पावर लाइन, महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं साइबर अपराध हेल्पलाइन समेत विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में बताया गया तथा किसी भी समस्या या आपात स्थिति में तत्काल सहायता प्राप्त करने हेतु इनके उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से पुलिस का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना, अपराधों की रोकथाम करना एवं उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है, ताकि वे निर्भय होकर अपने दैनिक जीवन का संचालन कर सकें।

# एएसपी ने की अभियोजन अधिकारियों के साथ बाल इकाई की बैठक



**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**

जिले में बुधवार को पुलिस लाइन के सई काम्प्लेक्स में बाल अपराधों की रोकथाम एवं बाल संरक्षण के मद्देनजर एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय द्वारा अभियोजन अधिकारियों की उपस्थिति में विशेष किशोर पुलिस इकाई (बाल कल्याण) की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के सभी थानों से बाल एवं किशोर इकाई हेतु नामित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान बाल संरक्षण कानून, पास्को अधिनियम, जेजे एक्ट, बाल अपराधों की रोकथाम, पीड़ित बच्चों के प्रति संवेदनशील व्यवहार तथा केस वर्क की गुणवत्तापूर्ण पैरवी सुनिश्चित करने संबंधी आवश्यक दिशानिर्देश प्रदान किए गए। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी द्वारा प्रत्येक थाने में सक्रिय किशोर पुलिस इकाई को और मजबूत करने, बाल पीड़ितों से जुड़े प्रकरणों में त्वरित एवं पारदर्शी कार्यवाही करने तथा किशोरों से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता, समन्वय एवं सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को अपने-अपने क्षेत्र में बाल सुरक्षा से जुड़ी गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## सलेमपुर बस स्टेशन निर्माण में बाधा बने अवैध कब्जे हटेंगे

**देवरिया।** नगर के सुगही वार्ड में बस स्टेशन के निर्माण में बाधक बन रहे अवैध कब्जे हटाए जाएंगे। ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने इसके लिए जिला प्रशासन को पत्र भेजा था। इस पर डीएम दिव्या मित्तल ने एसडीएम को टीम गठित कर कार्रवाई का निर्देश दिया है। राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम की तरफ से भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि सलेमपुर बस स्टेशन का निर्माण कार्य यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण स्थल पर भूमि खाली न होने के कारण कार्य सुचारू रूप से आगे नहीं बढ़ पा रहा है। एक व्यक्ति द्वारा निगम की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर मकान बना लिया गया है। कई बार निगम के तरफ से नोटिस जारी किया गया बावजूद अभी तक भूमि खाली नहीं की गई है, जिससे निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रहा है। पत्र में यह भी कहा गया है कि बस स्टेशन सलेमपुर क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण जनसुविधा परियोजना है, जिससे आमजन को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

# ब्लॉक प्रमुख ने प्रदेश अध्यक्ष को चांदी का मुकुट पहनाकर किया स्वागत

**जन एक्सप्रेस । पनियरा /महराजगंज।**



भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता, महराजगंज के सांसद एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद जनपद में उनके प्रथम आगमन पर अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। जनपद की सीमा कतरारी में प्रवेश करते ही कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। जगह-जगह तोरण द्वार बनाए गए, ढोल-नगाड़ों और गगनभेदी नारों के बीच काफिला आगे बढ़ता रहा। उनके स्वागत कार्यक्रम के दौरान पनियरा ब्लॉक प्रमुख एवं प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला ने प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी को चांदी का मुकुट पहनाकर और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान प्रकट किया। जिससे कार्यक्रम स्थल पूरी तरह उत्साह और उमंग से भर उठा। जन एक्सप्रेस के संवाददाता वेद प्रकाश शुक्ला को बताया कि पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाना महराजगंज जिले के लिए गर्व की बात है। इनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा कार्यकर्ताओं को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। यह नियुक्ति पूरे पूर्वांचल के विकास को भी नई गति देने वाली साबित होगी।

### विकास की नई उम्मीदें

स्वागत समारोह में मौजूद पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री जैसे अनुभवी नेता को प्रदेश की कमान मिलने से कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। उन्होंने विश्वास जताया कि पंकज चौधरी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे और जिले में चल रही विकास परियोजनाओं को और विस्तार मिलेगा।

### कार्यकर्ताओं में दिखा जोश

पंकज चौधरी के आगमन पर जिले भर के पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। समर्थकों का मानना है कि उनका लंबा राजनीतिक अनुभव और क्षेत्र की समस्याओं की गहरी समझ आगामी चुनावों में भाजपा के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

इस दौरान पनियरा प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सतीश सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि गणेश प्रजापति, अखिलेश जायसवाल, प्रधान अमरजीत यादव, नीरज कुमार, वीरेंद्र यादव, सुनील चौधरी, राजेश पाल, पूर्व प्रमुख जयनाथ सिंह, पूर्व प्रधान रामलखन सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले के विकास खण्ड सदर में बुधवार को जगवन्ती प्रिन्टिंग प्रेस, कुमार प्रिन्टिग प्रेस, विद्या प्रिन्टिग प्रेस, प्रतीक ज्वैलर्स के दुकानों पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की टीम द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत लगभग 150 लोगों को ऑनलाइन पोर्टल लिंक के माध्यम से शपथ दिलाया गया और सभी लोगों को बाल विवह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। उसी क्रम में क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान (अफीम कोठी) में हब फॉर इम्पावरमेन्ट की टीम द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत लगभग 90 लोगों को ऑनलाइन पोर्टल लिंक के माध्यम से शपथ दिलाया गया और सभी लोगों को बाल विवाह प्रतिषेध के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। एक जनवरी से लगातार जैसे- बेल्हा देवी धाम, चन्द्रिकन धाम सण्डवा चन्द्रिका, शीतला धाम कटरा, बाल विकास परियोजना अधिकारी सदर आदि स्थलों पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान हब फॉर इम्पावरमेन्ट की टीम द्वारा चलाया गया। बीते 28 नवंबर से लगातार जैसे- कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मानधाता, ग्राम पंचायत गनईडीह, सैयद यासीनपुर नवाबगंज, घुईसरनाथ संगीपुर, जिला चिकित्सालय प्रतापगढ़, निर्मला पब्लिक स्कूल देवकली, गर्ल्स इन्टर कालेज प्रतापगढ़, रामपुरिया गार्डेन कटरा, कस्तूरबा गांधी विद्यालय विकास खण्ड पट्टी, स्कालर्स ऐकडमी भंगवा चुगीं, कौशल विकास केन्द्र चिलबिला प्रतापगढ़ आदि स्थलों पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 प्रतापगढ़ की टीम द्वारा चलाया गया।

## अवमानना मामले में जवाब दाखिल करने के दिए निर्देश

**कुशीनगर।** उच्च न्यायालय के आदेश और जिलाधिकारी के रिसीवरशिप के बावजूद पडरौना स्टेट की कानूनी दांवपेंच में फंसी जमीनों की धड़ल्ले से हो रहे खरीद फरोख्त मामले में उच्च न्यायालय ने दाखिल किए गए अवमानना वाद पर मंगलवार को सुनवाई की। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए विपक्षी को अपना प्रति शपथ पत्र दाखिल करने के लिए अगले तीन हफ्ते के समय निर्धारित किया है। बता दें कि रानी रेवती देवी रवि प्रताप न्यास की मुख्य ट्रस्टी डा. मधु दीक्षित की तरफ से दाखिल इस मुकदमे में आदित्य प्रताप नारायण सिंह सहित कुल 195 लोगों को शामिल किया गया है। पडरौना राज दरबार की जमीनों का बड़ा हिस्सा कुशीनगर जिले के कई तहसील क्षेत्रों में फैला हुआ है। खासकर पडरौना और खड्डा तहसील क्षेत्र में राजदरबार की जमीनों पर सीलिंग से जुड़े मुकदमे के बीच चकबंदी विभाग पर इन जमीनों पर मनमाने तरीके से नियम विपरीत दूसरे लोगों का नाम चढ़ाने का आरोप लगता रहा है।

# जनवरी में गरीबों को राहत, अंत्योदय-पात्र गृहस्थी को मिलेगा गेहूं-चावल

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**




आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत जनपद महराजगंज में माह जनवरी, 2026 के सापेक्ष आच्छादित अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशनकार्डधारकों को निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। यह वितरण दिनांक 08 जनवरी 2026 से 28 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि निर्देशों के अनुपालन में उचित दर विक्रेताओं द्वारा ई-वेइंग लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से अंत्योदय राशनकार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं एवं 21 किलोग्राम चावल का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थी राशनकार्ड धारकों को प्रति यूनिट 2 किलोग्राम गेहूं तथा 3 किलोग्राम चावल निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि निर्धारित वितरण अवधि में सभी उचित दर की दुकानें प्रातः 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक खुली रहेंगी। वितरण के दौरान कोविड प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी ने राशनकार्डधारकों से अपील की है कि वे उचित दर विक्रेताओं को सहयोग प्रदान करते हुए कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें और नियमानुसार आवश्यक वस्तुएं प्राप्त करें।

# अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु 31 जनवरी तक करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**



जिले में बुधवार को सहायक श्रम आयुक्त सुविज्ञ सिंह ने बताया कि उ. प्र. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय बेलहट कोरांव प्रयागराज में प्रवेश सत्र 2026-27 के लिए कक्षा-6 में 160 बच्चे ( 80 बालक एवं 80 बालिकाएं) तथा कक्षा-9 में 61 बच्चे (30 बालक एवं 31 बालिकायें) को प्रवेश दिया जायेगा।

प्रवेश हेतु पात्र विद्यार्थी 31 जनवरी 2026 तक ऑफलाइन व आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अटल आवासीय में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चे ( जिनकी सदस्यता 30 नवंबर 2025 तक न्यूनतम तीन वर्ष पूर्ण हो ) के बच्चे, कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चे एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत आने वाले बच्चे प्रवेश हेतु पात्र हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन-पत्र जनपद प्रतापगढ़ के सभी खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, उपायुक्त मनरेगा कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय एवं तहसील स्तरीय श्रम कार्यालयों से प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। सीबीएसई से संबद्ध अटल आवासीय विद्यालय एक आधुनिक सह-शैक्षिक आवासीय विद्यालय है, जहाँ विद्यार्थियों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, वेशभूषा, स्टेशनरी, भोजन तथा बालक एवं बालिकाओं के लिए पृथक छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

## मारपीट कर रुपये छीनने का लगाया आरोप

**कुशीनगर।** बरवापट्टी थाना क्षेत्र के अमवादीगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने चार लोगों पर रास्ते में घेर कर मारपीट करने और बैंक से रुपये निकालकर घर ले जा रहे 40 हजार रुपये छीनने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

विशुनपुरा थाना क्षेत्र के अमवादीगर निवासी अरविंद कुशवाह ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि मंगलवार की शाम करीब तीन बजे वे रामपुर बरहन स्थित ग्राहक सेवा केंद्र से 40 हजार रुपये निकालकर पांडेय पट्टी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बिना नंबर की बाइक सवार चार लोग उन्हें रास्ते में घेर उनके साथ मारपीट की और उनके पास रखे 40 हजार रुपये छीनकर भाग गए। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है। मारपीट का मामला है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

# एसपी ने कार्यालय में सुनी फरियाद, लंबित मामलों के निस्तारण का निर्देश

**जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़**




जिले में बुधवारवार को एसपी दीपक भूकर ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया और इसके साथ ही निर्देश दिया कि जिले के सभी थाना प्रभारी थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्या को गंभीरता से लेकर उसका समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।

प्रत्येक शिकायत पर तथ्यों का अवलोकन करते हुए संबंधित राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने के उद्देश्य से प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख हो।

उन्होंने थानों से आने वाले लोगों की समस्याओं को सुना और कुछ मामलों में संबंधित को आदेशित कर तत्काल कार्रवाई करने को कहा। थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि थाने पर किसी भी फरियादी के आने पर उसकी बातों को सुना जाए और तत्काल प्रार्थना पत्र लेकर उसे पर उचित कार्रवाई हो। कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान एसपी दीपक भूकर के साथ अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनंदन राय व सीओ लाइन शिवनारायण वैस भी मौजूद रहे।

# चकबंदी में भारी अनियमितता का आरोप, ग्राम कैलावर के काश्तकारों में आक्रोश

■ धारा 52 के प्रकाशन से पहले ही मनमानी, छोटे-छोटे अनुपयोगी चक बांटने का आरोप




**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

तहसील मड़ियाहूं क्षेत्र के ग्राम सभा कैलावर में चल रही चकबंदी प्रक्रिया को लेकर काश्तकारों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्राम सभा के समस्त काश्तकारों ने जिलाधिकारी जौनपुर को सामूहिक शिकायत पत्र देकर चकबंदी कार्य में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। काश्तकारों का कहना है कि उत्तर प्रदेश चकबंदी अधिनियम की धारा 52 का अब तक विधिवत प्रकाशन नहीं हुआ है, इसके बावजूद संबंधित चकबंदी अधिकारियों द्वारा धारा 52 के प्रकाशन की प्रक्रिया को जल्दबाजी में आगे बढ़ाया जा रहा है। आरोप है कि चकबंदी के मूल उद्देश्य को ताक पर रखकर किसानों को बेहद छोटे-छोटे, बिखरे और अनुपयोगी चक दे दिए गए हैं।

कई किसानों को मात्र 9 एअर, 10 एअर और 20 एअर जैसे चक आवंटित किए गए हैं, जो खेती के लिए पूरी तरह अव्यवहारिक हैं।

काश्तकारों ने बताया कि चकबंदी का उद्देश्य छोटे व बिखरे खेतों को समाप्त कर बड़े, समेकित और उपयोगी चक देना है, ताकि कृषि कार्य सुचारु रूप से हो सके, लेकिन ग्राम कैलावर में ठीक इसके विपरीत कार्य किया जा रहा है। स्थिति यह है कि ग्राम सभा में दर्जनों आपत्तियां और वाद अब भी लंबित हैं, जिनका निस्तारण किए बिना ही अभिलेखों में 41/45 की प्रविष्टियां कर दी गई हैं।

अधिकांश काश्तकारों को न तो इसकी विधिवत सूचना दी गई और न ही उनकी सहमति ली गई।

## बाग और आबादी का गलत मूल्यांकन, किसानों को भारी नुकसान

काश्तकारों ने आरोप लगाया कि गाटा संख्या 90, 106, 121, 122, 492, 493, 494, 495 व 526 में स्थित बागों का गलत तरीके से मूल्यांकन किया गया है, जिससे किसानों को आर्थिक क्षति हो रही है। वहीं गाटा संख्या 425, जो आबादी की भूमि है और जिस पर मकान बने हुए हैं, उसका भी गलत मूल्यांकन कर दिया गया है। इसके साथ ही कई काश्तकारों को 41 व 45 की प्रतियां तक उपलब्ध नहीं कराई गईं।

## धारा 52 का प्रकाशन हुआ तो होगी अपूरणीय क्षति

ग्रामीणों का कहना है कि यदि वर्तमान स्थिति में धारा 52 का प्रकाशन कर दिया गया तो समस्त काश्तकारों को अपूरणीय क्षति होगी और पूरी चकबंदी प्रक्रिया अपने उद्देश्य से भटक जाएगी। इससे गांव में असंतोष और अविश्वास का माहौल लगातार गहराता जा रहा है।

### जांच और कार्रवाई की मांग

- ग्रामवासियों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि ग्राम सभा कैलावर में धारा 52 का प्रकाशन तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाए, सभी लंबित आपत्तियों व वादों का निष्पक्ष व पारदर्शी निस्तारण कराया जाए तथा छोटे-छोटे और अनुपयोगी चकों को समाप्त कर किसानों को बड़े, समेकित और व्यवहारिक चक दिए जाएं।
- साथ ही चकबंदी प्रक्रिया में हुई अनियमितताओं की जांच कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।
- ग्रामीणों को उम्मीद है कि जिला प्रशासन मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र हस्तक्षेप करेगा और ग्राम सभा कैलावर के काश्तकारों को न्याय दिलाएगा

# प्रधान पर विकास कार्यों में मनमानी का आरोप, कार्यवाही की मांग

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**




बुधवार को बहादुरपुर विकास खण्ड क्षेत्र के कसैला निवासी पवन कुमार गुप्ता ने ग्राम पंचायत कन्हौली में ग्राम प्रधान द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यों में बड़े पैमाने पर मनमानी का आरोप लगाते हुये मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि विन्दुवार विकास कार्यों की जांच और भौतिक सत्यापन कराकर सरकारी धन के दुरूपयोग को देखते हुये दोषियों पर कार्रवाई और धन की रिकबरी कराया जाय।

मुख्य विकास अधिकारी को दिये पत्र में पवन कुमार गुप्ता ने कहा है कि ग्राम पंचायत कन्हौली में कच्चे चकरोड पर भूमि सुधार कार्य पर मस्टररोल जनरेट कराकर ग्राम रोजगार सेवक द्वारा श्रमिको की फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है। जबकि जिस चकरोड़ पर मस्टर रोल जनरेट कराया गया है उस चकरोड के दोनो तरफ गेहूँ और सरसों की फसल लगी हुई है कही से भी मिट्टी नहीं निकाला जा सकता है तथा जिस चकरोड पर मस्टर रोल जनरेट कराकर फर्जी हाजिरी लगाया जा रहा है उन तीनो चकरोड पर घास जमी हुई है ।

इसी प्रकार रामअधार के चक से बभनियाव सरहद तक चकरोड पर भूमि सुधार कार्य पर मस्टर रोल जनरेट है । रियाज के चक से नियाज अहमद के चक तक चकरोड पर भूमि सुधार कार्य पर मस्टररोल सं0 5072 पर कुल 06 महिला व 04 पुरूष के नाम से मस्टर रोल जनरेट है परन्तु एनएमएमएस पर 27 महिला व 03 पुरुष कर फोटो अपलोड किया गया है। और मस्टर रोल सं0 6073 पर कुल 9 महिला व 01 पुरुष के नाम से मस्टररोल जनरेट है किन्तु एसएसएमएस पर 10 महिला का फोटो अपलोड किया गया है।

उक्त तीनो कार्यों पर जनरेट कराये गये मस्टररोल के सापेक्ष किसी मस्टररोल पर कम महिला श्रमिको की फोटो को अपलोड कर दिया गया है तो किसी मस्टर रोल पर ज्यादा पुरुषों का फोटो अपलोड कर दिया गया है जिससे यह प्रतीत होता है

एक फोटो की फोटो खीचकर एनएनएमएस पर अपलोड करके सम्बन्धित ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान, ग्राम रोजगार सेवक व तकनीकी सहायक द्वारा सरकारी धन का बन्दरबाट किया जा रहा है। ग्राम पंचायत कन्हौली में पिछले 04 वर्ष में जितने भी कार्यों पर भुगतान किया गया है व कही धरातल पर मौजूद नही है। कसैला निवासी पवन कुमार गुप्ता ने भ्रष्टाचार के अनेक गंभीर आरोप लगाते हुये मांग किय है कि मामलों की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई हो।

# लाठी ईंट से मारकर अधेड़ को उतारा मौत के घाट









**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जफराबाद थाना क्षेत्र के माधव पट्टी गांव में लाठी डंडे और ईंट से मारकर एक व्यक्ति को घायल कर दिया गया और जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

घटना के बारे में बताया गया है कि माधव पट्टी गांव निवासी गुरु प्रसाद यादव उम्र लगभग 45 -50 वर्ष पुत्र मेवालाल यादव बुधवार दिन के लगभग 11:00 बजे काजगांव बाजार में बैठे हुए थे।

जिनके साथ बैठे थे उन लोगों ने इन्हें शराब पिलाया और अपनी मोटरसाइकिल पर बैठकर माधव पट्टी स्थित रेलवे लाइन के फाटक के पास ले जाकर लाठी डंडे और ईंट से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी पहुंच गए और घायल को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे।

जिला अस्पताल में उपचार के लगभग आधे घंटे बाद गुरु प्रसाद की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

परिजनों ने बताया कि लगभग 1 वर्ष पूर्व पैसे के लेनदेन को लेकर हम लावरों से कुछ विवाद हुआ था। उसी विवाद में अभी 5 तारीख को मुकदमे की तारीख रही यह बात मृतक के पुत्र ने बताया।

घटना की जानकारी मिलते ही एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विश्वनाथ प्रताप सिंह समेत भारी मात्रा में पुलिस फोर्स जिला अस्पताल व मौके पर पहुंच गई है।

एसपी सिटी ने बताया कि इस घटना में शामिल एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई है।

दूसरी तरफ पुलिस ने मृतक की लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## महिला ने मायके में फंदे से लटककर दे दी जान

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर।** चुनार। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने सोमवार की शाम को फंदे से लटककर जान दे दी। शाम को शव फंदे पर लटका देख परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। उधर, जानकारी होने पर विवाहिता की मां ने अपने दामाद पर बेटी का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर डालने का आरोप लगाया है।

# साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत कस्बा कलवारी में लोग हुए जागरूक



**जन एक्सप्रेस। बस्ती**

ठगी और धोखाधड़ी से जुड़े अपराधों पर रोक लगाने तथा आमजन को सतर्क करने के उद्देश्य से कस्बा कलवारी में बुधवार को साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान थाना कलवारी के थानाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया।

अभियान के दौरान लोगों को बताया गया कि किस प्रकार फोन कॉल, संदेशों के माध्यम से, ओटीपी मांगकर, यूपीआई लेनदेन के जरिए, क्यूआर कोड दिखाकर, अनजान संदेशों पर क्लिक कराकर, सामाजिक माध्यमों के खातों को अपने कब्जे में लेकर तथा लॉटरी का लालच देकर ठग लोगों को शिकार बना रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने सरल शब्दों में समझाया कि थोड़ी सी लापरवाही से जीवन भर की कमाई एक पल में समाप्त हो सकती है।

कार्यक्रम में सरकार द्वारा जारी सहायता नंबर 1930 तथा साइबर अपराध से संबंधित शिकायत दर्ज कराने की सरकारी वेबसाइट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही थाना कलवारी का संपर्क नंबर 9454403113 भी लोगों को बताया गया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त की जा सके। थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों से अपील की कि वे किसी भी अनजान कॉल या संदेश पर विश्वास न करें, अपनी निजी जानकारी किसी को न दें और ठगी की आशंका होने पर तुरंत संबंधित नंबरों पर सूचना दें।

# जौनपुर में चाइनीज मांझे के आतंक पर सत्र न्यायालय ने खोली पुलिस जांच की राह–विकाश तिवारी

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

### शिक्षक संदीप तिवारी की मौत रोक सकती थी पुलिस- विकास तिवारी
### मांझे से मौत की घटनाओं पर लगाम लगाने की दिशा में कदम- अधिवक्ता विकास तिवारी की याचिका स्वीकार
### प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से घायल अधिवक्ता की न्यायिक लड़ाई में बड़ी सफलता - सत्र न्यायालय ने पुनरीक्षण याचिका स्वीकार कर नोटिस जारी किया

अधिवक्ता आशीष शुक्ला को प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से हुए जानलेवा हमले के मामले में न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जौनपुर ने दिनांक 05 जनवरी 2026 को उनकी आपराधिक पुनरीक्षण याचिका को स्वीकार करते हुए प्रवेश दे दिया तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के उस आदेश के खिलाफ नोटिस जारी किया, जिसमें गंभीर अपराध की शिकायत को साधारण परिवाद मानकर पुलिस जांच से इनकार कर दिया गया था। अब इस मामले की अगली सुनवाई 12 फरवरी 2026 को होगी। इस पूरे मामले में अधिवक्ता विकास तिवारी याचिकाकर्ता का पक्ष रख रहे हैं। घटना 13 जनवरी 2025 की है। अधिवक्ता आशीष शुक्ला अपने साथी अधिवक्ता शिवराज यादव उर्फ भैयालाल के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर न्यायालय से अपने घर जा रहे थे। शास्त्री पुल के निकट पतंग उड़ा रहे अज्ञात व्यक्तियों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे प्रतिबंधित चाइनीज मांझे में दोनों फंस गए। मांझे से शिवराज यादव के चेहरे और गर्दन पर गंभीर चोटे आई, जबकि आशीष शुक्ला को भी चोटें पहुंची। अधिवक्ता द्वय को पतंग उड़ानें वाले प्रतिबंधित धागे में फंसा हुआ देख पतंग उड़ा रहे लोग तालियां बजाते और हंसते हुए घटना का मजा लेते रहे। दोनों अधिवक्ताओं का यश हॉस्पिटल में इलाज कराना पड़ा। पीड़ितों ने थाना लाइनबाजार में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नहीं की। पुलिस अधीक्षक को आवेदन देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूर होकर आशीष शुक्ला ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष अपने अधिवक्ता विकास तिवारी के माध्यम से आवेदन दाखिल किया, जिसमें प्राथमिकी दर्ज कर जांच की मांग की गई। लेकिन मजिस्ट्रेट ने इसे परिवाद मान लिया। इसके खिलाफ दाखिल पुनरीक्षण याचिका को अब सत्र न्यायालय ने स्वीकार कर लिया है।

यह घटना राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेश की खुली अवहेलना को उजागर करती है। अधिकरण ने वर्ष 2017 में खालिद अशरफ बनाम भारत संघ मामले में स्पष्ट निर्देश दिया था कि पतंग उड़ाने के लिए नायलॉन या किसी अन्य सिंथेटिक सामग्री से बने मांझे, प्लास्टिक के धागे, तात धागा व सीसा लेपित धागा पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, क्योंकि यह पक्षियों, जानवरों और मनुष्यों के लिए जानलेवा है तथा पर्यावरण को नुकसान पहुंचाता है। सबसे दुखद बात यह है कि जिस स्थान पर आशीष शुक्ला के साथ प्रतिबंधित धागे में फंसकर घायल होने की घटना घटी थी और जिसकी शिकायत संबंधित थाना पुलिस तथा पुलिस अधीक्षक से भी की गई थी, लेकिन किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हुई। लगभग एक वर्ष बाद उसी जगह घटना की पुनरावृत्ति हुई तथा अपनी बेटी को स्कूल छोड़कर घर वापस लौट रहे शिक्षक संदीप तिवारी की पतंग उड़ाने वाले प्रतिबंधित धागे में गला फंसने के कारण दुखद निधन हो गया। यदि आशीष शुक्ला की शिकायत पर पुलिस ने समय रहते कार्रवाई की होती, तो शायद संदीप तिवारी की जान बचाई जा सकती थी। पुलिस की निष्क्रियता ने न केवल पीड़ितों को न्याय से वंचित किया, बल्कि आगे की घटनाओं को भी बढ़ावा दिया। पीड़ित आशीष शुक्ला के अधिवक्ता विकास तिवारी ने कहा कि यह लड़ाई किसी एक की नहीं है, बल्कि हर साल चाइनीज मांझे से घायल होने या मरने वाले सैकड़ों निर्दोष लोगों की आवाज है। न्यायालय का यह फैसला पुलिस को जवाबदेह बनाएगा और प्रतिबंध को सख्ती से लागू करवाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। मैं सभी नागरिकों से अपील करता हूं कि पतंग उड़ानें में केवल सुरक्षित कपास के धागे का ही उपयोग करें। मकर संक्रांति के मौसम में ऐसे हादसे बढ़ जाते हैं। जनता से अनुरोध है कि प्रतिबंधित मांझे की बिक्री या उपयोग की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# बाल विवाह के खिलाफ प्रशासन सख्त, सरपतहा थाने पर दिलाई गई शपथ



**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

■ बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत पंडित, मौलवी, काजी से लेकर मैरेज हॉल संचालक हुए शामिल

शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र के नेतृत्व एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय कुमार पाण्डेय के कुशल निर्देशन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत थाना सरपतहा परिसर में विधिक जागरूकता कार्यक्रम, जागरूकता हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विवाह से जुड़े सभी पक्षों–ब्राह्मण, मौलवी, काजी, टेंट हाउस, डीजे संचालक, वीडियो रिकॉर्डिंग, हलवाई, मैरेज हॉल संचालक तथा स्थानीय पत्रकारों ने प्रतिभाग किया। बैठक का उद्देश्य बाल विवाह की घटनाओं पर पूर्ण रोक लगाना, समुदाय स्तर पर शून्य सहनशीलता का वातावरण विकसित करना तथा कानूनों एवं सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से बालक-बालिकाओं के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा।

## बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति क्षेत्राधिकारी

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने बाल विवाह को एक गंभीर सामाजिक कुरीति बताते हुए इसके ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बाल विवाह निरोधक अधिनियम 1929 से लेकर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 तक बने कानूनों की विस्तार से जानकारी दी और उपस्थित लोगों से कानून का पालन सुनिश्चित कराने में सहयोग की अपील की। बाल संरक्षण अधिकारी चंदन राय ने बताया कि यदि कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिलती है तो तत्काल 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन पर कॉल कर उसे रुकवाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है। बाल विवाह से बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक नुकसान पर भी प्रकाश डालते हुए उन्होंने आह्वान किया कि बाल विवाह मुक्त जौनपुर की शुरुआत अपनी ग्राम पंचायत से करें और वर्ष 2026 में एक भी बाल विवाह न होने दें।

## हाथ उठाकर लिया संकल्प, हस्ताक्षर अभियान भी चला

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने हाथ उठाकर यह संकल्प लिया कि उनके क्षेत्र में कोई भी बाल विवाह नहीं होने दिया जाएगा। क्षेत्राधिकारी शाहगंज द्वारा सभी को बाल विवाह रोकने की शपथ भी दिलाई गई। साथ ही जागरूकता हस्ताक्षर अभियान का आयोजन कर समाज के हर वर्ग को अभियान से जोड़ने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी थानाध्यक्ष सरपतहा कमल किशोर राय ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# मेडिकल कालेज जौनपुर के चिकित्सको का शोध

## प्रतिष्ठित मंच पर प्रकाशित होने पर प्रधानाचार्य ने स्नेहपूर्वक सम्मानित किया

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जौनपुर के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ 0 मुदित चौहान एवं सहायक आचार्य डॉ 0 पूजा पाठक के द्वारा योग विषय पर किए गए दो शोध पत्रों का प्रकाशन अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रकाशित योगः इट्स रूल्स एंड हेल्थ एंड डिजीज% पुस्तक में किया गया है। यह प्रकाशन योग के वैज्ञानिक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्व को रेखांकित करता है तथा शोध एवं अकादमिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

प्रथम शोध में बताया गया है कि योग के माध्यम से यह प्रतिपादित किया गया कि बढ़ती आयु को सकारात्मक एवं स्वस्थ बनाया जा सकता है। योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है, बल्कि मानसिक संतुलन एवं आत्मिक शांति बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह भी बताया गया कि बढ़ती आयु के साथ उत्पन्न होने वाली शारीरिक एवं मानसिक चुनौतियों का समाधान नियमित योग अभ्यास द्वारा प्रभावी रूप् से किया जा सकता है। योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाकर तथा इसे दैनिक दिनचर्या में सम्मिलित कर व्यक्ति अपने जीवन को अधिक स्वस्थ, संतुलित एवं रोगमुक्त बना सकता है।

द्वितीय शोध में यह प्रतिपादित्त किया गया कि योग का मानव जीवन में जुड़ाव वर्तमान समय की देन नहीं है, बल्कि इसकी गहरी पौराणिक एवं सांस्कृतिक जड़ें हैं। यद्यपि योग की उत्पत्ति प्राचीन काल में हुई, तथापि आधुनिक जीवन में भी इसकी प्रासंगिकता पूर्ववत बनी हुई है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बढ़ते मानसिक तनाद, भावनात्मक असंतुलन एवं जीवनशैली जनित समस्याओं के समाधान हेतु योग की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। शोध में यह स्पष्ट किया गया है कि योग पौराणिक परंपरा से जुड़ा होने के बावजूद आधुनिक समय में मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने का एक प्रभावी एवं व्यवहारिक माध्यम है।

योग विषय पर किये गये शोध का प्रकाशन 02 वालूम में होने पर प्रधानाचार्य प्रो0 आर0बी0 कमल द्वारा संबंधित शोधकर्ता को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई दी गई। प्रधानाचार्य ने शोधकर्ता के अकादमिक परिश्रम एवं बौद्धिक योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शोध प्रकाशन संस्थान की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को सुदृढ़ करतें है तथा चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहन देते है। प्रधानाचार्य ने मेडिकल कालेज के समस्त संकाय सदस्यों को अनुसंधान की दिशा में आगे बढ़ने, नवीन विषयों का चयन करने तथा अकादमिक मंचों पर अपने शोध कार्यों को प्रकाशित करने हेतु प्रेरित किया, जिससे संस्थान को राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर एक सशक्त पहचान प्राप्त हो सके।

## थ्रेसर से सामुदायिक भवन की जर्जर दीवार गरी, बालिका की दबकर मौत

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर।** संतनगर थाना क्षेत्र के खनवर मझारी गांव में ट्रैक्टर में थ्रेसर जोड़ते समय वह सामुदायिक भवन की जर्जर दीवार से छू गया। इससे दीवार गिर गई और वहीं खेल रही बालिका की मलबे में दबने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पिता की तहरीर पर ट्रैक्टर मालिक हेमचंद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कार्रवाई की जा रही है। उधर, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि जर्जर चहारदीवारी के ध्वस्तीकरण के लिए कई बार पत्र दिया गया था। गांव निवासी रविंद्र कुमार का आरोप है कि उसकी बेटी शिखा (7) बुधवार को सामुदायिक भवन के पास बाहर की ओर खेल रही थी। इसी बीच एक व्यक्ति सामुदायिक भवन के सामने खड़े थ्रेसर को जोड़ने के लिए ट्रैक्टर लेकर पहुंचा। ट्रैक्टर से थ्रेसर जोड़ते समय पीछे होते समय थ्रेसर जर्जर दीवार से छू गया। इससे दूसरी तरफ खेल रही बालिका पर दीवार गिर गई। दीवार गिरने की आवाज सुनकर पंचायत सहायिका सविता चीखते–चिल्लाते घटनास्थल पर पहुंची। चीख पुकार सुनकर पास–पड़ोस के लोग भी मौके पर पहुंचे। दीवार के नीचे दबी शिखा को बाहर निकालकर अपने निजी साधन से पटेहरा पीएचसी ले गए। वहां डॉ. राजकुमार ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पिता की तहरीर पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई। शिखा अपने एक भाई और एक बहन में सबसे बड़ी थी। वह पथरौर कंपोजीट विद्यालय पथरौर में कक्षा एक की छात्रा थी।

## मिर्जापुर...रात में कोहरा, दिन में धूप, गलन ने ठिठुरने को किया मजबूर

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर।** कड़ाके की ठंड से लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त है। रात को कोहरा और दिन में धूप निकलने के बाद भी लोगों को गलन से राहत नहीं मिली। लोग पूरे दिन ठिठुरते रहे। इसके बाद बह रही पछुआ हवा ने भी लोगों को घरों में दुबकने के लिए मजबूर किया। 24 घंटे में केवल न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की वृद्धि हुई। बुधवार को अधिकतम तापमान 11 और न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिले में मंगलवार सबसे ठंडा दिन रहा। शाम को छह बजे के बाद ही घना कोहरा पड़ना शुरू हो गया। हाल यह रहा कि आठ बजे के बाद सड़कों पर कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। रात में अचानक बादलों ने डेरा जमा लिया। कोहरे से तो राहत मिली पर ठंड कम नहीं हुई। बादल छाने के चलते बुधवार सुबह कोहरा छट गया। सुबह 10 बजे के बाद आसमान साफ हो गया। हल्की धूप निकल गई। इससे लोगों ने काफी राहत महसूस की। लोग घरों से बाहर और छतों पर निकले पर दिन में बह रही पछुआ हवा ने लोगों को परेशान किया। दिन में थोड़ी राहत रही पर दोपहर बाद गलन शुरू हो गई। मौसम विभाग के अनुसार बृहस्पतिवार को जिले में घना कोहरा रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने दिन में अत्यधिक ठंड होने के चलते शीत दिवस के रूप में घोषित किया है। घने कोहरे से लंबी दूरी की ट्रेन काफी देरी से चल रही हैं। इसके चलते यात्री परेशान हो गए हैं। बुधवार को आजमगढ़ रेलवे स्टेशन पर कैफियत एक्सप्रेस डाउन (12226) तीन घंटा देरी से पहुंची। गरीब नवाज (15716) 1:35 घंटा अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची। साथ ही गोदान ताप्ती–गंगा अप (19046) 30 मिनट, साबरमती अप (19166) 30 मिनट विलंब से चल रही हैं।

# विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत प्रशिक्षण चयन प्रक्रिया शुरू

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र जौनपुर ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जनपद में लोहार, बढ़ई, राजमिस्त्री, नाई सहित विभिन्न ट्रेड में 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

उन्होंने बताया कि 07 जनवरी 2026 तक वेबसाइट पर प्राप्त आवेदनों का चयन स्कोर कार्ड के आधार पर किया जाना है।

09 जनवरी को अभिलेख जांच व साक्षात्कार योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाले सभी आवेदकों को सूचित किया गया है कि वे अपने मूल अभिलेखों,

शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र,आयु प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र,अनुभव प्रमाण पत्र के साथ 09 जनवरी 2026 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, जौनपुर में अभिलेख जांच एवं साक्षात्कार हेतु अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। उपायुक्त उद्योग ने स्पष्ट किया कि निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित न होने वाले आवेदकों का दावा अमान्य माना जा सकता है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है।, **कार्य का नामः–** बनारसः– कोचिंग डिपो में बाउंड्री वाल का प्रावधान (1730 मीटर लंबा) तथा नए ट्रिप इलेक्ट्रिक लोको शेड में अतिरिक्त स्टोर रुम, मशीनरी एवं संयत्र का निर्माण।, **ई–निविदा सूचना सं०:–** एनईआर–बीएसबी – 2025 – 136, **अनुमानित लागत (₹):–** 3,54,22,038/–, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹):–** 3,27,100/–, **निविदा बन्द होने की तिथि:–**30.01.2026, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन /अवधि की तिथि:–** 10 माह, • निविदा सूचना संख्या एनईआर–बीएसबी–2025–136 दिनांक 30.01.2026 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे।, • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखे, • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी०)
मुजाधि/डब्लू–403 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# सैकड़ो कोल्हू बिना रजिस्ट्रेशन बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र, नाबालिग श्रमिकों के भरोसे जिले में चल रहे

- एसडीएम गोला की संयुक्त टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान पांच गन्ना कोल्हू को कराया था बंद
- बिना रजिस्ट्रेशन,मानकों को ताकपर रखकर चल रहे जिले में कोल्हू डीएम से शिकायत

जन एक्सप्रेस। सुनहरा




**लखीमपुर खीरी।** खंडसारी विभाग के अधीन क्रेशरों को चालू करने के लिए किसान यूनियन ने जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया था उसके बाद क्रेशर चालू हो सकी जिले में क्रेशर बंद होने से इसका सबसे ज्यादा फायदा गन्ना कोल्हू मालिकों को मिल रहा था किसानों का गन्ना औने पौने दामों में गन्ना कोल्हू मालिक खरीद रहे हैं जिससे किसानों का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है जिले में अधिकांश कोल्हू बिना रजिस्ट्रेशन बिना प्रदूषण के संचालित हो रहे हैं अधिकांश कोल्हुओं पर नाबालिक बच्चों द्वारा ज्वलनशील कार्य कराया जा रहा कोल्हू की झोकई व गर्म राब को ठंडी करता हुआ नाबालिक बच्चों का वीडियो व फोटो मीडिया कर्मी के मोबाइल में लिया गया। मीडिया की टीम कोल्हूओं की पड़ताल करने जब क्षेत्र में पहुंची तो पाया गया कि अधिकांश कोल्हू बिना रजिस्ट्रेशन व बिना प्रदूषण के मानक विहीन अवैध संचालित हो रहे हैं। जिनकी चिमनी 10 से 12 फीट तक ही ऊँची मिली जिससे ग्रामीणों को प्रदूषण की मार झेलनी पड़ रही है बहुत से कोल्हू 500 मीटर की परिधि में प्री स्कूल के पास संचालित हो रहे हैं जबकि किसी भी विद्यालय की 500 परिधि तक कोई भी खतरनाक कारखाने संचालित नहीं होने का प्रावधान है जिला अधिकारी के निर्देशों में संयुक्त टीम गठित की गई जिसके बाद उपजिलाधिकारी गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी द्वारा पूर्व में जलालपुर सिकंद्राबाद क्षेत्र में लगभग 100 गन्ना कोल्हुओं की संयुक्त जांच हुई भारी अनियमिताएं मिलने पर पांच गन्ना कोल्हुओं को तुरंत बंद कराए गए अधिकांश गन्ना कोल्हु डीजल इंजन से चलते मिले जहां वेट स्क्रबर ऊंची चिमनी और प्रदूषण नियंत्रण की कोई व्यवस्था नहीं मिली साफ सफाई और लाइसेंस संबंधी गड़बड़ियां भी पाई गई एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने संचालकों को एक हफ्ते में वेट स्क्रबर और 10 मीटर चिमनी अनिवार्य रूप से लगाने का अल्टीमेट दिया समय पर सुधार न होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मितौली, बेहजम, कुंभी व बांकेगंज ब्लाक में अधिकांश गन्ना कोल्हू बेरोक टोक बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे हैं। जिनके पास प्रदूषण रजिस्ट्रेशन तक अधिकांश गन्ना कोल्हू का नहीं है ना ही साफ सफाई है नाबालिक बच्चे काम करते हुए पाए गए मीडिया की रिपोर्ट में क्षेत्रीय कोल्हू की जांच पड़ताल में अधिकांश गन्ना कोल्हू पर नाबालिक बच्चे काम करते पाए गए प्रोपराइटर कमलेश वर्मा ग्राम बरुई ब्लॉक बेहजम,गन्ना कोल्हू पर नाबालिक बच्चे काम करते पाए गए प्रोपराइटर विजय पाल गुप्ता ग्राम बरुई ब्लॉक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर दिनेश पाल ग्राम रतहरा ब्लाक मितौली,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर श्री कृष्ण ग्राम रतहरा ब्लाक मितौली,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर सियाराम ग्राम रतहरा ब्लाक मितौली, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर वीर विक्रम सिंह ग्राम रतहरा ब्लाक मितौली, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर निशांत वर्मा ग्राम खुर्दा ब्लाक मितौली, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर बाबूराम ग्राम पिपरिया ब्लाक मितौली, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर राम सिंह ग्राम रतहरा ब्लाक मितौली, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर रमाकांत ग्राम रतहरा ब्लाक मितौली, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर किरन देवी ग्राम लखहा ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर रूपचंद ग्राम लखहा ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर रमेश ग्राम लखहा ब्लाक बेहजम,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर अमर सिंह विपिन वर्मा ग्राम लखहा ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर आमिल खां ग्राम सुनौरा ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर वसीम खां ग्राम सुनौरा ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर मनोज तिवारी ग्राम गुलौला ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर ब्रजकिशोर गुप्ता ग्राम गुलौला ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर रामकुमार ग्राम टिकोला ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर हरिशंकर ग्राम टिकोला ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर ऋषि गुप्ता ग्राम टिकोला ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर आशीष पांडे ग्राम उमरपुर निकट क्रेशर ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर सचेन्द्र शुक्ला ग्राम ढकिया पोस्ट भोपदपुर ब्लाक बेहजम,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर सागर ट्रेडर्स ग्राम पिपरी नारायण ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर सुनील कुमार ग्राम उमरिया ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर रिजवान ग्राम अंदापुर ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर असलम खान ग्राम अंदापुर ब्लाक बेहजम,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर विवेक जयसवाल ग्राम नीमगांव ब्लाक बेहजम,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर मेहताब अली ग्राम परसेहरा कला ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर शोभित शुक्ला ग्राम सिजोलापुर ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर हसीब खां ग्राम सुनौरी ब्लाक बेहजम,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर हाजी इश्तियाक अली ग्राम बिलरिया ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर रविउल्ला खां ग्राम सुनौरी ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर अशरफ अली ग्राम सुनौरी ब्लाक बेहजम,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर शाहिद अली ग्राम सुनौरी ब्लाक बेहजम, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर कलीम अली ग्राम सेहरुवा ब्लाक कुंभी,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर वसुउल्ला खां ग्राम सेहरुवा ब्लाक कुंभी,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर कैलाश चंद्र अतुल त्रिवेदी ग्राम सिकंदराबाद ब्लाक कुंभी,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर संतल लाल राठौर ग्राम सिकंदराबाद ब्लाक कुंभी, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर राकेश राठौर ग्राम सिकंदराबाद ब्लाक कुंभी, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर राकेश, ज्ञानू गुप्ता, अतीक, शकील ग्राम सिकंदराबाद ब्लाक कुंभी, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर रिजवान खां ग्राम सिकंदराबाद ब्लाक कुंभी, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर मोहन राठौर ग्राम सिकंदराबाद ब्लाक कुंभी, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर पालन वर्मा ग्राम बिलहरी ब्लाक कुंभी, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर मनोज राठौर ग्राम जलालपुर ब्लाक बांकेगंज,गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर अकील ग्राम जलालपुर ब्लाक बांकेगंज, गन्ना कोल्हू प्रोपराइटर इश्तियाक अली ग्राम जलालपुर ब्लाक बांकेगंज, आदि कोल्हू संचालित है बिना रोक-टोक के जिला प्रशासन के निर्देशों के बावजूद गठित संयुक्त टीम इन कोल्हू तक अभी नहीं पहुंच पाई है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी द्वारा प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



बुधवार को प्रथम इंडो नेपाल टोंग इल मो दो मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप 2026 के भारत की ओर से जनपद खीरी की शाओलिन स्पोर्ट्स आफ मार्शल आर्ट्स के विजेताओं को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी द्वारा प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया और विजेता टीम के लोगो मिले पदक पहनाकर बधाई दी गई है।

बताते चलें कि जनपद की शाओलिन स्पोर्ट्स ऑफ मार्शल आर्ट्स के तत्वाधान में 24 सदस्यों की द्मड्डह्लड्ढह्वद्द वूशु टीम नेपाल में होने वाली फर्स्ट इंडो नेपाल टोंग इल मो दो ओपन मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप 2026 जो नेपाल के स्पोर्ट्स कौंसिल हॉल धनगढ़ी कैलाली नेपाल में 03/01/2026 से 05/01/2026 तक आयोजित किया गया था भारत यूपी से लखीमपुर गोरखपुर देवरिया लखनऊ से 40 खिलाड़ी व 05 ऑफिशल प्रतिभाग करने गए थे नेपाल में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर चुंग सिक यॉन्ग वर्ल्ड टोंग इल मो दो संघ के चेयरमैन तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नेपाल के मेघराज खड़का मंत्री समाज कल्याण विभाग व सामाजिक न्याय और अधिकारिकता मंत्रालय अतिथि के रूप में खडक सिंह नागरी अध्यक्ष नेपाल राष्ट्रीय मार्शल आर्ट खेल परिषद तथा मास्टर तेज बहादुर सिंह टोंग इल मो दो संघ के उपाध्यक्ष कोच दिल आइजक चौधरी विशाल चौधरी व अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे द्य वही इंडिया से इंडिया चीफ के रूप में जितेंद्र कुमार लखीमपुर टीम कोच, जिला बाल संरक्षण ईकाई के काउन्सलर कय्यूम ज़रवानी, आलोक मिश्रा गोरखपुर प्रमोद तिवारी ऑफिशियल लखनऊ नित्यानंद गुप्ता ऑफिशियल लखनऊ विवेक जायसवाल टीम मैनेजर लखीमपुर सौरव राज टीम कोच लखीमपुर वी आयुष यादव ऑफिशियल लखनऊ मौजूद रहे। फर्स्ट इंडो नेपाल चैंपियनशिप में जीतने वाले खिलाड़ियों में लखीमपुर उत्तर प्रदेश भारत से गए बालकों में सीनियर वर्ग में विवेक जायसवाल भजन 60 से 64.9 किलोग्राम भार में स्वर्ण पदक सौरभ राज भजन 80 प्लस हैवीवेट भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया द्य उसी स्तर पर जूनियर बालक वर्ग में कनिष्क सिंह भजन 25 से 29.9 किलो भार वर्ग में सिल्वर पदक मोहम्मद आमिर भजन 30 से 34.9 किलो भार वर्ग में सिल्वर पदक विपिन वजन 35 से 39.9 किलो भार वर्ग में सिल्वर पदक सीनियर बालक वर्ग के तोषक अंश वजन 65 से 69.9 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर पदक अनादि मेहरोत्रा भजन 70 प्लस ओवरवेट भार वर्ग में सिल्वर पदक प्राप्त हुआ। इसी श्रृंखला में सब जूनियर बालक वर्ग के शिवांश हिंगे वजन 20 से 24.9 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक अभिराज वर्मा वजन 25 से 29.9 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक विजेता भव्य वर्मा वजन 30 से 34.9 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक विजेता अजय कुमार वजन 35 से 39.9 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक विजेता दक्ष रस्तोगी वजन 40 से 44.9 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक सार्थक पटेल वजन 40 से 44.9 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक सीनियर बालक वर्ग में इंद्रेश चौहान वजन 45 से 49.9 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक प्रखर यश वजन 55 से 59.9 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक विजेता घोषित किए गए। वहीं बालिका वर्ग की श्रृंखला में सब जूनियर बालिका वर्ग में कृतिका विश्व ब्राह्मण ने 30 से 34.9 किलोग्राम भार वर्ग में सिल्वर पदक सीनियर बालिका वर्ग में उन्नति श्रीवास्तव ने वजन 50 से 54.9 किलो भार वर्ग में सिल्वर पदक माही वर्मा भजन 55 से 59.9 किलो भार वर्ग में सिल्वर पदक विजेता रही द्य सब जूनियर बालिका वर्ग में तीव्रिका श्रीवास्तव भजन 30 से 34.9 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक विजेता और सीनियर बालिका वर्ग में भूमि मिश्रा वजन 45 से 49.9 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक विजेता रही द्य भारत देश से गए विभिन्न जिलों व राज्यों से गए 45 टीम खिलाड़ी ऑफिशियल में टोटल भारत की झोली में 07 स्वर्ण पदक 11 सिल्वर पदक व 13 कांस्य पदक प्राप्त हुआ। जीत कर लौटने पर लखीमपुर रेलवे स्टेशन पर 24 सदस्यों की टीम को ढोल ताशा बजवाकर व मिठाई खिलाकर सभी के अभिभावकों गण माला पहनाई और आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की और शुभकामनाएं दी। हम सभी खिलाड़ियों को इसी श्रृंखला में दिनांक 7 जनवरी 2026 को कलेक्ट्रेट परिसर में श्रीमती सुजीता कुमारी सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग उत्तर प्रदेश तथा लव कुश कुमार भार्गव जिला प्रोबेशन/ बाल संरक्षण अधिकारी ने सभी बच्चों व इंडिया चीफ को फूल माला व मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

# डा.रचना सिंह के विद्यालय वार्षिक कैलेंडर का उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने किया विमोचन

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरी पीपरखेड़ा, कंपोजिट में कार्यरत राज्य शिक्षक पुरुस्कार से सम्मानित शिक्षिका डा. रचना सिंह द्वारा (1-8) निरंतर बच्चों के गुणवत्ता संवर्धन, माता पिता और समुदाय के साथ अपने आत्मीय संबंधों हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

इसी कड़ी में डा.रचना के संयोजन में विद्यालय ने नव वर्ष पर विद्यालय के वर्ष भर के प्रत्येक माह की गतिविधियों, उपलब्धियों को दर्शाता हुआ एक कैलेंडर छपवाया है जो कि अदभुत नवाचार है। इस कैलेंडर में बच्चों की प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया है। विद्यालय में हो रहे छात्रों के सर्वांगीण विकास, विद्यालय में उनके नेतृत्व को दर्शाते इस वार्षिक कैलेंडर का विमोचन माननीय उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा शहीद चंद्रशेखर आजाद जी के 120 वें जन्मदिवस पर बदरका की पावन भूमि से किया गया। उप मुख्यमंत्री ने शिक्षिका डॉ. रचना सिंह के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह वार्षिक कैलेंडर सिर्फ तिथियों की सूची नहीं है बल्कि बच्चों को प्रोत्साहित करने का बहुत ही अच्छा माध्यम है।

उन्होंने कहा कि यह कैलेंडर अभिभावकों को भी अपने बच्चों पर गर्व करने का अवसर प्रदान करेगा। भगवंत नगर विधायक आशुतोष शुक्ला ने कहा कि यह कैलेंडर विद्यालय के आनंदमय वातावरण को दर्शाता है कि किस तरह से बच्चे खुशी - खुशी विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि ये कैलेंडर माता पिता, समुदाय को विद्यालय में हो रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देता है तथा विद्यालय में हो रहे गुणवत्ता संवर्धन के प्रयासों से समाज को परिचित कराता है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, राजेश शुक्ला, सोनी अवस्थी, चंद्रकांता जोशी उपस्थित रहे।

# माँ बालेश्वरी मंदिर प्रांगण में कल होगा कम्बल वितरण और एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

जनपद में जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए कल ग्राम पड़री स्थित माँ बालेश्वरी मंदिर प्रांगण में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान क्षेत्र के निर्धन एवं असहाय लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत दिलाने के लिए कम्बल वितरित किए जाएंगे। साथ ही, क्षेत्रवासियों की स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नई एम्बुलेंस सेवा का भी शुभारंभ होगा। पूर्व प्रधान रानू उर्फ सुरेश त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि ऋत फाउंडेशन के माध्यम से जनता की सेवा का यह बीड़ा उठाया गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लोकप्रिय प्रतिनिधि अनुराग त्रिवेदी द्वारा आम जनमानस की समस्याओं और चिकित्सा संबंधी जरूरतों को देखते हुए यह पहल की जा रही है।

### कल दोपहर 12 बजे होगा उद्घाटन

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 8 जनवरी 2026 को दोपहर 12 बजे पंडित छन्नू लाल त्रिवेदी द्वारा इस जनता सेवा एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यह सेवा क्षेत्र के उन मरीजों के लिए जीवनदायिनी सिद्ध होगी जिन्हें समय पर अस्पताल पहुँचने में कठिनाई होती है।

### समाजसेवा के प्रति संकल्पित है युवा नेतृत्व

अनुराग त्रिवेदी के इस प्रयास की क्षेत्र में काफी सराहना हो रही है। पूर्व प्रधान ने बताया कि हमारा उद्देश्य अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की मदद करना है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए कम्बल वितरण का कार्यक्रम भी इसी सेवा भाव का हिस्सा है।

# क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद जी का 120 वन जन्म दिवस मनाया गया



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

बुधवार को राजधानी मार्ग सब्जी मंडी स्थित वीरेंद्र शुक्ला जी के आवास पर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद जी का 120 वन जन्म दिवस मनाया गया कार्यक्रम में चंद्रशेखर आजाद जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर फूलों को अर्पित कर और कार्यकर्ताओं में मिष्ठान मिश्रित किया गया। वीरेंद्र शुक्ला द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

वीरेंद्र शुक्ला जी ने चंद्रशेखर आजाद जी के जीवन परिचय देते हुए बताया कि उन्होंने कैसे अपने आप को आजाद बनाया और उनके कार्यकाल के बारे में भी बताया कि कैसे उन्होंने अंग्रेजों से लोहा लिया और कई आंदोलन में हिस्सा भी लिया।

कार्यकर्ताओं में उपस्थित लोगों में शंकर झा, गीतानंद यादव, राजन कनौजिया, अफजाल अंसारी, तौफीक, यशराज यादव, मिंटू निषाद, सर्वेश राजपूत, दिलीप यादव, गोपी, राहुल यादव, विशाल गौतम, निश्चित श्रीवास्तव, अनूप साहू, योगेश बाथम, जितेंद्र निषाद, अनिल सिंह बटलर, गौरव यादव आदि उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बीडीओ ने किया गौशालाओं का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** कड़ाके की ठंड में गौशालाओं में पलने वाले जानवरों की स्थिति का जायजा लेने के लिए खंड विकास अधिकारी ने गौशालाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पशु-चिकित्साधिकारी भी मौजूद रहे। बुधवार को ग्राम पंचायत श्यामनगर स्थित गौशाला का खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने निरीक्षण किया। इस दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी विकास सिंह, प्रधान प्रतिनिधि कुशमेश कुमार और सचिव तेजभान भी उपस्थित रहे।निरीक्षण के समय गौवंश आश्रय स्थल पर कुल 215 गोवंश पाए गए। खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता और पशु चिकित्सा अधिकारी विकास सिंह ने सभी गोवंशों को गुड़ खिलाया। खंड विकास अधिकारी ने गौशाला के केयरटेकरों से बातचीत की और ठंड से बचाव के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अत्यधिक ठंड को देखते हुए जानवरों को समय पर चारा दिया जाए और उन्हें टिन शेड के नीचे रखा जाए।उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि टिन शेड के चारों ओर तिरपाल बांधा जाए और यदि जानवर खुले में हों तो उनके लिए अलाव जलाया जाए, ताकि उन्हें ठंड न लगे। इसके साथ ही उन्होंने गौशाला में साफ़ सफ़ाई का उचित प्रबंध करने एवं बीमार पशुओं का समय पर इलाज करने का भी निर्देश दिया।

### प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष बने विजय

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** जनता इंटर कालेज के प्रबंध समिति के सम्पन्न हुए चुनाव में विजय कुमार यादव प्रबन्धक एवं माता प्रसाद अध्यक्ष चुने गये। विद्यालय की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष नीरज पांडे ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। जनता इंटर कालेज बदोसराय के प्रबंध समिति कार्यकारिणी के चुनाव में पर्यवेक्षक देवी प्रसाद तिवारी प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज बेलहरा एवं चुनाव अधिकारी दिनेश प्रातप सिंह की देखरेख में निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न हुई।विद्यालय की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में विनोद कुमार यादव को निर्विरोध प्रबंधक, माता प्रसाद यादव अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष सुखराम यादव,उप प्रबन्धक नियाज अहमद, पदेन सचिव विद्यालय प्रधानाचार्य राम किशुन चुने गये। इस मौके पर विकास श्रीवास्तव, डॉ सुरजीत, कनिष्ठ सहायक प्रवीण कुमार सिंह, भीष्म प्रसाद यादव मौजूद रहे।

### अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करे सरकार- नरेन्द्र वर्मा

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** बुधवार को जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा ने अपने साथियों के साथ में जाकर अधिवक्ता प्रोटेक्शन सहित अन्य मांगों को लेकर एक ज्ञापन एडीएम के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजा। इस मौके पर बोलते हुए जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश मे अधिवक्ता प्रोटेक्शन ऐक्ट शीघ्र लागू हो, रुदौली तहसील फ़ैजाबाद से पुनः बाराबंकी मे जोड़ा जाये, बाराबंकी को फ़ैजाबाद से कमीशनरी हटाकर लखनऊ मंडल मे जोड़ा जाये, अधिवक्ताओं का टोल टैक्स माफ हो, जूनियर अधिवक्ताओं को प्रोत्साहित करने हेतु 5000 रुपये मासिक नगद धनराशि दी जाये। उन्होने आगे कहा कि जिन अधिवक्ताओं की मौत हो चुकी है उनके परिवार के गुजर बसर के लिए शासन द्वारा उनकी पत्नी को 20000 रुपये की मासिक पेंशन दी जाये। ज्ञापन देने वालों मे देवराम यादव, मनोज कुमार सिंह अनुराग शुक्ला, पंकज रावत, नवनीत वर्मा, देशराज वर्मा, ब्रजेश वर्मा सीबी सिंह, मदनलाल यादव, ज्योति प्रकाश तिवारी, त्रिभुवन यादव आदि सैंकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे।

### नव वर्ष में जिला पुस्तकालय को मिला उपहार

**जन एक्सप्रेस। बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के लगातार प्रयास एवं पुस्तकालय की दिशा एवं दशा में बदलाव लाने की दृढ़ इच्छाशक्ति के फलस्वरूप राजकीय जिला पुस्तकालय में बुधवार को 42 पाठको हेतु आरामदायक कुर्सी एवं मेज सीएसआर के माध्यम से उपलब्ध करवाई गई। राजकीय जिला पुस्तकालय के पाठको ने इसके लिए जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा वे इस प्रयास के लिए जिलाधिकारी के सदैव ऋणी रहेंगे। इस अवसर पर पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ पूनम सिंह ने संसाधन उपलब्ध करा कर जनपद के बच्चों को ज्ञान प्राप्त करने का सुअवसर प्रदान करने के लिए जिलाधिकारी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की ,और कहा कि यहां तैयारी कर रहे बच्चे इन सुविधाओं का लाभ उठाकर निश्चित ही अपनी मंजिल प्राप्त कर जनपद का गौरव बढ़ाएंगे और जिलाधिकारी की इस पहल और प्रयास का मान रखेंगे। पुस्तकाल अध्यक्ष ने राजकीय जिला पुस्तकालयएवं पीएम श्री राजकीय बालिका विद्यालय को कर्नल डॉ. मिथिलेश दीक्षित के सौजन्य से पुस्तकें भेंट करने वाले जीआईसी एल्यूमनी व रोटरी क्लब के प्रति भी कृतज्ञता ज्ञापित की। जिनके द्वारा प्रदत्त 144 पुस्तकों की सहायता से नीट, जेईई और यूपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़े छात्र छात्राएं लाभान्वित होंगे और ये किताबें छात्रों के लिए खास तौर पर मददगार होंगी। इस मौके पर कर्नल डॉ. मिथिलेश दीक्षित, डॉ. सुधीर वर्मा, अरविंद वर्मा, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. धर्मेंद्र श्रीवास्तव, संपन्न कुमार निगम, कमल जैन, गणेश चंद्र निगम, सुधांश नारायण शरद राज सिंह आदि मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नवाबगंज। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के हाईवे पर एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के बिचपरी गांव निवासी अनिल सिंह 30 पुत्र सत्यप्रकाश बुधवार दोपहर बाइक से बसीरतगंज बाजार जा रहा था। इस दौरान हाईवे पार करते समय गांव के सामने एक कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे अनिल गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उसे सीएचसी नवाबगंज भेजा। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अनिल दहीचौकी स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। पत्नी मानसी समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# हैदराबाद थाना क्षेत्र में अपराध बेलगाम

## एक सप्ताह में पांच लूट की घटनाओं से दहशत

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी

हैदराबाद थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और आपराधिक वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बीते एक सप्ताह के भीतर क्षेत्र में पांच लूट व हमले की घटनाओं को अंजाम दिया गया, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। इन घटनाओं के बाद 112 पुलिस की तैनाती और थाना पुलिस की गश्त पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नकाबपोश और हथियारबंद बदमाशों ने सबसे पहले थाना क्षेत्र के ग्राम बुधली नानकर निवासी एक युवक की पिटाई कर उससे लूट की थी। इसके अगले दिन मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम दूलीपुर निवासी युवक पर हमला कर लूट का प्रयास किया गया, हालांकि वह किसी तरह बच निकला।इसके बाद 3 जनवरी को रोशन नगर स्थित देशी शराब ठेके के सेल्समैन मनीष ठेका बंद कर बाइक से गोला जा रहे थे। मनीष के अनुसार जब वह सिद्ध विनायक स्कूल के आगे पहुंचे तो हथियारबंद बदमाशों ने उनकी बाइक रोककर उन पर हमला किया और मारपीट कर उनके पास मौजूद 8000 रुपये लूट लिए। सोमवार की रात करीब 8-15 बजे रोशन नगर के दवा व्यापारी आशीष अग्निहोत्री पर भी बदमाशों ने हमला कर 10 हजार रुपये नकद और मोबाइल फोन लूट लिया। इतना ही नहीं, सोमवार को ही गोला से गांव जा रहे प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ. अविनाश वर्मा पर भी हमला कर लूट की कोशिश की गई। लगातार हो रही इन घटनाओं के बावजूद पुलिस अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। गंभीर बात यह है कि ममरी-रोशन नगर मार्ग पर बीते कई दिनों से 112 पुलिस प्वाइंट पर कोई पुलिसकर्मी नजर नहीं आ रहा है, जिससे आम लोगों में पुलिस की सक्रियता को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, 112 प्वाइंट को सक्रिय करने और घटनाओं का शीघ्र खुलासा करने की मांग की है।

# 70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, द्वारा साइबर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, लखीमपुर खीरी के श्री राजन कुमार श्रीवास्तव कमान्डेंट के नेतृत्व में वाहिनी के एफ समवाय, रामपुरवा (त्र्रा) में साइबर अपराधों से बचाव एवं डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक साइबर जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य जवानों/ कार्मिकों को बढ़ते साइबर खतरों के प्रति सतर्क करना तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को अपनाने हेतु प्रेरित करना रहा। कार्यशाला के दौरान उपस्थित कार्मिकों को ऑनलाइन धोखाघड़ी, फर्जी कॉल व मैसेज, फिशिंग, ओटीपी/ पासवर्ड की गोपनीयता, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, डिजिटल लेन-देन में सावधानियाँ तथा साइबर अपराध की स्थिति में शिकायत की प्रक्रिया जैसी महत्वपूर्ण विषय-वस्तुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान उदाहरणों के माध्यम से यह बताया गया कि किस प्रकार छोटी-सी लापरवाही बड़े आर्थिक एवं व्यक्तिगत नुकसान का कारण बन सकती है।कार्यशाला में यह भी स्पष्ट किया गया कि किसी भी अज्ञात कॉल, संदिग्ध लिंक अथवा ई-मेल पर बिना सत्यापन के प्रतिक्रिया न दें, ओटीपी/ पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करते समय विशेष सावधानी बरतें। साथ ही, साइबर अपराध होने की स्थिति में त्वरित रूप से संबंधित पोर्टल/ हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने के बारे में भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है। ऐसे में प्रत्येक कार्मिक का यह दायित्व है कि वह स्वयं सतर्क रहे और अपने परिवार व समाज को भी डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करे। इस प्रकार की कार्यशालाएँ जवानों की कार्यक्षमता के साथ-साथ उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा को भी सुदृढ़ बनाती हैं। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों के प्रश्नों का समाधान किया गया तथा सभी को साइबर सुरक्षा से संबंधित आवश्यक सावधानियाँ नियमित रूप से अपनाने का आह्वान किया गया। उपस्थित जवानों/ कार्मिकों ने इस कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया और सराहना भी किया गया। सशस्त्र सीमा बल द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

### तेंदुआ को पेड़ पर बैठा देख खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों के उड़े होश

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** बुधवार को वन रेंज धौरहरा क्षेत्र के समैसा दिलावलपुर गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक तेंदुआ पेड़ पर बैठा दिखाई दिया। तेंदुए को देख खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए और तेंदुए को चारों ओर से घेर लिया। घटना की जानकारी मिलने पर वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। साथ ही क्षेत्र के पूर्व विधायक शमशेर बहादुर सिंह भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों के साथ मिलकर ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से संयम बरतने और सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की।तेंदुआ पेड़ पर काफी देर तक बैठा रहा। बाद में पेड़ से उतरकर पास के गन्ने के खेतों में घुस गया और लोगों की नजरों से ओझल हो गया।

## निकाय चुनाव: कांग्रेस-ओवैसी से भाजपा के गठबंधन पर भड़के फडणवीस, कहा

# किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अंबरनाथ और अकोला में कांग्रेस और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के साथ गठबंधन पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देते हुए इस गठबंधन को खारिज किया है। अंबरनाथ में भाजपा ने कांग्रेस और अजित पवार की एनसीपी के साथ गठबंधन कर नगर परिषद का अध्यक्षता बनाया है। वहीं अकोट नगर परिषद में भाजपा ने ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के साथ गठबंधन किया है। सीएम फडणवीस ने स्थानीय भाजपा इकाई के इस कार्य को संगठन विरोधी बताया है। साथ ही कड़ी नाराजगी जताते हुए ऐसे गठबंधन को तुरंत खत्म करने के बाद पार्टी के निर्देशों का उल्लंघन करने वाले नेताओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी है।



### अकोट में बनाया 'अकोट विकास मंच'

भाजपा ने एआईएमआईएम के साथ मिलकर 'अकोट विकास मंच' का गठन किया। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी), एकनाथ शिंदे की शिवसेना, अजित पवार की एनसीपी, शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एसपी) और प्रहार जनशक्ति पार्टी ने भी इसमें सहयोग दिया। 35 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा ने 11 सीटें जीतीं, जबकि एआईएमआईएम को पांच सीटें मिलीं। अन्य दलों के समर्थन से गठबंधन की कुल संख्या 25 हो गई है। भाजपा की माया धुले ने महापौर का चुनाव जीता। अब 13 जनवरी को उप महापौर और समिति के चुनाव होंगे।

### अंबरनाथ में कांग्रेस-एनसीपी के साथ आई भाजपा

ठाणे जिले के अंबरनाथ नगर परिषद में भाजपा ने कांग्रेस और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के साथ मिलकर 'अंबरनाथ विकास अघाड़ी' के बैनर तले नगर परिषद का नेतृत्व संभाला और सहयोगी शिवसेना को दरकिनार कर दिया। भाजपा पार्षद तेजश्री करंजुले पाटिल बुधवार को शिवसेना की मनीषा वालेकर को हराकर परिषद अध्यक्ष चुनी गईं। 20 दिसंबर को हुए 60 सदस्यीय अंबरनाथ नगर परिषद के चुनावों में, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना 27 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, जो बहुमत से चार सीटें कम थी। भाजपा ने 14 सीटें, कांग्रेस ने 12, एनसीपी ने चार सीटें जीतीं और दो निर्दलीय उम्मीदवार निर्वाचित हुए। एक निर्दलीय उम्मीदवार के समर्थन से, तीन दलों के गठबंधन की ताकत बढ़कर 32 हो गई, जो बहुमत के 30 के आंकड़े को पार कर गई।

### कांग्रेस ने 12 नए चुने गए पार्षदों को निलंबित किया

कांग्रेस ने बुधवार को अंबरनाथ में पिछले महीने हुए नगर निकाय चुनावों के बाद भाजपा के साथ गठबंधन कर जीतने वाले 12 नए पार्षदों और अपने ब्लॉक अध्यक्ष को पार्टी से निलंबित कर दिया। प्रतिद्वंद्वी पार्टियों भाजपा और कांग्रेस के बीच गठबंधन को लेकर विवाद के बाद कांग्रेस ने पार्टी कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की है। कांग्रेस ने अपने अंबरनाथ ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप पाटिल को निलंबित कर दिया। पत्र में पार्टी की महाराष्ट्र इकाई ने उन्हें यह भी बताया कि उसकी ब्लॉक इकाई को भंग कर दिया गया है।

### संगठनात्मक अनुशासन का उल्लंघन: फडणवीस

गठबंधन को खारिज करते हुए सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस तरह के किसी भी तरह के गठबंधनों को पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व की मंजूरी नहीं है। यह संगठनात्मक अनुशासन का उल्लंघन है। अपने बयान में सीएम ने कहा कि भाजपा कभी भी कांग्रेस या एआईएमआईएम के साथ गठबंधन नहीं कर सकती। ऐसे गठबंधन अस्वीकार्य हैं और इन्हें बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### फडणवीस ने दिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश

फडणवीस ने अपने बयान में कहा कि ऐसे गठबंधन को को रद्द करने के निर्देश पहले ही जारी कर दिए गए हैं और यह भी कहा कि इसमें शामिल नेताओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, 'यदि भाजपा के किसी भी स्थानीय नेता ने बिना अनुमति के इन पार्टियों के साथ गठबंधन किया है, तो यह पार्टी अनुशासन का गंभीर उल्लंघन है और इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।'

## ट्रंप के बयान पर राहुल गांधी का पीएम मोदी पर हमला, कहा

# अंतरराष्ट्रीय दबाव में झुक रही है मोदी सरकार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयान को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार अंतरराष्ट्रीय दबाव के सामने मजबूती से खड़ी नहीं हो पा रही है। उन्होंने इस संदर्भ में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व से तुलना भी की। राहुल गांधी की यह टिप्पणी ट्रंप के उस बयान के एक दिन बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत पर भारी टैरिफ लगाए गए हैं और भारत ने रूसी तेल की खरीद में कमी की है। राहुल गांधी ने ट्रंप के बयान से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए कैप्शन लिखा, 'फर्क समझो सरजी'। राहुल गांधी ने कहा कि थोड़ा सा दबाव पड़ते ही भाजपा और आरएसएस से जुड़े लोग पीछे हट जाते हैं। उन्होंने दावा किया कि ट्रंप के संकेत के बाद भारत की नीति में बदलाव देखने को मिला। 1971 के युद्ध का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उस समय अमेरिका



के दबाव के बावजूद भारत अपने फैसलों पर अडिग रहा था। उन्होंने कहा कि तब अमेरिका का सातवां बेड़ा भी भेजा गया था, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने दबाव को स्वीकार नहीं किया।

### 'ट्रंप ने इशारा किया, आत्मसमर्पण कर दिया..'

राहुल गांधी ने कहा, मैं अब इन भाजपा-आरएसएस के लोगों को बहुत अच्छी तरह जानता हूं। थोड़ा सा दबाव डालो, थोड़ा सा धक्का दो और ये डर के मारे भाग जाते हैं। उन्होंने आगे कहा, जैसे ही ट्रंप ने वहां से इशारा किया, इन्होंने फोन उठा लिया। उन्होंने कहा, 'मोदी जी आप क्या कर रहे हैं?' नरेंद्र ने सरेंडर (आत्मसमर्पण) कर दिया और 'जी हुजूर' कहते हुए नरेंद्र मोदी जी ने ट्रंप के इशारे का पालन किया।' 1971 के युद्ध का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि एक समय भारत ने अमेरिका के दबाव के बावजूद मजबूती से अपना रुख बनाए रखा था। उन्होंने कहा, आपको वह समय याद होगा जब केवल फोन कॉल नहीं आया था- सातवां बेड़ा आ गया था। 1971 के युद्ध में सातवां बेड़ा आया, हथियार आए, एक विमानवाहक पोत आया। तब इंदिरा गांधी जी ने कहा था, 'मुझे जो करना है, मैं करूंगी।' यही फर्क है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने क्या कहा था?

डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय निर्यात पर कुल 50 फीसदी तक के टैरिफ लगाए हैं। इसमें 25 फीसदी रूस से तेल की खरीद को लेकर लगाया गया है। ट्रंप ने कहा, मेरे उनके साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। वो मुझसे बहुत खुश नहीं हैं क्योंकि वे अभी बहुत ज्यादा टैरिफ चुका रहे हैं, क्योंकि वे तेल नहीं ले रहे। अब उन्होंने इसे (खरीदना) काफी हद तक कम कर दिया है।

# सुकमा में 26 नक्सलियों ने किया सरेंडर

## 13 माओवादियों पर था 65 लाख का इनाम, सात महिलाएं भी शामिल




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुकमा छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में 26 नक्सलियों ने सरेंडर किया है। सरेंडर करने वाले माओवादियों में 13 पर कुल 65 लाख रुपये का इनाम था। सुकमा के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि इन कैडरों में सात महिलाएं भी शामिल हैं, जिन्होंने 'पूना मार्गेम' पहल के तहत आत्मसमर्पण किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ये लोग माओवादियों की पीपल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी बटालियन, दक्षिण बस्तर डिवीजन, माड़ डिवीजन और आंध्र ओडिशा सीमा डिवीजन में सक्रिय थे और अबूझमाड़, छत्तीसगढ़ के सुकमा और ओडिशा के सीमावर्ती इलाकों में कई घटनाओं में शामिल थे। ये माओवादी राज्य सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित थे जिसके तहत आत्मसमर्पण किया है।

### लाली उर्फ मुचाकी पर था दस लाख का इनाम

लाली उर्फ मुचाकी आयते लखमू (35), जो एक कंपनी पार्टी समिति की सदस्य थी इस पर 10 लाख रुपये का इनाम था। मुचाकी हिंसा की कई बड़ी घटनाओं में शामिल थी, जिसमें 2017 में कोरापुट रोड (ओडिशा) पर एक वाहन को निशाना बनाकर ङ्कश्वष्ठ विस्फोट करना भी शामिल है, जिसमें 14 सुरक्षाकर्मियों की मौत हुई थी। चार अन्य प्रमुख कैडर – हेमला लखमा (41), अस्मिता उर्फ कमलू सन्नी (20), रामबती उर्फ पदम जोगी (21) और सुंदरम पाले (20) इन चारों पर आठ-आठ लाख रुपये का इनाम था।

### 2020 के मिनपा हमले में शामिल था लखमा

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि लखमा 2020 के मिनपा हमले में शामिल था, जिसमें 17 सुरक्षाकर्मियों की जान चली गई थी। आत्मसमर्पण करने वाले अन्य कैडरों में से तीन पर 5-5 लाख रुपये का इनाम था, एक कैडर पर तीन लाख रुपये, एक कैडर पर दो लाख रुपये और तीन कैडरों पर एक-एक लाख रुपये का इनाम था। आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सलियों को 50,000 रुपये की सहायता दी गई है और उन्हें सरकार की नीति के अनुसार आगे पुनर्वासित किया जाएगा।

## कैदियों को पारिवारिक शादियों के लिए भी मिलेगी छुट्टियां, भतीजे-भानजे में भेदभाव असंवैधानिक

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तिरुवनंतपुरम**

केरल उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में स्पष्ट किया है कि किसी बंदी को आपातकालीन अवकाश देते समय उसके भाई और बहन की संतानों के बीच कोई भेद नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि अब कैदी अपने भाई के बच्चों (भतीजे-भतीजी) के विवाह समारोह में भी सम्मिलित हो सकेंगे। न्यायालय ने कहा कि जेल प्रशासन की वर्तमान व्याख्या संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 का उल्लंघन करती है। यह प्रकरण कन्नूर केंद्रीय जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे एक कैदी से जुड़ा है। मामले में कैदी के भतीजे ने अदालत में याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता ने जेल अधीक्षक को




अपने चाचा की शादी में शामिल होने के लिए दस दिन की आपातकालीन छुट्टी का जो आवेदन दिया था। जेल प्रशासन ने नियमों का हवाला देते हुए आवेदन अस्वीकार कर दिया था। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने उच्च न्यायालय का रुख किया। न्यायालय ने पाया कि केरल कारागार एवं सुधारात्मक सेवा (प्रबंधन) नियम, 2014 के नियम 400 (1) के अंतर्गत आने वाले मलयालम शब्द 'प्रत्यक्ष भतीजा' और 'प्रत्यक्ष भतीजी' की गलत व्याख्या की जा रही है। इसमें केवल बहन के पुत्र और पुत्री को ही शामिल किया जा रहा है। न्यायालय ने कहा कि ऐसी व्याख्या संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 का उल्लंघन है।

### न्यायालय ने जारी किया आदेश

न्यायालय ने कहा कि नियम 400 अच्छे आचरण वाले बंदियों को असाधारण परिस्थितियों में आपातकालीन छुट्टी का प्रावधान करता है। इसमें बेटे, बेटी, भाई, बहन और पोते-पोती की शादी शामिल है। न्यायमूर्ति ने स्पष्ट किया कि बहन की संतानों और भाई की संतानों के बीच कोई भेदभाव नहीं किया जा सकता। अगर बंदी नियम 400 की अन्य शर्तें पूरी करता है, तो उसे अपने भाई के बच्चों के विवाह में शामिल होने के लिए भी अवकाश दिया जाना चाहिए। न्यायालय ने याचिका स्वीकार करते हुए निर्देश दिया कि इस निर्णय की प्रति राज्य के सभी कारागार अधीक्षकों को भेजी जाए, ताकि भविष्य में ऐसी विसंगति न हो।

## 'सोमनाथ से सबसे अधिक नफरत पंडित नेहरू को थी' इतिहास के दस्तावेज साझा कर भाजपा ने किया दावा

- सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रुख की कड़ी आलोचना की है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के रुख की कड़ी आलोचना की है। त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि महमूद गजनवी और अलाउद्दीन खिलजी जैसे ऐतिहासिक आक्रांताओं ने तो मंदिर को केवल भौतिक रूप से लूटा था, लेकिन नेहरू के मन में भगवान सोमनाथ के प्रति सबसे ज्यादा घृणा थी।

### पाकिस्तानी पीएम को लिखे पत्र पर मचा बवाल

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा करते हुए त्रिवेदी ने नेहरू द्वारा कथित तौर पर पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री लियाकत अली खान को लिखे गए एक पत्र को साझा किया। त्रिवेदी ने दावा किया कि, इस पत्र में नेहरू ने खान को



'प्रिय नवाबजादा' कहकर संबोधित किया और सोमनाथ के दरवाजों की कथा को पूरी तरह झूठा बताया।

### हिंदू ऐतिहासिक प्रतीकों को कम आंका: भाजपा

भाजपा नेता का तर्क है कि यह पत्र एक प्रकार का आत्मसमर्पण था, जिससे यह संकेत मिलता है कि नेहरू ने भारत की सभ्यतागत विरासत की रक्षा करने के बजाय मंदिर के पुनर्निर्माण को कम महत्व देने की कोशिश की। उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान के दुष्प्रचार का सामना करने के स्थान पर नेहरू ने पड़ोसी देश को खुश करने के लिए हिंदू ऐतिहासिक प्रतीकों को कम आंका। त्रिवेदी ने दावा किया कि नेहरू ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पूर्णतः विरोध किया था। उन्होंने तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद, उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और मंत्रिमंडल के सहयोगियों को पत्र लिखकर मंदिर के पुनर्निर्माण की आवश्यकता पर प्रश्न उठाए थे और उन्हें उद्घाटन समारोह में शामिल न होने की सलाह दी थी।

### दो बार पत्र लिखकर शिकायत की, भाजपा ने बताया

भाजपा नेता ने कहा कि नेहरू ने कथित तौर पर सभी मुख्यमंत्रियों को दो बार पत्र लिखकर शिकायत की थी कि मंदिर निर्माण से विदेशों में भारत की छवि धूमिल हुई है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने तत्कालीन सूचना एवं प्रसारण मंत्री आर.आर. दिवाकर को पत्र लिखकर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के प्रचार-प्रसार को कम करने का आग्रह किया था और इसे आडंबरपूर्ण बताया था।

## भारत-इस्राइल के प्रधानमंत्रियों की बातचीत, रक्षा और आतंकवाद से जुड़े मुद्दों पर चर्चा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस्राइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बात की। उनके साथ हुई वार्ता का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आगामी वर्ष में भारत-इस्राइल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करेंगे। नेतन्याहू के साथ दोनों देशों के रक्षा संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई।

**पीएम ने दी जानकारी:** इस बातचीत को लेकर पीएम मोदी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' जानकारी दी। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा, 'अपने दोस्त, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात करके खुशी हुई। उन्हें और इजराइल के लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। हमने आने वाले साल में भारत-इजराइल रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। साथ ही हमने क्षेत्रीय स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया और आतंकवाद से ज्यादा मजबूती से लड़ने के अपने साझा संकल्प को दोहराया।

## भारत को मिली मजबूती, स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण जहाज समुद्र प्रताप का जलावतरण: पीएम मोदी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण जहाज समुद्र प्रताप अब चालू हो गया है। उन्होंने कहा कि इस जहाज के शुरू होने से भारत की आत्मनिर्भरता और मजबूत हुई है। इसके साथ ही यह दिखाता है कि भारत पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को जहाज समुद्र प्रताप का शुभारंभ किया। यह भारत का पहला स्वदेशी प्रदूषण नियंत्रण पोत है। यह अब तक तटरक्षक बल के बेड़े का सबसे बड़ा जहाज है।

### भारत को आत्मनिर्भर बनने में मजबूती देगा

प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'भारतीय तटरक्षक पोत (आईसीजीएसढ्ढ) समुद्र प्रताप का कमीशन होना कई कारणों से उल्लेखनीय है। जिनमें यह तथ्य भी शामिल है कि यह आत्मनिर्भरता के हमारे दृष्टिकोण को मजबूती प्रदान करता है। हमारे सुरक्षा तंत्र को बढ़ावा देता है और स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'

### इस पोत की प्राथमिक भूमिका समुद्र में प्रदूषण से निपटने की है

यह पोत समुद्री प्रदूषण नियंत्रण नियमों को लागू करने, समुद्री कानून प्रवर्तन, खोज और बचाव अभियानों और भारत के विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करेगा। इस पोत की प्राथमिक भूमिका समुद्र में प्रदूषण से निपटने की है, जिसे अत्याधुनिक प्रणालियों द्वारा समर्थित किया जाता है, जिनमें साइड-स्वीपिंग आर्म्स, फ्लोटिंग बूम, उच्च क्षमता वाले स्किमर, पोर्टेबल बजरा और एक प्रदूषण नियंत्रण प्रयोगशाला शामिल हैं। इस जहाज में एक बाहरी अग्निशमन प्रणाली भी लगी हुई है और स्वचालन और मिशन दक्षता को बढ़ाने के लिए इसमें डायनेमिक पोजिशनिंग, एकीकृत ब्रिज सिस्टम, एकीकृत प्लेटफॉर्म प्रबंधन प्रणाली और स्वचालित पावर प्रबंधन प्रणाली जैसी उन्नत प्रणालियां एकीकृत की गई हैं।

## 'तमिलनाडु में हिंदुओं के अधिकार छीने जाने का आरोप झूठ', सीएम स्टालिन का अमित शाह पर पलटवार



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। तमिलनाडु**

**दिंडीगुल।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का राज्य में हिंदुओं के अधिकार छीने जाने का आरोप पूरी तरह झूठा और उनकी पदवी के अनुकूल नहीं है। एक सरकारी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्टालिन ने कहा हमारे राज्य में सभी धर्मों के लोगों के विश्वास और धार्मिक अधिकारों का पूरा सम्मान किया जाता है। ऐसे में गृहमंत्री का यह आरोप कि हिंदुओं के अधिकार छीने जा रहे हैं, पूरी तरह गलत और अनुचित है। यह वही मानसिकता है जो दंगे और विघटन चाहती है, लेकिन तमिलनाडु में उसे कोई सफलता नहीं मिली। स्टालिन ने आगे कहा ऐसा भविष्य में कभी नहीं होने दिया जाएगा। जब तक मैं स्टालिन हूं, यह बिल्कुल भी नहीं होने दूंगा।

### 'हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार'

इससे पहले रविवार को पुदुकोट्टई में एक सार्वजनिक सभा में अमित शाह ने डीएमके सरकार पर हिंदू धर्म और भावनाओं का लगातार अपमान करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि राज्य में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार किए जा रहे हैं, हिंदू पूजा पद्धतियों का अपमान हो रहा है और अयोध्या राम मंदिर भूमि पूजन के दौरान राज्य में बिना सूचना के कर्फ्यू लगाया गया। शाह ने डीएमके नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा उनके वरिष्ठ नेता सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया कहते हैं। हिंदू जुलूस और मूर्ति विसर्जन पर रोक लगाई जाती है। मैं स्टालिन से कहना चाहता हूं कि आप संविधान की भावना को तोड़कर हिंदुओं के खिलाफ अत्याचार कर रहे हैं।

# छावनी बना दिल्ली का तुर्कमान गेट: मस्जिद के पास बुलडोजर एक्शन, भीड़ ने किया पुलिस पर पथराव

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

देश की राजधानी दिल्ली के तुर्कमान गेट स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण पर एमसीडी की बुलडोजर कार्रवाई की। स्ष्टष्ठ ने दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देशों पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। देर रात हुई कार्रवाई का स्थानीय लोगों ने विरोध किया। देखते ही देखते भीड़ आक्रोशित हो गई। भीड़ ने पुलिस और कार्रवाई कर रही टीम पर पथराव कर दिया। पथराव के बाद इलाके में तनाव का माहौल हो गया। हालांकि पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के कार्रवाई के दौरान कुछ उपद्रवियों ने पथराव कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर हालात काबू किए। पुलिस ने आंसू गैस के गोले भी छोड़े। फिलहाल स्थिति सामान्य है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली के रामलीला मैदान इलाके में सैयद फैज इलाही मस्जिद और पास के कब्रिस्तान से सटी ज़मीन पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हिंसक रूप ले ली। दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देशों के बाद दिल्ली नगर निगम के अधिकारी जब तोड़फोड़ करने पहुंचे, तो स्थानीय लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर पत्थरबाजी की, जिसमें कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे।






### उपद्रवियों ने पत्थरबाजी कर अशांति फैलाने का किया प्रयास

सेंट्रल रेंज के संयुक्त पुलिस आयुक्त मधुर वर्मा ने बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार, एमसीडी ने सात जनवरी को तड़के दिल्ली के रामलीला मैदान के पास तुर्कमान गेट स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाया। इस कार्रवाई के दौरान, कुछ उपद्रवियों ने पत्थरबाजी करके अशांति फैलाने का प्रयास किया। संयमित और न्यूनतम बल प्रयोग से स्थिति को तुरंत नियंत्रण में लाया गया और बिना किसी तनाव के सामान्य स्थिति बहाल की गई।

> 'तोड़फोड़ के दौरान, कुछ बदमाशों ने पत्थरबाजी करके गड़बड़ी पैदा करने की कोशिश की। स्थिति को तुरंत नियंत्रित किया गया और कम से कम बल का इस्तेमाल करके सामान्य स्थिति बहाल की गई, यह सुनिश्चित किया गया कि स्थिति बिगड़े नहीं।'
> –मधुर वर्मा, ज्वाइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस, सेंट्रल रेंज

### गिरफ्तार हुए आरोपियों के नाम और पूरा मामला

पुलिस ने अतिक्रमण अभियान के दौरान बवाल करने के मामले में इलाके के रहने वाले काशिफ, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद अरीब, अदनान और समीर को गिरफ्तार किया है। बता दें कि मंगलवार और बुधवार की मध्य रात में दिल्ली के रामलीला मैदान इलाके में सैयद फैज इलाही मस्जिद और पास के कब्रिस्तान से सटी जमीन पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान भीड़ ने हिंसक रूप ले लिया। दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देशों के बाद दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकारी जब तोड़फोड़ करने पहुंचे, तो स्थानीय लोगों के एक समूह ने पत्थरबाजी की, जिसमें कम से कम पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे।

### उपद्रवियों ने पत्थरबाजी कर अशांति फैलाने का किया प्रयास

सेंट्रल रेंज के संयुक्त पुलिस आयुक्त मधुर वर्मा ने बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार, एमसीडी ने सात जनवरी को तड़के दिल्ली के रामलीला मैदान के पास तुर्कमान गेट स्थित फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाया। इस कार्रवाई के दौरान, कुछ उपद्रवियों ने पत्थरबाजी करके अशांति फैलाने का प्रयास किया। संयमित और न्यूनतम बल प्रयोग से स्थिति को तुरंत नियंत्रण में लाया गया और बिना किसी तनाव के सामान्य स्थिति बहाल की गई। ज्वाइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस, सेंट्रल रेंज, मधुर वर्मा ने कहा कि 'तोड़फोड़ के दौरान, कुछ बदमाशों ने पत्थरबाजी करके गड़बड़ी पैदा करने की कोशिश की।